4 | रायपुर संभाग
विकसित राज्य बनाने विभिन्न योजनाओं का किया जा रहा...

6 | अभिमत
भारत-बांग्लादेश संबंध सुधार के प्रयास जरूरी

09 | शिक्षा एवं स्वास्थ्य
बालको ने माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन अनुकूल स्कूल बनाने...

10 | छत्तीसगढ़
गौरीशंकर जुट मिल के द्वारा बारदानों की गुणवत्ता की...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित — हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 07 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-106 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### 'किसानों के लाड़ले' शिवराज : धनखड़



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को नया नाम 'किसानों के लाड़ले' दिया है। धनखड़ ने शुक्रवार को सदन में कहा, जिस आदमी की पहचान देश में लाड़ली बहनों के भैया के नाम से है, अब वह किसान का लाड़ला भाई भी होगा, मैं पूरी तरह आशावान हूं कि ऊर्जावान मंत्री अपने नाम 'शिवराज' के अनुरूप ये करके दिखाएंगे। आज से मैंने आपका नामकरण कर दिया- किसानों के लाड़ले। सभापति की यह टिप्पणी उस समय सामने आयी जब चौहान प्रश्नकाल के दौरान कृषि संबंधी सवालों का जवाब दे रहे थे।

### वकील मुकदमा जीतता है या सीखता है, हारता नहीं : अरुण साव



**मुंगेली।** उप मुख्यमंत्री तथा विधि एवं विधाई कार्य मंत्री अरुण साव मुंगेली में अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार अजगल्ले ने करही स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय में संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री साव ने मुंगेली जिला एवं सत्र न्यायालय में ई-लाइब्रेरी की घोषणा की। उन्होंने वहां सुविधाओं के विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने मुंगेली बार को आदर्श और सुविधाजनक बनाने के लिए भी प्रयास करने की बात कही। विधायक श्री पुन्नुराम मोहले भी समारोह में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा अधिवक्ताओं से बहुत गहरा नाता है। मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस बार का सदस्य रहा हूं।

### व्यवसायियों और प्रतिष्ठानों पर स्टेट जीएसटी की दबिश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री साय ने राज्य कर निरीक्षकों को शासकीय कार्य के दौरान व्यवसायियों द्वारा धमकाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए इस पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि राज्य कर जीएसटी विभाग द्वारा बोगस फर्मों, संदिग्ध फर्मों की पहचान के लिए रिस्क पैरामीटर के आधार पर ऐसे फर्मों की पहचान कर भौतिक सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। विभाग के निर्देश पर निरीक्षकों द्वारा रायपुर स्थित मेसर्स योगेश कमर्शियल, महेश कालोनी, गुढियारी के मुनीश कुमार शाह एव मेसर्स श्री जगन्नाथ कन्स्ट्रक्शन, दलदल सिवनी के राहुल शर्मा के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर व्यवसाय के भौतिक सत्यापन हेतु राज्य कर निरीक्षक रितु सोनकर और होमेश वर्मा को निर्देशित किया गया था। आदेश के परिपालन में कर निरीक्षक भौतिक सत्यापन करने गये थे, लेकिन उक्त दोनों व्यवसायियों के द्वारा निरीक्षकों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए धमकी दिया गया जिससे व्यवसाय के भौतिक सत्यापन के शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ।

# कांग्रेस की मांग सरकार इसी सत्र में लाए एमएसपी गारंटी कानून

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को किसानों से तत्काल वार्ता करनी चाहिए : सुरजेवाला

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार को आंदोलन कर रहे किसानों को बातचीत के लिए बुलना चाहिए और एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की उनकी मांग मानते हुए संसद के इसी सत्र में इससे संबंधित विधेयक लाकर उसे पारित कराना चाहिए। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी को किसानों से तत्काल वार्ता करनी चाहिए और उनकी मांग मानते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी को कानूनी जामा पहनाना चाहिए। यह किसानों की जायज मांग है और



मोदी ने उनसे यह वादा भी किया था। उन्होंने कहा, हमारी केंद्र सरकार से दो टूक माँग है कि वह किसानों पर दमनकारी रवैया छोड़कर उनके साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से बातचीत करें और अपने पुराने वायदे के मुताबिक़ फ़सलों की एमएसपी की क़ानूनी गारंटी समेत सभी मांगों को स्वीकार करके लागू करने की घोषणा संसद में करें। उनका कहना है कि किसान अपनी जायज मांगों के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं उन पर किया गया कोई भी दमन इस सरकार के लिए आखिरी कील साबित होगी। कांग्रेस नेता ने सरकार पर संसद में भी झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सदन में कहते हैं कि किसान को लाभ दिया जा रहा है और उसकी फसल पर्याप्त मात्रा में खरीदी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि एमएसपी पर फसल खरीदी जाती है जबकि सच्चाई इसके विपरीत है। संसद में कृषि मंत्री कहते हैं कि किसान को लागत से 100 से 200 प्रतिशत अधिक एमएसपी दिया जा रहा है लेकिन वास्तविकता यह है कि किसान को फ़सल की लागत भी नहीं दी जा रही। उन्होंने कहा, वक्त आ गया है कि प्रधानमंत्री खुद देश के किसानों को बुलाएं और एमएसपी की कानूनी गारंटी का विधेयक संसद के इसी सत्र में लेकर आएं। जान लें, सबकुछ इंतजार कर सकता है, खेती नहीं।




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर परिसर के महर्षि वाल्मीकि उत्सव मंडप में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य पवन नन्दन द्वारा कही जा रही श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। मुख्यमंत्री साय ने आचार्य पवन नन्दन से आशीर्वाद ग्रहण किया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्री राम मंदिर परिसर में 02 दिसंबर से 08 दिसंबर तक किया जा रहा है।

## विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री सोमवार को बंगलादेश जाएंगे



**नई दिल्ली।** बंगलादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के तख्तापलट होने के बाद दोनों देशों के बीच पहली बार हो रही विदेश कार्यालय स्तर की परामर्श बैठक में शामिल होने के लिये विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री सोमवार को ढाका जायेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बंगलादेश के साथ विदेश कार्यालय स्तर की परामर्श बैठक (एफओसी) पर विदेश सचिव नौ दिसंबर को ढाका जाने वाले हैं। यह बंगलादेश पक्ष के साथ हमारी संरचित बातचीत का हिस्सा है। विदेश सचिव की यात्रा में बंगलादेश के साथ बातचीत में भारतीय हितों एवं अपेक्षाओं के बारे में एक सवाल पर जायसवाल ने कहा, इस मुद्दे पर हम पहले भी बात कर चुके हैं। हम अपनी अपेक्षा को दोहराना चाहेंगे कि बंगलादेश में चल रही प्रासंगिक कानूनी प्रक्रियाओं को निष्पक्ष, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से क्रियान्वित किया जाये, जिससे संबंधित व्यक्तियों के कानूनी अधिकारों का पूरा सम्मान सुनिश्चित

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 85 नये केन्द्रीय विद्यालय और 28 नये नवोदय विद्यालय खोलने की मंजूरी दी

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



देश भर के अलग अलग जिलों में 85 नये केन्द्रीय विद्यालय और 28 नये नवोदय विद्यालय खोले जायेंगे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विन वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कर्नाटक के शिवमोगा जिले में मौजूदा केन्द्रीय विद्यालय का विस्तार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन सभी विद्यालयों को खोलने पर 8 हजार 232 करोड रूपये के खर्च का अनुमान है। केन्द्रीय विद्यालय योजना (केंद्रीय क्षेत्र योजना) के तहत सभी कक्षाओं में दो अतिरिक्त अनुभाग जोड़कर केंद्र सरकार के कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि की सुविधा प्रदान की जाएगी। केन्द्रीय विद्यालयों पर 5 हजार 872 करोड़ रूपये का खर्च आने का अनुमान है। इसमें पूंजीगत व्यय 2862.71 करोड़ रूपये और परिचालन व्यय 3009.37 करोड़ रूपये आयेगा। अभी देश और विदेश में 1256 केन्द्रीय विद्यालय हैं जिनमें से तीन मॉस्को, काठमांडू और तेहरान में हैं। इन विद्यालयों में कुल 13.56 लाख छात्र पढ़ रहे हैं। 28 नवोदय विद्यालय खोलने पर 2024-25 से 2028-29 तक पांच वर्षों की अवधि में 2359.82 करोड़ रूपये की लागत आने का अनुमान है। इसमें 1944 करोड़ रूपये का पूंजीगत व्यय और 415. 63 करोड रूपये परिचालन व्यय होगा। इन विद्यालयों से 15 हजार 680 छात्रों को लाभ पहुंचेगा और रोजगार के 1300 अवसर सृजित होंगे। अभी देश में 661 नवोदय विद्यालय हैं।

## राज्यसभा में मेरी सीट के नीचे नोटों की गड्डी होने की बात सुनकर हूं हैरान : सिंघवी

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने सफाई देते हुए कहा है कि उनकी सीट के नीचे नोटों की गड्डी मिलने की बात सुनकर वह हैरान है और ऐसी विपरीत स्थिति से निपटने के लिए सदस्य की सीट पर कांच का बाक्स लगाना चाहिए। सिंघवी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवालों पर कहा हर सीट पर कांच का बाक्स बना देना चाहिए जो पूरी तरह से सीट को घेर ले और मेम्बर उसे लॉक कर जाए और उसकी चाबी साथ लेकर जाए ताकि कोई व्यक्ति वहां आपत्तिजनक चीज नहीं रख सके। उन्होंने कहा मैं खुद इस खबर से हैरान हूं। यह गंभीर और हास्यास्पद दोनों ही तरह का मामला है। गुरुवार को मैं सिर्फतीन मिनट के लिए सदन में रहा। दोपहर 12 बजकर 57 मिनट पर सदन में दाखिल हुआ और एक बजे भोजनावकश हो गया। सिर्फ तीन मिनट सदन में रहा और फिर डेढ़ बजे तक सांसद अयोध्या प्रसाद रेड्डी के साथ संगम भोजनालय में भोजन किया और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट लौट आया। गौरतलब है कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में कहा मैं यह सूचित करना चाहता हूं कि कल सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद, जब नियमित जांच की गई, तो सुरक्षा अधिकारियों ने सीट संख्या 222 के नीचे नोटों की एक गड्डी मिली। यह मामला मेरे ध्यान में लाया गया और मैंने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि जांच कानूनी रूप से हो। नियमों के अनुरूप कार्वाई हो।

### 'बंगलादेश में हालात सुधारने के लिए निष्पक्ष, समावेशी चुनाव हों' : मानवाधिकार विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** देश के कूटनीतिक एवं मानवाधिकार विशेषज्ञों का मानना है कि बंगलादेश की स्थिति को नियंत्रित करने एवं अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को वहां अविलंब निष्पक्ष और सर्वसमावेशी चुनाव कराने का प्रयास करना चाहिए। दिल्ली सिविल सोसाइटी के तत्वावधान में बंगलादेश में भारत की उच्चायुक्त रहीं पूर्व राजनयिक वीणा सिकरी, खुफिया ब्यूरो के पूर्व निदेशक एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य राजीव जैन तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने यह विचार व्यक्त किया।

## कन्नौज में डबल डेकर बस ट्रक से टकराई, 8 की मौत, 40 घायल

एजेंसी < कन्नौज
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में कन्नौज जिले के सकरावा क्षेत्र में डबल डेकर बस की खड़े ट्रक से भिड़ंत के बाद पलटने से उसमे सवार आठ यात्रियों की मृत्यु हो गयी जबकि 40 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर किलोमीटर संख्या-141 के पास हुये इस हादसे में कई सवारियां बस के नीचे दब गईं जिन्हे सुरक्षा बलों ने स्थानीय ग्रामीणों की




मदद से निकाला। मौके पर बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया। टक्कर इतनी तेज थी कि धमाके के साथ ट्रक और बस पलट गए। उन्होने बताया कि बस लखनऊ से दिल्ली जा रही थी। जब ये हादसा हुआ तब, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला एक्सप्रेस-वे से गुजर रहा था। हादसा देखकर वो मौके पर रुक गए और पुलिसकर्मियों को जल्द घायलों को अस्पताल पहुंचाने को कहा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि रास्ते में एक वाटर टैंकर खड़ा था जो प्लांट में पानी डाल रहा था। बस ने आकर टैंकर को हिट किया। हादसे में घायल लोगों को मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए भेजा गया है। आठ की मौत हुई है जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

## केंद्र ने रिठाला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर को दी मंजूरी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 6,230 करोड़ रुपये की लागत से दिल्ली के रिठाला को हरियाणा के कुंडली से जोड़ने वाली मेट्रो रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण की परियोजना के रिठाला-नरेला-नाथूपुर (कुंडली) कॉरिडोर को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह कॉरिडोर 26.463 किलोमीटर लम्बा होगा। इससे राष्ट्रीय राजधानी और पड़ोसी राज्य हरियाणा के बीच संपर्क और बेहतर होगा। कॉरिडोर को चार वर्ष में पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परियोजना की पूर्ण लागत 6,230 करोड़ रुपये है और इसे दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) पूरा करेगी। परियोजना की लागत केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार आधा-आधा वहन करेंगी। यह मेट्रो रेड लाइन वर्तमान में शहीद स्थल (नया बस अड्डा) - रिठाला कॉरिडोर का विस्तार होगी और इससे राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पश्चिमी इलाकों जैसे नरेला, बवाना, रोहिणी के कुछ हिस्सों आदि में कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने मिशेल की याचिका पर सीबीआई को किया जवाब तलब

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर कथित घोटाला मामले में दिसंबर 2018 से न्यायिक हिरासत में यहां जेल में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिस्टीना मिशेल की जमानत याचिका पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से चार सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने मिशेल की अपील पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को जवाब देने का आदेश पारित किया। दिल्ली उच्च न्यायालय से 25 सितंबर को अपनी जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद उसने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। उसने अधिवक्ता अल्जो के. जोसेफ के माध्यम से यह अपील दायर की। इससे पहले एक निचली (दिल्ली की) ने हिरासत से रिहाई की मांग करने वाली उसकी इसी तरह की याचिका खारिज कर दी थी। मिशेल को दिसंबर 2018 में भारत प्रत्यर्पित किया गया था और तब से वह न्यायिक हिरासत में है। गौरतलब है कि शीर्ष न्यायालय ने फरवरी 2023 और इस साल मार्च में उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मिशेल पर भारत सरकार द्वारा वीवीआईपी हेलिकॉप्टरों की खरीद से संबंधित अनियमितता मामले में शामिल होने के आरोप हैं। उस पर हेलिकॉप्टरों की खरीददारी से प्राप्त 42.27 मिलियन यूरो की अवैध कमीशन को वैध बनाने के लिए अगस्ता वेस्टलैंड के साथ कई अनुबंध करने के आरोप हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई का अनुमान है कि रिश्वत की ये राशि 3.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर थी, जिसे ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात के बैंक खातों के माध्यम से स्थानांतरित की गई थी।

### 43.10 करोड़ रुपए की लागत के 37 कार्यों का हुआ भूमिपूजन एवं लोकार्पण

## विष्णु के सुशासन और मोदी की गारंटी में प्रदेश में हो रहा है लगातार विकास कार्य : श्याम बिहारी

पायनियर संवाददाता < मरवाही
www.dailypioneer.com

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जीपीएम जिले को 43 करोड़ 10 लाख 14 हजार रुपए की लागत के 37 विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यों की सौगात दी । इनमें भूमि पूजन के 32 करोड़ 38 लाख 10 हजार रुपए की लागत के 30 कार्य और 10 करोड़ 72 लाख 04 हजार रुपए की लागत के 7 लोकार्पण कार्य शामिल है। मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत तेंदूमूड़ा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में प्रभारी मंत्री एवं अतिथियों ने पूजा अर्चना के साथ विधिवत् भूमि पूजन किया। इस मौके पर



मंत्री जायसवाल ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रहा है कि आने वाले 13 दिसम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का एक साल पूरा हो रहा है। इस अल्प अवधि के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ने केबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख आवासहीन परिवारों को आवास दिया। उन्होंने किसानों को दो साल का बकाया बोनस, 3100 रूपए क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी, महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक महिलाओं को हर महिने एक-एक हजार रूपए देने, तेंदुपत्ता प्रति मानक बोरा 5500 रूपए करने, पीएससी घोटाले की निष्पक्ष जांच एवं पारदर्शी भर्ती, रोजगार के क्षेत्र में विशेष पहल, आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रूपए तक मुफ्त इलाज सहित सरकार की पिछले एक साल की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जीरो टारलेंस की सरकार चला रहे हैं। जिले के प्रभारी मंत्री जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करना मेरा पहला दायित्व है।

## नीतिगत दरें 11वीं बार यथावत, सीआरआर में कमी से तंत्र में 1.16 लाख करोड़

वार्ता < मुम्बई
www.dailypioneer.com

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में आयी शिथिलता और खुदरा महंगाई में हाल की तेजी पर कड़ी नजर रखते भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार 11वीं बार नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर को यथावत रखने का फैसला किया जिससे ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी है। हालांकि नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को 0.5 प्रतिशत कम करके 4 प्रतिशत कर दिया है जिससे बैंकिंग तंत्र में 1.16 लाख करोड़ रुपये आ गया है। मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार



छह बार की वृद्धि के बाद पिछले वर्ष अप्रैल में दर वृद्धि चक्र को रोक दिया गया और यह अभी भी इसी स्तर पर है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद चालू वित्त वर्ष की पांचवी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि एमपीसी ने मौद्रिक नीति को यथावत बनाए रखने का फैसला किया है। समिति के छह में से चार सदस्यों ने इस निर्णय का समर्थन किया है। इसके मद्देनजर रेपो दर के साथ ही सभी प्रमुख नीतिगत दरें यथावत हैं और मौद्रिक नीति के रूख को न्यूट्रल रखने का निर्णय लिया गया है। समिति के इस निर्णय के बाद फ्लिहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है जबकि नकद आरक्षित अनुपात को 4.5 प्रतिशत से कम कर 4.0 प्रतिशत कर दिया गया है इससे बैंकिंग तंत्र में 1.16 लाख करोड़ रुपये आ गये हैं।

# संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक के लिए जोश और उत्साह के साथ खिलाड़ी तैयार

## जिले से 368 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का करेंगे प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर संभाग के युवाओं के खेल प्रतिभा को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से न केवल यहां के खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के लिए नया मंच मिल रहा है बल्कि यहां के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के नए अवसर भी मिला है। इसके अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता 20 से 24 नवंबर तक भव्य आयोजन हुआ, जिसमें जिले के सभी विकासखण्ड से लगभग 2000 खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। जिला स्तरीय आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ी अब संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में अपनी खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। जिले के खिलाड़ियों में संभाग स्तर पर खेलने के लिए जोश एवं उत्साह साफ दिखाई दे रहा है और इसके लिए खिलाड़ी अपने स्तर पर तैयारियों में जुट गये हैं। कोण्डागांव जिले से विभिन्न खेलों में 368 खिलाड़ी भाग लेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के व्हॉलीबॉल खेल में कोंडागांव विकासखण्ड के विजेता खिलाड़ियों ने बस्तर ओलंपिक के संभाग स्तरीय आयोजन में भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। कोंडागांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम गोलावंड के रहने वाले व्हालीबॉल टीम ने भी जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक में टीम भावना के साथ खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीत हासिल किया है। उनकी टीम के सभी सदस्य एक ही गांव के रहने वाले हैं, व्हालीबॉल खेल के प्रति ग्रामीण युवाओं के इसी जुनून के कारण उन्होंने टीम बनाकर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। अब टीम के सभी सदस्य संभाग स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा को दिखाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

### गोलावंड के युवा व्हॉलीबॉल में बना रहे नई पहचान

गोलावंड के युवा वॉलीबॉल खेल में अपनी नई पहचान बना रहे हैं। युवाओं का सपना है कि, वॉलीबॉल खेल के क्षेत्र में अपने कौशल का प्रदर्शन कर जिले और राज्य का नाम रोशन करें। उनके सपने को साकार करने की दिशा में बस्तर ओलम्पिक एक नई उम्मीद बनी है। टीम के कप्तान अलेख कोर्राम ने बताया कि, वे कक्षा 10वीं के छात्र हैं और कक्षा 9 से विद्यालयीन खेलों में भाग लेते आ रहे हैं। उनके परिवार में शुरू से ही खेल का माहौल रहा हैं और इसी माहौल में पले-बढ़े हैं। उनके पिता पीलाराम कोर्राम भी अपने समय में एक अच्छे खिलाड़ी रह चुके हैं और जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता भी रहे चुके हैं। साथ ही उनकी माता सुनीता कोर्राम भी खिलाड़ी रह चुकी हैं। इसके अलावा उनका बड़ा भाई मनमोहन भी व्हॉलीबाल के खिलाड़ी हैं। इस तरह बचपन से ही खेल के प्रति लगाव रहा है। उन्होंने बताया कि, पहली बार उन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिला है। अलेख ने उम्मीद जतायी कि, अपनी टीम के साथ संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन करेंगे। विशाल कोर्राम भी 10वीं के छात्र हैं और कक्षा 7 वीं से स्कूल के प्रतियोगिताओं में भाग लेते आ रहे हैं। उनके परिवार में माता-पिता और चार भाई हैं। बस्तर ओलंपिक में उन्हें विकासखण्ड के साथ जिला स्तर पर स्तर पर पहली बार खेलने का मौका मिला है और उनकी टीम विजय हुई हैं। इसी प्रकार जशवंत कोर्राम ने बताया कि, वे कक्षा 11वीं के छात्र हैं। बस्तर ओलंपिक के माध्यम से उन्हें पहली बार जिला स्तर के आयोजन में खेलने का मौका मिला है। उन्होंने बताया कि, बस्तर ओलंपिक के आयोजन से उन्हें अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए अच्छा मंच मिला है। टीम में युशांत सेठिया, यशवंत सेठिया, विशाल कोर्राम और अभिजित कोर्राम सहित गांव के अन्य युवा शामिल है। पढ़ाई के साथ खेल के प्रति समर्पण और जुनून ने आज ग्रामीण युवाओं को इस मुकाम तक पहुंचाया है।

### युवाओं के हुनर को नया मंच देता बस्तर ओलम्पिक

बस्तर क्षेत्र में लंबे समय से माओवाद ने विकास को बाधित किया था। युवा वर्ग जो कभी माओवाद के प्रभाव से मुख्य धारा से जुड़ नहीं पाए थे वे अब बस्तर ओलम्पिक के माध्यम से खेलों की ओर रुख कर रहे हैं। साथ ही ऐसे कई युवा हैं जो सेना में शामिल हो कर देश की रक्षा करने की सोच रखते हैं उनके सपनों में बस्तर ओलम्पिक ने पंख लगा दिए हैं। आज क्षेत्र के युवाओं ने खेलों में भागीदारी के माध्यम से न केवल अपनी क्षमताओं को पहचाना है, बल्कि अपने गांव, जिला और राज्य का नाम रोशन करने की ओर कदम बढ़ाया है। ऐसे में बस्तर ओलम्पिक का आयोजन ऐसे युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह न केवल राज्य के पारंपरिक खेलों को सहेजने और संवारने का माध्यम बना है, बल्कि युवाओं के भविष्य को गढ़ने में मददगार हो रहा है।

# जिस गांव में सरकार की योजना नही पहुंच पाती उस गांव में एसएसबी की टीम कर रही कमाल





पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के जीवन को बेहतरीन बनाने के लिए एसएसबी यानी सशस्त्र सीमा बल ने कई प्रयास किया और वह आज सफल होते हुए दिख रहा है। एसएसबी के आने के बाद से ग्रामीण क्षेत्र में बहुत कुछ बदलाव देखने को मिल रहा है। गांव कभी अंधेरा हुआ करता था वहा अब सोलर लाइट से जगमग हो उठा है। गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा कापी पुस्तक बैग तो दिया ही परिवार को भी कई जरूरत के सामग्री देकर उनका सहयोग किया जिसे ग्रामीण कभी नही भूलेंगे। ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए मधुमक्खी पालन और कड़कनाथ मुर्गी पालन के लिए किट और मुर्गी प्रदान किया है उन्नत कृषि के लिए बीज भी बांटे गए हैं। आपको बता दें रावघाट रेल्वे लाईन की सुरक्षा के लिए तैनात एसएसबी की बटालियन ने क्षेत्र के लिए कई उल्लेखनीय कार्य किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के साथ ही रोजगार देने का कार्य किया है वहीं शिविक एक्शन कार्यक्रम से कई गंभीर बीमारियों का ईलाज भी कराया है। सुरक्षा कर रहे एसएसबी के जवान सभी आयु वर्ग के लोगों बच्चों, युवाओं और बुजुर्गो को किसी भी समय कैंप पर आकर स्वास्थ्य सुविधाओं के अलावा उन्हें उपयोग करने की सुविधाए प्रदान कर रहे हैं। रोजगार सृजन के साथ रोजगार क्षमता में सुधार की प्राथमिकता भी दिया जा रहा है। भानुप्रतापपुर केवटी में स्थित 33 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के वाहिनी अधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा एसएसबी में हमारा आदर्श वाक्य सेवा, सुरक्षा,बंधुत्व है। उन्होंने कहा केन्द्र और राज्य सरकार की योजना अगर जिस गांव में ना पहुंच पाई होती है तो सशस्त्र सीमा बल केवटी की टीम वहां काम करती है।एसएसबी द्वारा पाठशाला के माध्यम से गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा दिया गया उन्हें जूते बैग कापी पुस्तक दिया गया है। कंप्यूटर ट्रेनिंग और आईटीआई जो अब तक सबसे बड़ी योजन है जिसमे करीब 21 लाख रूपए खर्च हुआ है। उन्होंने बताया ज्ञान केंद्र कांकेर के सहयोग से आईटीआई कराया गया है।किसानों को कृषि यंत्र गांव में सोलर लाइट पानी की टंकियां लगाई है। खेल के लिए यूनिफॉर्म और खेल सामग्री प्रदाय किया गया है। एवं कई प्रकार के खेल प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा महिलाओं को सिलाई मशीन साथ ही रोजगार के लिए मधुमक्खी पालन की ट्रेनिंग देकर किट प्रदान किया गया।कड़कनाथ मुर्गी पालन के लिए भी उन्हें मुर्गियां दी गई है। ऐसे कई जनहित के कार्य किया जा रहा है। ताड़ोकी क्षेत्र के कई गांव नक्सल प्रभावित गांव रहा है। नक्सलियों की इस क्षेत्र के गांव में दहशत बनी रहती थी दहशत के बीच लोगों की जिंदगी कट रही थी। इसी बीच रेलवे को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एसएसबी के जवानों को तैनात किया गया है। वहीं अब धीरे धीरे नक्सली घटनाओं में भी कमी आने लगी है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा महिलाओं को दी गई कानूनी जानकारी



पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन में व गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में शिवि डेवलपमेंट सोसाइटी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को विधिक जानकारी। सुरेन्द्र भटट् प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंधन कार्यालय कोंडागांव ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में महत्वपूर्ण विधिक जानकारी दी गई, यह जानकारी महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और कानूनी मदद प्राप्त करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से दी गई। सुरेन्द्र भटट ने कहा कि, महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। हमारे समाज में कानून ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए है। उन्हें इन कानूनों का ज्ञान होना चाहिए, ताकि वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें इसी संबंध में घरेलु हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज प्रथा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न के खिलाफ कानूनी सुरक्षा तथा मुफ्त कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में कोतवाली थाना कोंडागांव के थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय, प्रोग्रामर ऑफिसर शफीना शेख, कार्यक्रम अधिकारी ईश्वर पटेल, उपसरपंच लोकनाथ मंडावी, पुष्पांजली अहिरे, महिला संरक्षण अधिकारी सुमित्रा कोर्राम, स्वीटी दास, एवं अधिकार मित्र विवेक कश्यप व महिलाएं मौजूद रहीं।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों को मिल रही राहत

## माईक्रो एटीएम से भुगतान हुआ आसान, इलेक्ट्रॉनिक तौल से आई पारदर्शिता




पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन का कार्य लगातार जारी है। धान की तौल में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक तौल का इस्तेमाल हो रहा है, जिससे तौल में गड़बड़ी की शिकायतें समाप्त हो गई हैं। इस बार किसानों को नगद भुगतान की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। माइक्रो एटीएम के माध्यम से किसान 10,000 रुपए तक का नगद राशि निकाल सकते हैं, जिससे उन्हें सहकारी बैंक के बाहर लंबी लाइनों से छुटकारा मिला है। इसके साथ ही बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी केन्द्रों की धान उपार्जन की व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जा रही है, किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कोंडागांव जिले में 67 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए जिले में 55650 किसान पंजीकृत हैं, जिनका कुल 80799 हेक्टेयर रकबा है। अब तक 7983 किसान अपना धान बेच चुके हैं, जिससे 64814 क्विंटल धान की आवक हुई है। धान बेचने के एवज में किसानों के खाते में अब तक लगभग 149 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

### इलेक्ट्रॉनिक तौल की व्यवस्था से आई पारदर्शिता

जिले के किसानों ने उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं को लेकर संतोष व्यक्त किया है। किसानों का कहना है कि नगद भुगतान की सुविधा और इलेक्ट्रॉनिक तौल प्रणाली ने धान बेचने की प्रि या को सुगम और पारदर्शी बनाया है। मसोरा बेड़ापार निवासी भीमसेन मरकाम ने बताया कि सरकार द्वारा अभी किसानों का धान 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी की जा रही है। माइक्रो एटीएम से तुरंत नगद राशि भी मिल रहा है यह व्यवस्था काफी अच्छा है। किसान राजकुमार सोरी ने बताया कि, उनका पंजीकृत रखबा 5 एकड़ 95 डिसमिल है। उन्होंने बताया कि, अभी आधे का टोकन कटवाया है, जिसमें 50 क्विंटल धान खरीदी में बेचा है। यहां धान खरीदी केंद्र में काफी अच्छा व्यवस्था है, जिससे हम किसानों को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा है। यहां इलेक्ट्रॉनिक तौल धान खरीदी स्पष्ट और हमारे आंखों के सामने होता है। इलेक्ट्रॉनिक तौल से धान खरीदी जल्दी हो जाता है, वहीं माइक्रो एटीएम से तत्काल भुगतान की भी व्यवस्था है।

### माइक्रो एटीएम से 10 हजार तक की राशि का भुगतान तत्काल

ग्राम मसोरा निवासी सुनील कुमार मरकाम ने बताया कि वे अपना धान बेचने धान खरीदी केन्द्र मसोरा में लाए हैं। इस दौरान धान खरीदी केन्द्र के कर्मचारियों का सभी प्रकार का पूर्ण सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि, इलेक्ट्रॉनिक तौल से धान खरीदी आसान और स्पष्ट हो गया है, जिससे धान खरीदी जल्द हो जाता है। सरकार अब माइ ो एटीएम की व्यवस्था कर दी है जिससे किसान जरूरत के अनुसार 10 हजार रुपए तक की राशि की निकासी भी यहीं से कर सकता है। इस व्यवस्था से किसानों को अपने पैसे की निकासी में काफी राहत मिल रहा है।

# स्कूल में न्योता भोज,बच्चों की थाली में परोसा गया स्वादिष्ट भोजन



पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

### चैतूराम आचला ने अपने जन्मदिन के अवसर न्यौता भोजन कराया

भारतीय जनता पार्टी आदिवासी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष चैतू राम आचला ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रा, शाला एवं मा, शाला ईरागांव के बच्चों को खीर पूड़ी दाल चावल खिलाकर न्यौता भोजन कराया।

केवटी स्कूल में बच्चों को न्यौता भोज का आयोजन किया गया। ग्राम पंचयात केवटी के सरपंच सुरजो बाई दुग्गा के सहयोग से बच्चों को खीर,पूड़ी,सब्जी मटर पनीर,दाल,सलाद,पापड़ वितरण किया गया। ग्रामीण कपूर दुग्गा रोहित केमरो उप सरपंच, सगाबती धनकर वार्ड पंच शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष झमित सलाम ,सदस्य चित्रेखा मर्रापी ,संस्था प्रमुख थानेश्वरी साहू, सहायक शिक्षक कमलनारायण कोमरे,संकुल समन्वयक प्रीतम उयके इस कार्यक्रम के सहयोगी बने उन्होंने बताया प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ में न्यौता भोज के नाम से लागू किया गया हैं। इसमें कोई भी इच्छुक दानदाता अपनी ओर से बच्चों को मध्यान्ह भोजन के समय इस तरह से पूरक आहार के रूप में पौष्टिक भोजन प्रदान कर सकते हैं।

# बाड़ी छुपाकर रखा गया था अवैध शराब, आरोपी किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ हैं कि, अवैध रूप से शराब रखने वाले व्यक्ति के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्रवाई करें। 5 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि, ग्राम करंदी में बाड़ी पैरा में एक व्यक्ति अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रखे हैं कि, सूचना पर हमर स्टाफ के मुखबिर द्वारा बताए स्थान के पास में जाकर घेराबंदी कर घर बाड़ी में 1 पेटी हंटर बियर ओर 1 पेटी बड़वाइजर बीयर शराब के साथ व्यक्ति को पकड़े जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम प्रताप बघेल ग्राम कारंडी थाना अनंतपुर का रहने वाला बताया आरोपी के कब्जे घर बाड़ी पैरा में से 2 पेटी कुल 24 नग अंग्रेजी शराब बियर 650 एम एल भरा हुआ कुल जुमला 15 लीटर 600 एम एल कीम करीबन 4080 रुपए बरामद हुआ को गवाह के समक्ष जप्त कर मामला धारा 34 (2) आबकारी एक्ट अधिनियम का अपराध घटित पाए जाने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

07 Dec. 2024 Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# विकसित राज्य बनाने विभिन्न योजनाओं का किया जा रहा क्रियान्वयन : राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा

## बुडगहन में नवनिर्मित महतारी सदन,पानी टंकी और राशन दुकान का हुआ लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने बालौदाबाज़ार जिले के ग्राम पंचायत बुडगहन में नवनिर्मित महतारी सदन,पानी टंकी और राशन दुकान का लोकार्पण किया।पहले किश्त में बालौदाबाज़ार विधानसभा के 40 ग्रामों में महतारी सदन निर्माण का कार्य तेजी से हो रहा है। इसी तरह क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण के अलावा शौचालय, पानी और बिजली की समुचित व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका तथा मितानिनों का सम्मान किया। कार्यक्रम में मंत्री वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन सरकार द्वारा किया जा रहा है। पिछले एक वर्ष में विभिन्न निर्माण कार्यो के साथ-साथ बस्तर में शांति स्थापित करने नक्सल उन्मूलन में तेजी से कार्य किया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक के विभिन्न खेलों में बस्तर संभाग के 1 लाख 65 हज़ार युवक-युवतियां हिस्सा ले रहे है। बस्तर ओलंपिक देश मे अपनी तरह का बहुत बड़ा खेल आयोजन है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से व्यक्ति को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है,जिससे व्यक्ति की छिपी प्रतिभा का ज्ञान लोगो को होता है। मंत्री वर्मा ने कहा कि हमे परस्पर सहयोग और समन्वय के साथ विकास कार्यो में सहभागी बनकर ग्राम के विकास में भागीदारी अदा करना चाहिए,जिससे ग्राम को आदर्श ग्राम के रूप में स्थापित कर सके। इस अवसर पर जिला पंचायत बलौदाबाज़ार भाटापारा के अध्यक्ष राकेश वर्मा,सदस्यमती अदिति बघमार,जनपद सदस्यमती उमा अनंत,सरपंचमती मानेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में मनाया गया विश्व दिव्यांगता दिवस

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



शासकीय मिनीमता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 2 से 3 दिसम्बर तक विश्व विकलांगता दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम दिव्यांग व्यक्तियों के संघर्षो और उपलब्धियों को सम्मानित करने के साथ-साथ उनके प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।कार्यक्रम महाविद्यालय के छात्राओं के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और दिव्यांगता से संबंधित विषयों को समझने का एक अनूठा अवसर रहा। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार-5000, द्वितीय-3000, तृतीय-2000 तथा भाषण में प्रथम पुरस्कार-2000, द्वितीय-1000 व तृतीय पुरस्कार-500 रखा गया था। आनंद हास्पिटल द्वारा दो दिवसीय हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे सभी छात्राओं का मुफ्त में हेल्थ जांच किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ आनंद बहादुर,विशिष्ट अतिथि शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ए.आर.सी. जैम्स,सहा. प्राध्यापक डॉ. कल्पना उपाध्याय,डॉ. सुनीता त्यागी सहित महाविद्यालय केसमस्त अधिकारी,छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस समारोह की तैयारी का कलेक्टर ने लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ∢ लवन
www.dailypioneer.com

शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर 8 से 10 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने कलेक्टर दीपक सोनी गुरुवार को वीरभूमि सोनाखान पहुँचे। उन्होने कार्यक्रम क़ी तैयारी अंतर्गत हेलीपेड़,मुख्य मंच, पंडाल, एवं शहीद स्मारक स्थल की सभी तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए स्थल एवं कलाकारो का चयन, विभागीय स्टॉल लगाने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बाहर से आने वाले सामाजिकजनों के ठरने एवं भोजन क़ी व्यवस्था के निर्देश दिए। कहा कि स्टॉल में विभागीय योजनाओं के प्रचार -प्रसार के साथ ही लोगों के समस्याओं से सम्बंधित आवेदन लेकर निराकरण भी करें। उन्होंने सफल कार्यक्रम आयोजन हेतु सामाजिकजनों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को बेहतर समन्वय बनाकर प्रशासन का सहयोग करने कहा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के गौरव के रूप में शहादत दिवस पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सोनाखान में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुदिव्या अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, एसडीएम आर. आर. दुबे, शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र दीवान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

# अयोध्या में धर्मशाला निर्माण हेतु रामअवतार देवांगन ने 50 लाख रू. का किया योगदान

## धर्मशाला के संचालन और सेवा में अपना जीवन समर्पित करने का लिया संकल्प

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के भाटागांव निवासी राम अवतार देवांगन सुपुत्र महेशराम देवांगन ने समाज के प्रति अपनी असीम श्रद्धा और समर्पण से प्रेरित होकर अयोध्या में देवांगन समाज के लिए एक भव्य धर्मशाला का निर्माण करवा रहे हैं। इस धर्मशाला का उद्देश्य श्रद्धालुओं और समाज के लोगों को उचित आवास और सुविधाएं प्रदान करना है। जानकारी के अनुसार यह धर्मशाला समाज के लिए एक जीवनभर सेवा का केंद्र बनेगी। इसके निर्माण का अनुमानित बजट 5 करोड़ रुपये रखा गया है। इसमें श्रद्धालुओं को न्यूनतम शुल्क पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जैसे शुद्ध जल, भोजन, आवास, और अन्य धार्मिक सेवाएं। राम अवतार देवांगन ने इस पवित्र कार्य के लिए स्वयं 50 लाख रुपये का योगदान किया है और उन्होंने इस धर्मशाला के संचालन और सेवा में अपना जीवन समर्पित करने का संकल्प लिया है। योगदान करें और पुण्य कार्य में भागीदार बनें-राम अवतार देवांगन ने छत्तीसगढ़ के सभी देवांगन समाज बंधुओं से विनम्र अपील की है कि वे इस पुण्य कार्य में अपना योगदान देकर इसे सफल बनाएं। उन्होंने समाज के सभी सदस्य से आग्रह किया है कि वे इस पवित्र कार्य में सहभागी बनने के लिए अपने क्षेत्र के सभी समाजजनों को प्रेरित करें। समाज की सेवा ही परम धर्म है- इस विचारधारा के तहत राम अवतार देवांगन का उद्देश्य है कि यह धर्मशाला न केवल धार्मिक केंद्र के रूप में कार्य करे, बल्कि यह समाज के हर वर्ग के लिए एक सहारा बने, विशेष रूप से उन श्रद्धालुओं के लिए जो अयोध्या आने में सक्षम नहीं होते। सभी इच्छुक लोग या समाजजन इस पुण्य कार्य में अपना योगदान देने के लिए राम अवतार देवांगन के मोबाइल नंबर 9826145678, 9522100088 में संपर्क कर सकते हैं।

# समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन

## सार्थक स्कूल का छात्र सत्यांशु दीप सम्मानित

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com




समाज कल्याण विभाग धमतरी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर खेलकूद, सांस्कृतिक तथा विविध क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले दिव्यांगजनों के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें मानसिक दिव्यांग केटेगरी के अंतर्गत सार्थक के 14 छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नींबू चम्मच दौड़ में प्रथम पतरस बाघमारे, बुक बैलेंसिंग में प्रथम बेबी ध्रुव, द्वितीय समीक्षा ध्रुव, जलेबी दौड़ बालक वर्ग में प्रथम एकलव्य पटेल, द्वितीय विनीत बघेल, जलेबी दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम दिशा गौतम, द्वितीय प्रीति साहू, इसी तरह एकल नृत्य में भूपेंद्र साहू और प्राची सोनी ने अपने.अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 12 से 16 वर्ष के बहुविकलांग बच्चों में रंगोली प्रतियोगिता में श्वेता मसीह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समाज कल्याण विभाग के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में बच्चों ने समूह नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी जिसमें करण नामदेव, विनीत बघेल, प्राची सोनी, एकलव्य पटेल, दिशा गौतम, प्रीति साहू ने जन्मदिन के थीम पर मनमोहक प्रस्तुति से सभी दर्शकों का मन मोह लिया और दर्शकों ने तालियों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को मैडल एवं उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। दिव्यांगजनों के सम्मान कार्यक्रम में सार्थक स्कूल के बहुमुखी प्रतिभा के धनी छात्र सत्यांशु दीप को मैडल एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। सार्थक की अध्यक्ष डॉ सरिता दोशी ने जानकारी दी कि स्पेशल ओलंपिक भारत के बैनर तले बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए बनाई गई छत्तीसगढ़ की टीम में सार्थक के सत्यांशु को भी शामिल किया गया है। बेहतर प्रदर्शन के चलते छत्तीसगढ़ की बास्केटबॉल टीम में सत्यांशु को रखा गया और उसने टीम में गांधीनगर, पॉन्डिचेरी जाकर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। साथ ही एथलेटिक्स, गोला फेंक, बॉल थ्रो और साइक्लिंग में सत्यांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगीत वाद्ययंत्र कांगो और ड्रम बजाने में भी वह बहुत माहिर हैं और उसने ड्राइंग, पेटिंग और अन्य खेलों में भी कई मैडल एवं सर्टिफिकेट हासिल किए हैं। श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कृत होने पर सार्थक सचिव स्नेहा राठौड़, प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, देविका दीवान, स्वीटी सोनी, काजल रजक, सुनैना गोड़े ने समाज कल्याण विभाग धमतरी का आभार व्यक्त करते हुए सभी सहभागी बच्चों और सत्यांशु को बधाई प्रेषित की।



**धमतरी।** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, दिल्ली प्रवास के दौरान कानून एवं न्याय मंत्री, केंद्रीय संस्कृति तथा संसदीय कार्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से सौजन्य भेंट किये।

# लखन, इंद्रजीत साहू बने तेलिनसत्ती बूथ के अध्यक्ष, चुनाव प्रभारी डीपेन्द्र साहू रहे



पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी भाजपा जिला धमतरी के आमदी मंडल अंतर्गत शक्ति केंद्र अर्जुनी के ग्राम तेलीनसत्ती में बूथ अध्यक्ष और बूथ समिति का गठन शक्ति केंद्र संगठन चुनाव प्रभारी डीपेन्द्र साहू की मुख्य उपस्थित में किया गया जिसमें बूथ क्रमांक 66 में लखन साहू व बूथ क्रमांक 67 में इंद्रजीत साहू को सर्वसम्मति से सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बूथ अध्यक्ष चुना गया। शक्ति केंद्र संगठन चुनाव प्रभारी डीपेंद साहू ने कहा कि भाजपा की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं का चयन और प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। साहू ने आगे कहा कि बूथ अध्यक्ष और बूथ समिति के सदस्यों को अपने क्षेत्र में भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रचारित करने और लोगों को जागरूक करने का काम करना होगा। उपस्थित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बूथ अध्यक्ष और बूथ समिति के सदस्यों को बधाई दी और उन्हें अपने कार्यों में सफलता की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य रूप से खम्हन लाल साहू, कृष्णा आठनगर, राधेश्याम ध्रुव, राकेश सिन्हा, भूपेश सिन्हा, नंदकुमार साहू, सुंदरलाल मरकाम, खोमन सिन्हा, लखन साहू, इंद्रजीत साहू, खिम्मन साहू, भीमन सिन्हा, योगेश्वर सिन्हा, ओमप्रकाश साहू, शिवराम सिन्हा, संतराम सिन्हा, सत्यम सिन्हा, पिंटू साहू, सूरज सिन्हा, ईश्वर, हितेश ध्रुव, अवध यादव, एनकुमार ध्रुव, ज्ञानिक राम ध्रुव उपस्थित रहे।

# जिले भर के राईस मिलर्स 9 को देंगे धरना

**धमतरी ।** जिला धमतरी राईस मिल एसोसिएशन धमतरी द्वारा संयुक्त निर्णय लिया गया है कि पूर्व वर्षो का लंबित भुगतान एवं खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 कस्टम मीलिंग कार्य के अनुबंध की विसंगतियों के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 9 दिसम्बर को कार्यालय जिला विपणन अधिकारी धमतरी के समक्ष सुबह 10.30 बजे किया जायेगा। ज्ञात हो कि मिलरों ने निर्णय किया है कि जब तक पूर्व वर्षो का लंबित भुगतान नहीं होगा। पंजीयन करते हुए, अनुबंध व उठाव नहीं करेंगे। राईस मिल एसोसिएशन के महासंरक्षक राजेन्द्र लुंकड़, संरक्षक अखिलेश खण्डेलवाल, जिला राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, उसना राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन सांखला, अरवा राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश गोलछा, राईस मिल एसोसिएशन कुरुद के अध्यक्ष हितेन्द्र केला, राईस मिल एसोसिएशन नगरी के अध्यक्ष नेहा बोहरा ने जिले के समस्त राईस मिलरों से धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है। उक्त जानकारी जिला राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल चन्द्राकार ने दी।

# विधायक ने सुदूर बलौदा में लगाया जन चौपाल,क्षेत्रवासियों की समस्याओं से हुईं रूबरू



पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली अंचल के दूरस्थ क्षेत्र बलौदा में विधायक चातुरी नंद ने जन चौपाल लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में बलौदा की चंचला विश्वकर्मा, लता यादव, सुनीता यादव समेत दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने पीएम आवास योजना के तहत आवास दिलाए जाने की मांग की। विधायक नंद ने आवास योजना का लाभ दिलाने पंचायत सचिव समेत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बलौदा की ही पूर्णमासी सिदार ने पीएम आवास योजना के लंबित लेबर पेमेंट की राशि का भुगतान करने का निवेदन विधायक नंद से की जिस पर विधायक ने जनपद सीईओ जल्द बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिए। नवीन राशन कार्ड बनाने की फ़रियद लेकर बलौदा की रूखमणी भोई पहुंची जिसकी जानकारी सचिव से विधायक नंद ने ली, सचिव ने नवीन राशनकार्ड से संबंधित 75 आवेदन पेंडिंग होने की जानकारी दी जिस पर विधायक नंद ने सीईओ जनपद पंचायत को जल्द राशन कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जन चौपाल में विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्रवासी विधायक चातुरी नंद से मिलने पहुंचे थे। इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, सरपंच विनोद दीवान, अंगद डड़सेना, नीलांचल भोई, मुरलीधर पटेल, बीसीकेशन भोई, सनातन भोई, चतुर्भुज डड़सेना, परमेश्वर भोई, प्रवीर बारीक, विकास सोना समेत कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विदित हो कि विधायक चातुरी नंद अब हर महीने के पहले गुरुवार को बलौदा में आमजन की समस्याओ के निराकरण हेतु विधायक जन चौपाल लगा रही है और मौके में ही समस्याओं का त्वरित निराकरण भी कर रही है। विधायक की इस पहल की क्षेत्रवासी सराहना कर रहे है।

# मंत्री-सांसद का आदेश हो रहा खोखला साबित, अधिकारी के बदलते ही भूमाफियाओं की बल्ले-बल्ले

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com





रियल इस्टेट नियामक प्राधिकरण(रेरा), सहित अनेक अधिकारियों के होते हुए जिले में अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास करने वालों की भरमार हो गई है। चहुंओर अबाध गति से चल रही अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास के चलते शहर का स्वरूप बिगड़ता जा रहा है। रूद्री रोड से जिले के वरिष्ठ अधिकारी प्रतिदिन आना-जाना करते हैं। लेकिन उनके बंगले से कुछ दूरी पर खेती योग्य कृषि भूमि को पाटकर वहां अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है जो अपने आप में एक चिंताजनक विषय है। बिना अनुमति के होने वाले इस कार्य को लेकर स्थानीय प्रशासन रेरा के नियमों का भी खुल्लमखुल्ला उल्लंघन करवाने से नहीं चूक रहे हैं। जिले के एक अधिकारी के बदलते ही भूमाफियाओं की बल्ले-बल्ले है। पूर्व में मंत्री, सांसद के शहर आगमन पर उन्होंने साफतौर पर कहा था कि अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही करें। लेकिन उनका यह आदेश भी खोखला साबित हो रहा है। ऐसी भी खबर है कि नये अधिकारी के आगमन के बाद यह तय हुआ है कि प्रति भूमाफिया अवैध प्लाटिंग के पूर्व 10 रूपये स्क्वेयर फिट के हिसाब से उन्हें भेंट पूजा चढ़ाये और निर्माण कार्य करे। इसके पश्चात इन पर कोई भी कार्यवाही नहीं होगी। इसी वजह से शहर में अवैध प्लाटिंग करने वालों की बाढ़ सी आ गई है।

अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास को लेकर राज्य शासन का स्पष्ट निर्देश है कि ऐसे अनाधिकृत विकास को लेकर अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करे और इन निर्माण कार्यों में शासकीय भूमि के अतिक्रमण पर तत्काल कार्यवाही करे। लेकिन देखा जा रहा है कि जीविकोपार्जन के लिये कोटवार की भूमि को ऐसे भूमाफियाओं ने खरीदकर उसमें निर्माण कार्य प्रारंभ करवा दिया है। मुख्य बात यह है कि जिला प्रशासन के मुखिया के कार्यालय के ईर्दगिर्द एवं उनके बंगले से कुछ दूरी पर स्थित खेतों में मुरूम डालकर अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास का कार्य तथाकथित भूमाफियाओं द्वारा किया जा रहा है। इससे पूर्व तत्कालीन कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने अपने पद का सदुपयोग करते हुए उनके बंगले के सामने हो रही अवैध प्लाटिंग और विकास को तत्काल आदेश देकर बने-बनाये निर्माण कार्य को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कराया। लेकिन वर्तमान में यह प्रक्रिया उनके जाने के बाद फिर प्रारंभ हो गई है। जिले के एक अधिकारी के बदलते ही अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास करने वाले माफियाओं की बल्ले-बल्ले हो गई है। उक्त अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुझे भूमि खरीदकर उसमें प्लाटिंग करने वाले लोग 10 रूपये प्रति स्क्वेयर फिट के हिसाब से भेंट पूजा चढ़ायें, मैं उन लोगों पर कार्यवाही नहीं करूंगा, चाहे इसके लिये कोई भी मुझे कितना भी निर्देश या आदेश जारी करे, और अपने कथनानुसार इस अधिकारी के आते ही शहर में चहुंओर अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास करने वालों की बाढ़ सी आ गई है। इस अधिकारी का साफ कहना है कि मैं इन पर कोई कार्यवाही नहीं करूंगा। जब एक अधिकारी इस तरह के बोल बोल रहे हैं तो धमतरी शहर का भगवान ही मालिक है।

शहर के भीतरी इलाकों से लेकर आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी ऐसे भूमाफियाओं के द्वारा औने-पौने दामों में किसानों से जमीनों को खरीदकर उसमें कालोनी बनाकर ऐसे लोगों को यह कहकर कि सर्वसुविधायुक्त कालोनी है, लाखों रूपये में उसे विक्रय करते हैं। जब खरीददार अपने जेवर, जमीन, जायदाद बेचकर शहर में प्रवेश के लिये उस मकान में दाखिल होता है और कुछ दिन रहने के बाद जब उसे पता चलता है कि यहां बिजली, पानी, सड़क, नाली का गंदा पानी निकासी का कोई साधन नहीं है, तो वह जमीन विक्रय किये भूमाफियाओं के पास जाकर पैसे वापसी की मांग करता है, लेकिन उनके पालतू गुर्गे जो रेत माफियाओं के गुर्गों के मानिंद डरा-धमकाकर उसे चलता कर देते हैं। अवैध प्लाटिंग का काम लंबे समय से धमतरी सहित जिले में चल रहा है। कुछ ऐसे कलेक्टर धमतरी में पदस्थ हुए जिन्होंने बकायदा इसके विरूद्ध कार्यवाही करने के लिये निगम, नगर निवेश, नजूल, राजस्व की एक टीम पुलिस फोर्स के साथ स्थल पर भिजवाकर न सिर्फ वहां मुरूम जप्ती करवाई बल्कि निर्माणों को भी ध्वस्त करवाया। लेकिन वर्ष गुजरने को है, ऐसी कार्यवाही जिलेवासियों को देखने को नहीं मिली जिसकी आज जरूरत महसूस की जा रही है। भूमाफियाओं द्वारा कलेक्टर बंगले के सामने एवं कलेक्टोरेट के आसपास व्यापक पैमाने पर भी अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास की जा रही है, जो शासन प्रशासन के लिये एक चुनौति से कम नहीं। जमीन खरीद-फरोख्त में अब बिल्डरों के तर्ज पर कुछ पूर्व कर्मचारी भी इस व्यवसाय से जुड़ गये हैं। खबर के मुताबिक जनपद पंचायत में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर भी अब बड़े भूमाफियाओं के श्रेणी में आ चुका है जिसने अपने सुरक्षा और व्यवसाय को बढ़ाने के लिये रेत माफियाओं की तर्ज पर गुंडे पाल रखे हैं जो इसके गैर कानूनी निर्माण कार्यों की सुरक्षा करने के साथ साथ जो इस विषय पर बातचीत करता है, उस पर ये दबाव डालते हैं और मारपीट के लिये तक आमादा होते हैं। पिछले 9-10 माह से अवैध प्लाटिंग शहर के स्वरूप को पूरी तरह से बिगाड़कर रख दिया है जिसके कारण बरसाती पानी भी निकासी नहीं हो पाता है जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग में ढाई से तीन फिट जाम हो जाता है जिससे आवागमन में भारी कठिनाई उत्पन्न होती है। भूमाफियाओं के हौसले अब तो इतने बुलंद है कि शासकीय नालों, तालाब, केनाल को भी पाटने से बाज नहीं आ रहे हैं। अब तो जिले में पदस्थ एक अधिकारी ने साफ कह दिया है कि मुझे 10 रूपये प्रति फिट के हिसाब से भेंट पूजा भूमाफिया चढ़ायेंगे और काम करायेंगे। इसी तर्ज पर शहर में भूमाफियाओं द्वारा जगह जगह अवैध प्लाटिंग हो रही है जो कि चिंता का विषय है।

# कमिश्नर बोले, वार्ड में अनुपस्थित सुपर वाइजर का वेतन नहीं काटे पाए जाने पर, अधिकारी के पगार से कटेगा तीन दिन का वेतन

## पद्मनाभपुर वार्ड 45 सफाई कार्य की ड्यूटी से गायब दो सुपरवाइजर का कटेगा वेतन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम। दिल्ली से स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम के आने के संकेत मिलने लगे हैं।नगर निगम तैयारी में जुट गया है।सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज कमिश्नर सुमित अग्रवाल मॉर्निंग विजिट के दौरान शहर के अलग अलग क्षेत्रो में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पहुँचे। इस कड़ी में कमिश्नर के निरीक्षण के दौरान मौके पर वार्ड क्रमांक 45 पद्मनाभपुर में अनुपस्थिति मिले 2 सुपर वाइजरो का वेतन काटने के निर्देश मौजूद अधिकारियों को दिये।शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिए सफाई सुपरवाइजरों पर शिकंजा कसा जा रहा है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निरीक्षण के दौरान मौके पर अनुपस्थित मिले दो सफाई सुपरवाइजरों का वेतन काटने कहा गया है। उन्होंने वार्ड क्रमांक 7 लुचकी तालाब की सफाई और आस पास में फैली गंदगी को साफके लिए सख्त निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब के आस - पास क्षेत्र में ठेले, खोमचे लगाने वालों के द्वारा गंदगी फैलाने पर जुर्माना करने की बात कही। ड्यूटी से गायब रहना सफाई सुपरवाइजर को भारी पड़ गया। कमिश्नर ने कहा कि वार्ड में अनुपस्थित सुपर वाइजर पाए जाते है उनका वेतन नहीं काटे पाए जाने पर, संबन्धित अधिकारी के पगार से कटेगा तीन दिन का वेतन। लगातार निरीक्षण के दौरान गायब सुपरवाइजर के क्षेत्र में निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल निरीक्षण के लिए पहुंच गए। सुपरवाइजर के गायब होने की सूचना पर उन्होंने नाराजगी जताई,इस दौरान गंदगी पाए जाने पर सुपर वाइजर सहित सफाई कर्मियों पर नाराजगी जताई. सड़क, गली चौक चौराहों पर सफाई के निर्देश दिए। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कर देने हेतु आम नागरिकों से अपील की है साथ ही उल्लंघन करने पर जुर्माने की कार्रवाई शुरू किया जाएगा। निगम द्वारा आम नागरिकों के घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लेने अभियान शुरू किया गया है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने निरीक्षण के मौके पर वार्ड 8 तकिया पारा में आम नागरिकों को कचरा गंदगी व सड़क में नहीं फेकने कहा गया। उन्होंने चाय दुकानों को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि दुकान के कचरे को सड़क पर न फेके अन्यथा जुर्माना वसूल किया जावेगा। उन्होंने वार्ड क्रमांक 9 गिरधारी नगर नाला की सफाई के लिए गैंग लगाकर करवाने के लिए कहा। उन्होंने वार्ड 28 पचरी पारा कुआं चौक के पास घर में गाय पालने वाले को व्यवस्थित करने और सफाई रखने कहा गया। सफाई सुपर वाइजारो की लापरवाही आज सुपरवाइजरों की बैठक लेकर कमिश्नर लेने क्लास। बैठक में आवश्यक निर्देश और सभी वार्ड वार जानकारी ली जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, राहुल, कुणाल सहित टीम अमला मौजूद रहे।

# जूदेव स्मृति गोल्ड कप फुटबाल के लिए सरकार देगी 10 लाख की सहायता राशि

■ राज्य सरकार ने जारी किया आदेश, आयोजन समिति ने जताया सीएम विष्णुदेव साय का आभार

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



राज परिवार के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत दिलीप सिंह जूदेव की स्मृति में आयोजित होने वाली फुटबाल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए राज्य सरकार हर साल 10 लाख रूपये की आर्थिक सहयोग राशि उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह घोषणा की है। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा ने बताया कि गत दिनों जिले के पत्थलगांव ब्लाक के बागबहार में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होने के लिए आए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने आयोजन समिति की अध्यक्ष विधायक रायमुनि भगत,संरक्षक कृष्ण कुमार राय, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, सह सचिव संतोष सिंह, फैजान खान ने सीएम साय से मुलाकात कर आयोजन में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री ने इसे स्वीकृति देते हुए आदेश जारी कर दिया है। ओम प्रकाश सिन्हा ने आयोजन समिति की ओर से मुख्यमंत्री साय का आभार जताते हुए बताया कि इससे जशपुर के साथ प्रदेश का यह महत्वपूर्ण फुटबाल प्रतियोगिता हर साल निर्विघ्न रूप से हर साल आयोजित हो सकेगा। दिलीप सिंह जूदेव स्मृति गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता 2 फरवरी से शुरू होगा। शहर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए आयोजकों ने देश के 20 प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फुटबाल टीमों को आमंत्रित किया गया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन वर्ष 2014 में शुरू किया गया था। लेकिन कोरोना संकट के बाद से इसका आयोजन नहीं हो पाया था। आयोजकों द्वारा इस वर्ष फुटबाल कप प्रतियोगिता आयोजित करने की घोषणा के बाद से शहर सहित पूरे जिलेवासियों को फुटबाल के जिला स्तरीय महाकुंभ के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार है। इस फुटबाल प्रतियोगिता को देखने के लिए जशपुर के साथ पड़ोसी राज्य ओडिशा और झारखंड से भी भारी संख्या में दर्शक उमड़ते हैं।

# आपातकालीन आगजनी हो जाने पर बचाव के तरीके एवं सुझाव बताए गए निगम भिलाई में





पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के कभी भी विभागो में आगजनी हो जाने पर रोकने के लिए फायर सिलेंडर लगाया गया है। जिससे अचानक किसी कारणवश या ईलेक्ट्रीकल शॉर्ट सर्किट होने से आग लग जाती है। जिससे विभाग कागजात जलने या किसी दुर्घटना को रोकने के लिए यह सिलेंटर सभी विभागों के दरवाजे के पास लगाया गया है। जिससे किसी प्रकार की घटना होने पर उसको तत्काल रोका जा सके। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी विभाग के कर्मचारियो को अपने आफिस के बाहर बुलाया। उनको ड्राई पावडर सिलेंडर की जानकारी दिए कि किस प्रकार से आगजनी को रोका जा सकता है। अक्सर देखा जाता है कि आफिस, भवन एवं अन्य जगहो पर किसी बिजली के तार टुटने या एसी फटने की वजह से आग लग जाती है। जिससे वहां पर रखे सभी कागज, लकड़ी या अन्य सामग्री आग से जल जाते है। जिसको रोकने के लिए सिलेंडर के उपयोग से कैसे आग पर काबू पाया जाए उसके बारे में जानकारी प्रदान की गई। आयुक्त की उपस्थिति में अग्निशमन विभाग के कर्मचारी ने आग जलाकर उसे सिलेंडर के माध्यम से बूझाकर दिखाया।

आयुक्त स्वयं सभी विभागो में जाकर निरीक्षण किये की सभी विभागो में यह उपकरण लगाया गया है कि नहीं। जिससे आपतकालीन की स्थिति होने पर दुर्घटना को रोका जा सके।

# परिवार की आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने में सहायक रही कृषक उन्नति योजना

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





कृषक उन्नति योजना से अन्नदाताओं का जीवन संवरने लगा है। दुर्ग जिले के धमधा विकासखण्ड के ग्राम बिरोदा निवासी कृषक डामन साहू सरकार की कृषक उन्नति योजना के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने में कामयाबी हासिल किये हैं। कृषक डामन साहू के परिवार में 5 सदस्य है और वह विगत 20 वर्षो से सामान्य खेती बाड़ी का कार्य करते आ रहे है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के मैदानी अमले के माध्यम से शासन की महात्वाकांक्षी कृषक उन्नति योजना की जानकारी मिली। साथ ही कृषि विभाग के मार्गदर्शन में उन्होंने धान की उन्नत एवं वैज्ञानिक तकनीक से खेती करना शुरू किया। साथ ही कृषि विभाग की ओर से उन्नत बीज आदि प्राप्त कर पैदावारी में बढ़ोत्तरी की। सरकार द्वारा घोषित प्रति क्विंटल 3100 रूपए समर्थन मूल्य ने भी कृषक डामन को इस ओर आकर्षित किया। कृषक साहू बताते है कि 2.10 हेक्टेयर कृषि रकबा में इस खरीफ सीजन में लगभग 92 क्विंटल धान की पैदावार हुई है। सरकार द्वारा जारी किए गए टोकन तुहर हाथ मोबाईल ऐप्लिकेशन के माध्यम से मुझे धान बिक्री के लिए तुरंत टोकन प्राप्त हो गया और धान बिक्री के तीन दिन की भीतर ही राशि 2,92,950 रूपए का भुगतान प्राप्त हुआ। इस राशि से मुझे खेती-बाड़ी के कार्यो में आर्थिक मदद के साथ-साथ पारिवारिक कार्यो और जीवन शैली बदलाव में मदद मिली है। इससे मुझे रबी फसल हेतु उन्नत बीज, खाद एवं दवाई की व्यवस्था करने में सहुलियत हुई है। कृषक डामन साहू ने कृषकों के हित में लाई गई सरकार की इस योजना से प्रभावित होकर सपरिवार प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के प्रति को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# उद्यानिकी महाविद्यालय सांकरा में विश्व मृदा दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ अमलेश्वर
www.dailypioneer.com




महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.पी. के. तिवारी,अधिष्ठाता उद्यानिकी महाविद्यालय साजा ने मृदा की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए मृदा को स्वस्थ बनाए रखने के लिए रासायनिक उर्वरकों की अंधाधुंध उपयोग को कम करने एवं फसल चक्र को अपनाने की किसानों से अपील किए। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर डॉ. अमित दीक्षित अधिष्ठाता,उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय सांकरा ने मृदा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को मृदा की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी दिया और बच्चों को मृदा परीक्षण किट देकर गांव गांव जाकर किसानों की खेतों की मृदा परीक्षण कर उसकी स्थिति किसानों को देने की अपील की जिससे मृदा हमेशा उपजाऊ एवं मृदा में स्थित सभी पोषक तत्व उचित मात्रा में रहे, जिससे किसानों की आय बढ़ने के साथ साथ अच्छा पोषक तत्व युक्त अनाज, फल-फूल, सब्जियां आम लोग तक पहुंचे, डॉक्टर दीक्षित ने कम से कम रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करने के लिए लोगों से अपील किये और अधिक से अधिक मात्रा में कार्बनिक खाद का उपयोग कर जैविक खेती की ओर बढ़ने की सलाह दिए।

# प्राथमिक विद्यालय सेलूद का आकस्मिक निरीक्षण शिक्षक सुबह 10 बजे तक उपस्थित नहीं थे-बीईओ ने कराया प्रार्थना



पायनियर संवाददाता ◄ पाटन
www.dailypioneer.com

शिक्षा में गुणवत्ता लाने शासन स्तर पर भरसक प्रयास किया जा रहा है। वहीं दूसरे तरफ विभाग के अधिकारी भी अलग अलग बैठक व प्रशिक्षण के माध्यम से सभी बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान स्तरानुसार सुनिश्चित हो हेतु प्रयासरत है। पर विभाग के निर्देश का असर विद्यालय स्तर पर नहीं हो रहा है। विभाग में कसावट लाने के साथ एफएल एन पर किया जा रहा कार्य के जायजा लेने आज जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने प्राथमिक विद्यालय मोतीपुर व सेजेस जामगांव एम का निरीक्षण कर शिक्षकों को समय पर उपस्थिति के साथ शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने समझाइश दिया । बीईओ प्रदीप कुमार महिलागें ने शासकीय प्राथमिक बालक विद्यालय सेलूद का आकस्मिक निरीक्षण करने सुबह 9:45 बजे पहुंचे । जहां शाला में पदस्थ प्रधान पाठक के साथ तीनों शिक्षकों का उपस्थिति नहीं हुआ था। सुबह 10 बजे बीईओ ने बच्चों का प्रार्थना कराया। प्रार्थना के बाद शिक्षक व प्रधान पाठक शाला पहुचें। पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोड़पेण्ड्री में दो शिक्षक समय पर उपस्थित नहीं थे एवं समय पर अर्द्धवार्षिक परीक्षा भी प्रारंभ नहीं हुआ था। प्राथमिक शाला गोड़पेंड्री में प्रधान पाठक शाला समय पर उपस्थित नहीं थे। एबीईओ आकांक्षा अग्रवाल द्वारा प्राथमिक विद्यालय विश्व बैंक कालोनी का निरीक्षण किया गया।

# रात में 60 फीट नजर आने वाली सड़क शाम को हो जाती है 30 फीट, आयुक्त ने व्यवधान हटाने शुरू किया अभियान






पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com

सड़क की जमीन पर प्रचार सामाग्री रखने और दुकान सजाने वालों के खिलाफ रिसाली निगम ने मुहिम छेड़ दी है। गुरूवार की देर शाम आयुक्त मोनिका वर्मा ने व्यापारियों को समझाइश देने नेवई पुलिस के साथ सड़क पर ऊतरी। इस दौरान जबरदस्ती बहस करने पर जुर्माना वसूला, वही सड़क पर रखे सामानों को जब्त किया। दरअसल जो सड़क रात में 60 फीट से अधिक दिखाई देती है, वह शाम होते-होते आधी नजर आती है। पसरा लगाने और दुकान सजाने की वजह से जाम की स्थिति रहती है। आयुक्त मोनिका वर्मा के समझाइश का असर नहीं होने से अब से सख्ती के साथ पेश आ रही है। राजस्व, जनस्वास्थ्य, एनयूएलएम की टीम और नेवई पुलिस ने ऐसे व्यापारियों को हिदायते दी, जिन्होंने दुकान को सड़क की जमीन पर सजाया था। इस दौरान साइन बोर्ड और सजाने रखे फर्सी को जब्त कराया। साथ ही व्यापारियों को हिदायत दी गई कि दोबारा गलती करने पर पुनः जुर्माना और सामान जब्ती की कार्रवाही की जाएगी।

### आयोध्या डेयरी को नोटीस

इस दौरान आयुक्त के निर्देश पर निगम के जनस्वास्थ्य विभाग में पदस्थ अधिकारियों ने कृष्णा टॉकिज रोड स्थित आयोध्या डेयरी के साफ-सफाई की भी जांच की। किचन में खुले में रखे डालडा का सैंपल लेकर लैब भेजा गया। वहीं आयुक्त ने किचन को प्रथम तल में होने और घुमावदार सीढ़ी होने पर आपातकाल के लिए व्यवस्था नहीं होनेके लिए नोटीस जारी करने निर्देश दिए। इससे वसूला जुर्माना, नंदनी गर्व वीट -1000.00, क्वीन - 2000.00, झिलमील किड्स - 2000.00।

### अब सामान जब्ती

आयुक्त मोनिका वर्मा ने पूरे बाजार क्षेत्र में अभियान चलाने निर्देश दिए है। पहली बार में समझाइश कर असर नहीं होने पर दोबारा गलती करने पर सामान जब्त करने निर्देश दिए है। अभियान हर सप्ताह चलाया जाएगा।

# 9500 रुपए सिंगलयूज प्लास्टिक रखने एवं नाली में गोबर बहाने वाले खटाल संचालक पर की गई चालानी कार्यवाही





पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 01 अंतर्गत सिंगलयूज प्लास्टिक रखने एवं गंदगी फैलाने वाले व्यवसायियों पर चालानी कार्यवाही की गई। वार्ड क्र 02 स्मृति नगर में जुनवानी चैंक में विभिन्न व्यवसासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक एवं व्यवसाय परिसर, फल ठेला में गंदगी पाए जाने एवं गीला एवं सूखा कचरा अलग नहीं पाए जाने वाले व्यापारी पृथ्वी जूस सेंटर 400, गोलू फल सेंटर 200, विश्वकर्ता फल सेंटर 100, ब्यूटी टी स्टाल 300, दूबे डेयरी 800, डिजत टू होटल 200, वंश डेली नीडस 500, अंबिका ट्रेडर्स 500, द भिलाई टाउन 500, सोनू फल ठेला 100 एवं शर्मा पूजा सामग्री 1500 से इस प्रकार कुल 5100 रूपये चलानी कार्यवाही करते हुए वसूल किये गये। साथ ही जोन क्रमांक 02 अंतर्गत वार्ड क्र. 16 ठेठवार पारा में खटाल वालो के द्वारा नाली में गोबर बहाने पर चार लोगो से 4000 रूपये दाण्डिक शुल्क वसूला गया। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी अभी यह सांकेतिक है चालानी कार्रवाई बढ़ते क्रम में होगी इसकी पूरी जिम्मेदारी जो लोग नगर निगम के समझाइए इसको नहीं मान रहे हैं उन्हीं के खिलाफ होगा. आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देश दिए है कि जो भी व्यापारी सिंगलयूज प्लास्टिक में खादय सामग्री विक्रय कर रहे है या व्यवसाय परिसर, फल ठेला के आस-पास गंदगी फैला रहे है या फिर गीला एवं सूखा कचरे को अलग-अलग डस्ट बिन में नही डाल रहे है। उनके पास जाकर कार्यवाही कर उनसे चालानी कार्यवाही की जाए। साथ ही उन्हे समझाया जाए कि सिंगलयूज प्लास्टिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए बहुत ही हानिकारक है। शहर की साफ -सफाई में जो व्यापारी सहयोग नही कर रहे है। उन पर अर्थदण्ड की कार्यवाही कर उन्हे समझाईस दी जाए कि अगले बार से गंदगी न फैलाये नहीं तो निगम कचरा साफ नहीं करेगा उसी कचरे में आपको व्यापार करना पड़ेगा। कार्यवाही के दौरान जॉन के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, अंकित सक्सेना, स्वच्छता सुपरवाइजर कमलेश द्विवेदी, अंजनी सिंह, इनाम सिंह कन्नौज, संतोष हरमुख, उनके दल के सदस्य उपस्थित रहे।

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस: जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने कलेक्टर एसएसपी को लगाया लेपल पिन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड जशपुर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू और जिला जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कल्याण संयोजक हेमन्त कुमार सार्वा द्वारा लेपल पिन लगाया गया। जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक नूतन सिदार ने भी स्वेच्छा से अंशदान किया। इस अवसर पर इस अवसर पर कार्यालय स्टाफ सूरज यादव, उत्तम कुमार साहू, महादेव यादव, अकाश मण्डल, राजू राम एवं अमानुएल तिर्की उपस्थित थे। विदित हो कि देश की सुरक्षा में शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों के कल्याण के लिए 07 दिसंबर को पूरे देश में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस द्वारा एकत्रित की गई राशि युद्ध वीरांगनाओं, सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिक, युद्ध में अपंग हुए सैनिकों व उनके परिवार के कल्याण पर खर्च की जाती है।


**AIINAGAR PANCHAYAT, SHIVRINARAYAN**
**E-Procurement Tender Notice (1st Call)**
**SYSTEM TENDER NO 162501 NIT NO: 989 SHIVRINARAYAN, dated 05/12/2024**

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ up to date 27/12/2024 at 17:30 Hours

| Sl No | Description | Amount of Estimated (in tacs) | EM Fees of Tender Document Bid Submission Frees |
|---|---|---|---|
| 1 | Constection of boundriwall ward no.12 around gau-than campus | Rs. 2181 | (1) Rs 16380/-<br>(2) Rs 3000/-<br>(3) Rs 3114/- |

Rs. 16380/- (Only TOR/FOR Favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT, SHIVRINARAYAN & Tender Document Fee (Non refundable) of Rs. 3000 IN FORM DEMOND DRAFT (DD)

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate gov.in From 06/12/2024 at 17:30 Hours (15T) onwards

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal

**CHIEF MUNICIPAL OFFICER**
**NAGAR PANCHAYAT**
**SHIVRINARAYAN (CG)**



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना//**
**eprocurement portal:https://eproc.cgstate.gov.in**
**प्रथम आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 26.12.2024 समय 17.30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

| क्र. | सिस्टम न. एवं नि.सू.क्र. दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | कार्य पूर्णता समयावधि | सक्षम श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 162096 17/व.ले.लि/ 2024-25. दिनांक 04.12.2024 | बांसाझाल स्टापडेम सह रपटा एवं इन्टेकवेल सह पंप हाउस का निर्माण साथ ही सौर पंप पाईप एवं वितरण नेटवर्क की स्थापना सहित सिस्टम का संचालन और रखरखाव कार्य। | 294.39 लाख | 1.50 लाख | 6 माह (वर्षाकाल सहित) | एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत |
| 2. | 162097 18/व.ले.लि/ 2024-25 दिनांक 04.12.2024 | माझीपारा स्टापडेम सह रपटा एवं इन्टेकवेल सह पंप हाउस का निर्माण साथ ही सौर पंप पाईप एवं वितरण नेटवर्क की स्थापना सहित सिस्टम का संचालन और रखरखाव कार्य। | 257.00 लाख | 1.50 लाख | 6 माह (वर्षाकाल सहित) | एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ब श्रेणी एवं ऊपर |
| 3. | 162099 19/व.ले.लि/ 2024-25 दिनांक 04.12.2024 | सरगुजियापारा एनीकट एवं इन्टेकवेल सह पंप हाउस का निर्माण साथ ही सौर पंप पाईप एवं वितरण नेटवर्क की स्थापना सहित सिस्टम का संचालन एवं रखरखाव कार्य। | 291.21 लाख | 1.50 लाख | 6 माह (वर्षाकाल सहित) | एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ब श्रेणी एवं ऊपर |
| 4. | 162100 20/व.ले.लि/ 2024-25 दिनांक 04.12.2024 | सत्तीबहरा स्टापडेम सह रपटा एवं इन्टेकवेल सह पंप हाउस का निर्माण साथ ही सौर पंप पाईप एवं वितरण नेटवर्क की स्थापना सहित सिस्टम का संचालन एवं रखरखाव कार्य। | 286.33 लाख | 1.50 लाख | 6 माह (वर्षाकाल सहित) | एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ब श्रेणी एवं ऊपर |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट पर दिनांक 11.12.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट:-** 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2014 (संशोधित 01.08.20222) के अनुसार है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन विभाग, पेण्ड्रारोड (छ.ग.)**
**कृते-मुख्य अभियंता**
**हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**

**जी.-242504377/3**

## संपादकीय

### भारत-बांग्लादेश संबंध सुधार के प्रयास जरूरी

**भारत-बांग्लादेश** संबंध बहुत खराब स्थिति में हैं। यदि सुधार के प्रयास न हुए तो इनमें और गिरावट आ सकती है। भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध लंबे समय से सांस्कृतिक संबंधों और रणनीतिक सहयोग से पहचाने जाते थे, पर हालिया महीनों में वे बहुत खराब हो गए हैं। विरोध प्रदर्शन, राजनयिक नाराजी तथा बढ़ी हुई सुरक्षा चिन्ताओं के कारण पड़ोसियों के बीच खाई चौड़ी हो रही है। बांग्लादेश में एक हिंदू संत की गिरफ्तारी से अशांति भड़की है, संबंधों पर और दबाव पड़ा है जो अगस्त, 2024 में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद पहले से ही खराब थे। बांग्लादेश में ऐतिहासिक रूप से अल्पसंख्यकों को भेदभाव तथा कभी-कभी हिंसा का सामना करना पड़ा है। अक्सर राजनीतिक कारणों से यह हिंसा बढ़ी है। अगस्त में अचानक तख्तापलट के समय तक शेख हसीना की सरकार सत्ता में थी और उस समय वह अल्पसंख्यकों का काफी समर्थन करती थी, हालांकि उनके आलोचकों का मानना है कि यह समर्थन सुसंगत नहीं था। तथाकथित भ्रष्टाचार और तानाशाही के खिलाफ भारी प्रदर्शनों के बाद हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता आ गई है। बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद, लंबे समय से देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभावपूर्ण व्यवहार की स्थितियां उजागर हो गई हैं। चिन्मय कृष्ण दास को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया जिससे चिटगांव में अल्पसंख्यक अधिकारों की पैरोकारी के पक्ष में विरोध प्रदर्शन फूट पड़े। उनको जमानत देने से इनकार तथा बाद में उनके मामले की सुनवाई जनवरी, 2025 तक टालने से तनाव और बढ़ा है।




इस घटना से भारत में हिंदू संगठनों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शनों की बाढ़ आ गई है जिनको भारतीय जनता पार्टी-भाजपा का समर्थन प्राप्त है। ऐसे ही एक विरोध प्रदर्शन में अगरतला में बांग्लादेश कौंसुलेट पर हमला हो गया जिससे राजनयिक तनाव और बढ़ गया। कौंसुलेट में उपद्रवी तत्वों द्वारा तोड़फोड़ पर ढाका ने तीखी प्रतिक्रिया की। उसने घटना को 'जघन्य' बताते हुए भारत से कठोर कार्रवाई की मांग की। बांग्लादेश ने अपना विरोध व्यक्त करने के लिए ढाका में भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया। इस बीच भारतीय अधिकारियों ने हमले की निन्दा करते हुए बांग्लादेश राजनयिक मिशनों की सुरक्षा बढ़ा दी है तथा भारतीय जनता का गुस्सा शांत करने का प्रयास किया है। ढाका में कौंसुलेट पर हमले ने विरोध-प्रदर्शनों को हवा दी जिससे छात्र और एक्टिविस्ट भारत से जवाबदेही की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए। यह स्थिति दोनों देशों के राष्ट्रवादियों व धार्मिक तत्वों के लिए 'उकसावे' की तरह है। दोनों देशों के बीच संबंध खराब होने के व्यापक जोखिम हैं। भारत के लिए बांग्लादेश सीमा सुरक्षा तथा क्षेत्रीय स्थायित्व बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण साझीदार है। दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हैं जिससे लंबे समय तक गतिरोध संकट का कारण बन सकता है। लेकिन वर्तमान समय में परस्पर विश्वास लगभग समाप्त हो गया है। भारत ने बार-बार बांग्लादेश से अनुरोध किया है कि वह अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा से निपटे। दूसरी ओर बांग्लादेश के अधिकारियों का कहना है कि भारतीय मीडिया का एक हिस्सा जानबूझ कर गलत सूचनायें फैलाता है। भारत और बांग्लादेश के बीच अच्छे संबंध रहे हैं, ऐसे में दोनों देशों को तत्काल तनाव घटाने के प्रयास करने चाहिए। हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी से पैदा तनाव तत्काल दूर करने के प्रयास होने चाहिए। उनको जल्दी से जल्दी रिहा करने के साथ ही बांग्लादेश में अल्पसंख्यक अधिकारों के उल्लंघन पर उठ रहे सवालों को संबोधित करना होगा। भारत की जनता बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर स्वाभाविक प्रतिक्रिया करती है, ऐसे में बांग्लादेश को अपने देश में कट्टरपंथियों पर कठोरता से लगाम लगानी चाहिए।

# चुनाव परिणामों से प्रभावित विपक्षी एकता

हालिया चुनावों में पराजय से विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल दलों के बीच दरारें दिखने लगी हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी और मजबूत होकर उभरी है।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



महाराष्ट्र और झारखंड में हुए विधानसभा चुनावों के हालिया चुनाव परिणामों से विपक्षी गठबंधन 'इंडिया में दरारें दिखने लगी हैं। विधानसभा चुनावों में निराशाजनक नतीजों के बाद 'इंडिया' गठबंधन के कुछ साझीदार अपने एजेंडों पर अलग से ध्यान दे रहे हैं। इसके चलते वे संसद के वर्तमान सत्र में विपक्षी दलों के बीच परस्पर समन्वय की चिन्ता भी नहीं कर रहे हैं। इनमें आम आदमी पार्टी-आप तथा तृणमूल कांग्रेस शामिल हैं। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने घोषणा कर दी है कि उनकी पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनाव में अकेले मैदान में उतरेगी और उन्होंने कांग्रेस के साथ किसी गठजोड़ की संभावना खारिज कर दी है।

पहले 'इंडिया' समूह को उम्मीद थी कि वह एकजुट होकर दिल्ली में भाजपा-विरोधी मतों को एकसाथ ला सकता है। लेकिन इसके बावजूद केजरीवाल की घोषणा से संभावित एकता में दरार स्पष्ट रूप से दिखने लगी है। इसके साथ ही अब इस बात की कोई संभावना नहीं है कि उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव में गठबंधन बनाने में कोई दिलचस्पी लेंगे। शिवसेना की परंपरागत रूप से महाराष्ट्र के स्थानीय निकायों में मजबूत पकड़ रही है और बदली हुई परिस्थितियों में वे इसे फिर से खड़ा करने का प्रयास कर सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप महाराष्ट्र में 'इंडिया' गठबंधन साझीदारों के तत्काल एकजुट होने तथा प्रभावी सहयोग की संभावनायें धूमिल हो गई हैं। गठबंधन में एकजुटता सुनिश्चित करना अब काफी चुनौतीपूर्ण हो गया है। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि हर राजनीतिक पार्टी गलतियां करती है, पर सफल पार्टियां इन गलतियों से सीख कर अपने कामकाज में सुधर करती हैं।

'इंडिया' समूह ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने का लक्ष्य बनाया था और वह इसमें कुछ सीमा तक सफल भी हुआ। भाजपा को जदयू और तेलगू देशम पार्टी के समर्थन से सरकार बनानी पड़ी। लेकिन विधानसभा चुनावों में गठबंधन ऐसी कोई रणनीति बनाने में विफल रहा। महाराष्ट्र और झारखंड के हालिया चुनावों से दो प्रमुख बिंदु उभर कर सामने आते हैं। पहला, महाराष्ट्र में भाजपा नीत राजग की महत्वपूर्ण विजय है। दूसरा, झारखंड में हेमंत सोरेन द्वारा अपनी स्थिति इस तथ्य के बावजूद आसानी से मजबूत बनाए रखना है कि उनको भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाना पड़ा था। एक और महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या कांग्रेस, रांकापा और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने जमीनी स्तर पर उपलब्ध संकेतों को गलत समझा और क्या भाजपा ने झारखंड में गलतियां कीं?

हालिया चुनाव परिणाम दलगत विकास में खोए अवसरों का खुलासा भी करते हैं। यदि कांग्रेस ने अतीत की गलतियों से बेहतर सबक सीखे होते और आवश्यक परिवर्तन किए होते तो उसका प्रदर्शन बेहतर हो सकता था। कांग्रेस ने चुनाव-पश्चात स्थितियों पर वैसे विश्लेषण नहीं किए जैसे पचमढ़ी या शिमला सम्मेलनों में किए गए थे।

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा उनके द्वारा चयनित सहयोगियों के नियंत्रण में है। हालांकि, राहुल गांधी ने हालिया विधानसभा चुनावों में कड़ी मेहनत की तथा व्यापक अभियान चलाया, पर पार्टी बेहतर नतीजे नहीं दिखा सकी। इन परिणामों से संकेत मिलता है कि उन्होंने अभी हालिया हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम से कोई सबक नहीं सीखा है और वे प्रदेशों में दूसरों को अनदेखा कर केवल एक नेता पर अत्यधिक निर्भर हैं। इसके साथ ही टिकट वितरण में गलत निर्णय जीतने वाले उम्मीदवारों की संभावनायें सामने लाने में विफल रहे। सर्वाधिक महत्वपूर्ण आयाम यह है कि कांग्रेस पार्टी, रांकापा व शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट को चुनावी विमर्श पर ध्यान देना होगा। कांग्रेस को जातीय मुद्दों तथा संविधान की रक्षा जैसे मुद्दों पर पुनः विचार कर प्रधानमंत्री मोदी पर व्यक्तिगत टिप्पणियों से बचना होगा क्योंकि मतदाता इससे आकर्षित नहीं होते हैं।

> अगला महत्वपूर्ण अवसर 20 दिसंबर को राज्यसभा की 6 सीटों का चुनाव है। राजग के इनमें से पांच सीटों पर जीतने की आशा है। इसके साथ ही तृणमूल कांग्रेस को एक सीट मिल सकती है। यदि यह अनुमान सही बैठता है तो राजग को उच्च सदन में भी बहुमत मिल जाएगा

जनता से संबंध विच्छेद इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पार्टी को अपनी रणनीति पर पुनः विचार करना होगा तथा ऐसे मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करना होगा जो सचमुच मतदाताओं को प्रभावित करते हैं। इनमें रोजी-रोटी के मुद्दे शामिल हैं। इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान देना जरूरी है। इसके पहले भी राहुल गांधी द्वारा सावरकर पर किए हमलों से कांग्रेस को कोई समर्थन नहीं प्राप्त हुआ था, बल्कि इसके बजाय इससे कांग्रेस का शिवसेना के साथ तनाव बढ़ा था क्योंकि वह सावरकार को आदर्श मानती है। इन पार्टियों को भाजपा के मातृ संगठन आरएसएस की बढ़ती शक्ति का भी एहसास नहीं है जो भाजपा की सफलता के लिए लगातार काम करता है। कद्दावर मराठा नेता शरद पवार हालिया पराजय के बाद निराश हो सकते हैं क्योंकि उनको अपने भतीजे अजीत पवार के मुकाबले चुनाव में नीचा देखना पड़ा है, जबकि उन्होंने ही अजीत पवार को राजनीतिक शिक्षा दे कर पाला पोसा है। अजीत पवार के भाजपा के साथ जाने पर दोनों के बीच टकराव के संकेत स्पष्ट हो गए थे क्योंकि उन्होंने अपने चाचा को धोखा दे कर भाजपा को सरकार बनाने में सहायता की थी। निर्वाचन आयोग द्वारा अजीत पवार गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस स्वीकार करने से स्थिति और खराब हो गई थी, जबकि शरद पवार ने ही रांकापा की स्थापना की थी और वे उसे अनेक बार सत्ता में लाए थे।

निर्वाचन आयोग के इस निर्णय से पवार को भारी धक्का लगा। इसी प्रकार शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के पुत्र उद्धव ठाकरे को अपने पिता की विरासत मिली, लेकिन उनको पार्टी के नाम और चुनाव निशान से अलगाव झेलना पड़ा और वे चुनाव में पराजित हुए। शिवसेना के विद्रोही एकनाथ शिंदे ने एक गठबंधन के माध्यम से भाजपा को महाराष्ट्र सरकार में आने में सहायता की। इन दोनों नेताओं को अपनी लोकप्रियता में गिरावट के कारणों पर आत्मावलोकन करना चाहिए। दूसरी ओर 'इंडिया' गठबंधन के साझीदार झारखंड मुक्ति मोर्चा-जेएमएम ने दिखाया कि अनेक चुनौतियों के बावजूद विजय कैसे पाई जाती है। जेएमएम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने अनेक कठिनाइयों का सामना किया जिसमें सोरेन का जेल जाना भी शामिल था। झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद हुए उपचुनावों ने भी दिखाया है कि भाजपा अजेय नहीं है। भारत में विभिन्न राज्यों में चुनाव लगातार चलते रहते हैं जिसका अर्थ है कि चुनावों का मौसम कभी समाप्त नहीं होता है। अगला महत्वपूर्ण अवसर 20 दिसंबर को राज्यसभा की 6 सीटों का चुनाव है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के इनमें से पांच सीटों पर जीतने की आशा है। इसके साथ ही तृणमूल कांग्रेस को एक सीट मिल सकती है। यदि यह अनुमान सही बैठता है तो राजग को उच्च सदन में भी बहुमत मिल जाएगा जिससे कांग्रेस पार्टी की संसद में स्थिति और खराब होगी।

वर्तमान समय में आठ सीटें खाली हैं जिनमें से चार नामांकन श्रेणी में तथा चार जम्मू कश्मीर चुनाव के परिणामस्वरूप हैं। प्रत्येक चुनाव उम्मीदवारों और पार्टियों की सफलता और विफलता के रूप में महत्वपूर्ण सबक देता है। इन परिणामों का संबंध स्पष्ट रूप से पीढ़ीगत बदलावों से भी है और इस प्रकार परिवर्तन एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। भावी पीढ़ियों को अपनी पार्टी को आगे बढ़ाने के प्रयास करने होंगे। अंततः सच्चे विजेता वही होते हैं जो अपनी गलतियों से तेजी से सबक सीखते हैं। विजेताओं को सहनशील होना चाहिए, जबकि पराजित होने वालों को भी अपने भीतर प्रेरणा जागृत रखनी चाहिए।

# स्वभावना: रूपांतरण का मार्ग

> हमारा जन्मजात स्वभाव हमारे जीवन में एक परिभाषित शक्ति और एक दुर्जेय विरोधी दोनों है।

**अजित कुमार बिश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)



हम इसके साथ पैदा होते हैं। स्वभाव ('स्वभाव') वह है जो हमने पिछले जन्मों में किया है और हमारी गहरी इच्छाएं जो अभी भी अधूरी हैं। यह हमारे भाग्य और बड़ी घटनाओं का हिस्सा है, दोनों अच्छे और बुरे ('प्रारब्ध')। स्वभाव हमें परिभाषित करता है। चरित्र, व्यक्तित्व, व्यवहार, मनोदशा, दृष्टिकोण, राय, विश्वास, प्राथमिकताएं, हम कैसे निर्णय लेते हैं, हम कैसे बातचीत करते हैं और हम किस चीज़ की परवाह करते हैं, ये सभी हमारे स्वभाव से जुड़े हैं। आध्यात्मिक रूप से कहें तो, तीन गुण ('गुण') इसे बनाते हैं। वे हर व्यक्ति में अलग-अलग प्रतिशत में मौजूद होते हैं। उदाहरण के लिए, एक अच्छे आदमी में अच्छाई का गुण ज़्यादा होगा; एक बुरे आदमी में अंधकार का गुण ज़्यादा होगा और बाकी गुण बीच में होंगे। हालांकि, ये गुण हमेशा वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। अच्छाई जुनून और अंधकार पर हावी होकर प्रबल होती है; अंधकार अच्छाई और जुनून पर हावी होकर प्रबल होता है; और जुनून अच्छाई और अंधकार पर हावी होकर प्रबल होता है। (भगवद्गीता 14.10)अच्छे लोगों के साथ यही होता है।

अस्थायी रूप से उनके विचार और कार्य अंधकार में आ जाते हैं और वे काम-वासना, क्रोध आदि से व्यवहार करते हैं। इसकी तुलना बुरे लोगों से करें, जो स्वभावतः बुरा व्यवहार करते हैं। जब सद्गुण की प्रबलता प्राप्त होती है, तभी वे अच्छा व्यवहार करते हैं। दुर्भाग्य से, एक सामान्य व्यक्ति बीच में पड़ जाता है और उसके स्वभाव में अनेक दोष होते हैं। वह सामान्यतः क्या करता है? वह अपनी इंद्रियों का यथासंभव भोग करना चाहता है; कर्तव्यों से बचना चाहता है; चतुराई से काम करने का प्रयास करता है, यहाँ तक कि धोखा भी करता है, अपने को श्रेष्ठ समझता है; दूसरों पर हंसता है; और जब भी दुःख आता है, तो उससे घृणा करता है, उसके लिए दूसरों को दोषी ठहराता है। यह इतना बुरा नहीं है कि वासना, क्रोध, लोभ, घृणा आदि नकारात्मक भावनाओं के अंतर्गत आ जाए। इनके द्वारा प्रेरित होकर व्यक्ति बुरे कार्य करता है और दण्ड का पात्र बनता है। उदाहरण के लिए, जब वासना प्रबल होती है, तो व्यक्ति मर्यादाओं को लांघ जाता है और ऐसा कार्य करता है जो जीवन भर कलंकित करता है। लोभी व्यक्ति अधिक पाने के अलावा कुछ नहीं सोचता और बहुमूल्य मानव जीवन को बरबाद कर देता है। कामवासना का निषेध करने पर क्रोध अपना भयानक रूप धारण कर लेता है। (18.66) और घृणा, जब अनियंत्रित होती है, तो व्यक्ति को बर्बाद कर देती है। (16.19) इसलिए, हर समय बहुत सावधान रहना चाहिए। स्वभाव, जो हमारी सोच और निश्चित रूप से हमारे कार्यों को नियंत्रित करता है, हमारा सबसे बड़ा दुश्मन हो सकता है। खुद को बचाने के लिए क्या किया जा सकता है?



सबसे पहली बात यह है कि हर समय आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। क्या मेरी गहरी इच्छाएं दोषपूर्ण हैं? क्या मैं सामाजिक मानदंडों का उल्लंघन कर रहा हूं? क्या मैं धर्म का उल्लंघन कर रहा हूं? क्या मैं कर्तव्यों से बच रहा हूं? हम पाएंगे कि हम ऐसा कर रहे हैं। फिर, क्या किया जाना चाहिए? क्या मैं खुद को नियंत्रित कर सकता हूं? शायद, थोड़ा, लेकिन पूरी तरह से नहीं।

क्या मैं फंस गया हूं? हां और नहीं। हाँ, क्योंकि स्वभाव में भारी बदलाव संभव नहीं है, क्योंकि स्वभाव हमारे भाग्य का हिस्सा है, जैसे कि नौकरी छूटने जैसी बड़ी घटनाएँ आएंगी और हम उन्हें आने से नहीं रोक सकते। नहीं, चूंकि भगवान बहुत दयालु हैं, उन्होंने दोनों मामलों में एक रास्ता छोड़ दिया है। यदि कोई व्यक्ति सच्चे मन से ईश्वर की शरण में जाता है, तो ईश्वर व्यक्ति को सभी परेशानियों से बाहर निकलने में मदद करते हैं (18.58) जहां तक स्वभाव की बात है, यदि व्यक्ति दृढ़ निश्चयी है तो ईश्वर उसे बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। यह कठिन और धीमी प्रक्रिया है, लेकिन संभव है। निष्कर्ष क्या है? हमारे स्वभाव में समस्या है। चाहे वह वासना हो या क्रोध या लालच या घृणा या अतिशय अहंकार, हम वास्तव में फंस गए हैं।

इसलिए, ईश्वर की शरण में जल्दी से जाओ, यानी अभी से उन्हें प्रसन्न करना शुरू कर दो। ईश्वर को विश्वास दिलाओ कि तुम दृढ़ निश्चयी हो; वह निश्चित रूप से मदद करेगा। और जब हम ऐसा करेंगे, तो हमारे आस-पास के लोग भी हमसे कुछ प्रेरणा लेना शुरू कर देंगे, बजाय एक-दूसरे को सुधारने की कोशिश करने के, जो कि असंभव है।

## आप की बात

### मणिपुर में अशांति

**मणिपुर** जल रहा है। बार-बार भड़की अशांति के परिणामस्वरूप जान-माल की हानि हुई है, बड़े पैमाने पर संपत्ति का नुकसान हुआ है और पहले से ही अस्थिर राज्य में तनाव बढ़ गया है। लंबे समय से चल रहे विवादों ने तनाव को बढ़ा दिया है। मई 2023 में मैतेई की अनुसूचित जनजाति (एसटी) की स्थिति की मांग और कुकी बस्तियों को निशाना बनाकर बेदखली अभियान से भड़की हिंसा मौजूदा संकट की एक महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि बनाती है। मणिपुर की स्थिति एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण की मांग करती है। सरकार को सामुदायिक संवाद और सशस्त्र समूहों के साथ युद्धविराम समझौतों सहित विश्वास-निर्माण उपाय शुरू करने चाहिए। इसके अलावा, सार्थक बातचीत और संघर्ष समाधान के लिए मैतेई और आदिवासी समुदायों के बीच बातचीत के लिए तटस्थ मंच बनाए जाने चाहिए। राज्य में सामान्य स्थिति लाने के लिए विश्वास को फिर से बनाने के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व, भूमि स्वामित्व और सामाजिक-आर्थिक समानता के मुद्दों को प्राथमिकता पर लिया जाना चाहिए अन्यथा इसका उत्तर पूर्व के पूरे क्षेत्र की राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। गृह मंत्रालय ने सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम के अधिकार क्षेत्र को छह और पुलिस स्टेशनों तक बढ़ा दिया है।

– **सुजीत विश्वकर्मा**, दिल्ली

### कांग्रेस का पाखंड

**नेता** प्रतिपक्ष राहुल गांधी कांग्रेस को पूंजीवाद के खिलाफ एक योद्धा के रूप में पेश करने की कोशिश में लगे हैं, लेकिन सच्चाई बिल्कुल इसके दूर की कोड़ी दिखाई देती है। यह पाखंड के अलाव और कुछ नहीं। कांग्रेस पार्टी ने अडानी साम्राज्य के विकास और विस्तारीकरण में सामने आकर एक बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। ऐसे एक नहीं बल्कि सैकड़ों उदाहरण हमें कांग्रेस शासित प्रदेशों में देखने को आसानी से मिल जाएंगे। अडानी पर कांग्रेस के हमले सिर्फ उसके दोहरे चरित्र को उजागर करने, कमजोर योजनाएं और नाकाम रणनीति को छिपाने का काम करते हैं। साल 1988 में अस्तित्व में आया अडानी समूह के विकास का तथ्यात्मक और विश्लेषणात्मक अंदाजा लगाना हो तो आसानी से 1990 के दशक में लगाया जा सकता है, क्योंकि कांग्रेस उस समय सत्ताधारी दल था। साल 1993 में, गुजरात में पूर्ण बहुमत की कांग्रेस सरकार का नेतृत्व चिमनभाई पटेल कर रहे थे, इसी सरकार के दौरान अडानी को उनके मुंद्रा पोर्ट प्रोजेक्ट के लिए सिर्फ 10 पैसे प्रति वर्ग मीटर पर जमीन दी गई थी। इसके अलावा आगे भूमि आवंटन शंकर सिंह वाघेला द्वारा किया गया था, वाघेला को कांग्रेस पार्टी का समर्थन प्राप्त था।

– **स्वतंत्र मिश्रा**, कानपुर

### बांग्लादेश की दशा

**वर्तमान** दौर में बांग्लादेश की भयावह स्थिति से उबरने के लिए कनून व्यवस्था दम तोड़ती नज़र आ रही है। हिंदुओं पर अत्याचार , आगजनी, मारना, सताना , मंदिरों में दर्शन हेतु बाधा उत्पन्न करना। पुजारी पंडितो को डराना धमकाना विचारणीय और चिंतनीय है। आखरि बांग्ला देश की सरकार क्या सिद्ध करना चाहती हैं। खून खराबे और नफरत भरे माहौल में हिंदुओं का भय और पीड़ा जानने वाला कोई नज़र नहीं आता। क्या यह उचित है। बांग्ला देश में हिंदुओं की ऐसी दुर्दशा देखकर अमानवीय व्यवहार और क्रूरता का परिचय मिलता है। बांग्लादेश की सरकार को होश हवास में आना होगा और हिंदुओं पर अत्याचार और हिंसा की घटनाओं पर पूर्णत रोक लगाना होगी। किसी देश के विकास में यह घटनाएं विकास को बाधित ही कर सकती है। सरकार मुखिया के समान होती हे और इस तरह का भेदभाव विचारणीय और चिंतनीय लगता है। आखरि बे गुनाह लोगों को कब तक इस हिंसा उपद्रव की आग में जलना होगा ? हमारे देश भारत के प्रधानमंत्री जी मोदीजी को बांग्ला देश की गंभीर परिस्थिति को संज्ञान में लेकर हुंकार भरनी होगी। बांग्ला देश सरकार को दो टूक समझाना होगा। मोदीजी है तो मुमकिन है। निश्चित ही हमारे यशश्वी प्रधानमंत्री जी बांग्ला देश में हिंदुओं के बचाव के लिए कारगर रणनीति तैयार करेंगे। जल्द हि इस गंभीर परिस्थिति से मुक्ति दिलाएंगे।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### तकनीक पर निर्भरता

**आज** के युग में तकनीक का सहारा सुविधा के लिए होता है लेकिन आज कल हो रही घटनाएं सुविधा की बजाय जानलेवा साबित हो रही है। यह चिंताजनक है और तकनीक की निहित सीमाओं को दर्शाता है। इन दिनों गूगल मैप से लोकेशन देखकर यात्रा करना अत्यधिक घातक हो गया है। उत्तर प्रदेश में कुछ दिनों पहले अधूरे पुल से कार गिरने पर तीन लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना की स्याही अभी सूखी भी नही थी कि उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में एक बार फिर गूगल मैप के कारण हादसा हो गया। बरेली के इज्जत नगर थाना इलाके के पीलीभीत रोड स्थित एक कार गूगल मैप के कारण कलापुर नहर में गिर गई। कार में तीन लोग सवार थे। गनीमत रही कि समय रहते मदद मिलते सवारों की जान बच गई।ऐसी घटनाओं के मद्देनजर सतर्कता बहुत ही जरूरी है। जहां तक संभव हो यात्रा के दौरान गुगल के अलावा अन्य विकल्प भी साथ ही साथ उपयोग में लिए जाते रहना चाहिए। इससे जोखिम तो घटेंगे ही जान-माल का खतरा भी नहीं रहेगा।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# पुल निर्माण में देरी : सेतुनिगम की लापरवाही से वनांचल के बोदा जोकपानी व कुरलूपानी के लोगों को हो रही समस्या

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिले के बोड़ला विकासखंड के ग्राम पंचायत बोदा में सेतु निगम द्वारा बोदा जोकपानी कुरलु पानी को जोड़ने बनाई जा रही पुल के निर्माण में हो रही देरी से इन क्षेत्रों में निवास रत सैकड़ो बैगा आदिवासी परिवार के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है सेतु निगम विभाग की प्रशासनिक अक्षमता व ठेकेदार की क्षमता में कमी के चलते लगभग 4 वर्ष बीतने के बाद भी पुल का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है इसलिए क्षेत्र के ग्रामीण शासन प्रशासन पर सौतेला व्यवहार बरतने का आरोप लगा रहे हैं उनका कहना है कि मैदानी क्षेत्र में यही काम समय रहते पूरा हो जाता वनांचल क्षेत्र की यही स्थिति है कि उन क्षेत्रों में चल रहे कामों पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

## आवागमन में हो रही है समस्या

बोदा जोकपानी कुरलु पानी मे सेतु निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे पुल के निर्माण में ठेकेदार व विभाग के द्वारा बरती जा रही लापरवाही के चलते देरी हो रही है लगभग 4 वर्ष बीतने को है और पुल निर्माण का 25% से अधिक काम अभी भी बाकी है ठेकेदार व विभाग के द्वारा काम को पूरा करने में रुचि नहीं लिया जा रहा है उनकी लापरवाही के चलते बोड़ला जोक पानी कुरलू पानी के लोगों को आवागमन की समस्याएं हो रही है चार पहिया वाहन दो पहिया वाहनों को नदी के बीच से ही घूम कर जाना पड़ रहा है नदी में पानी से होकर गुजरना पड़ता है जिससे स्कूली बच्चों के कपड़े भी भीग जा रहे हैं बरसात के दिनों में तो लगभग इन दो गांव का संपर्क कट जाता है ग्रामीणों की इन्ही समस्याओं को लेकर पुलिया का निर्माण किया गया था लेकिन लोगों को अभी समस्याओं से निजात नहीं मिली।

## ग्रामीणों में आक्रोश

पूल निर्माण में भर्ती जा रही लेट जाती थी वह लापरवाही से ग्रामीणों में जमकर नाराजगी बात है जारी होने के बाद 21 4 2022 को कार्य देश जारी होने के बाद ठेकेदार को 20 3 2023 तक पुल निर्माण का कार्य पूरा करके देना था लेकिन लगभग 4 वर्ष पूरे होने को है पूल निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है इन सब के लिए ग्रामीण ठेकेदार और विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदार मानते हैं ग्रामीणों का मानना है कि ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों के मिली भगत के चलते ही पुल निर्माण कार्य नहीं हो पाया है।

## प्रशासनिक उदासीनता

ग्रामीणों का मानना है कि वनांचल क्षेत्र में पुल निर्माण कार्य में देरी होने के कारण प्रशासन के द्वारा इन निर्माण कार्यों में रुचि नहीं लिया जाना रहा है इसलिए तो विभाग के अधिकारियों के द्वारा इस विषय में ठेकेदार के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है सेतु निगम द्वारा बनाया जा रहे पुलिया के निर्माण पर क्षेत्रीय नेता दीपक माग्रे बन्टी जलेश आदि ने कहा पुल निर्माण में देरी प्रशासनिक विभागीय उदासीनता व ठेकेदार के कार्य करने की क्षमता में कमी को प्रदर्शित करता है 2022 को जारी हुए कार्यदेश में 20.3.2023 को कार्य पूर्ण करने का कहा गया था लगभग 4 साल बीतने को है लेकिन अभी भी 25% से अधिक काम बाकी है दोनों और एप्रोच रोड बनने बाकी हैं उनमें भी घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह वनांचल का क्षेत्र जहां बैगा आदिवासी परिवार निवास करता है इसलिए प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा मैदानी क्षेत्र होता तो क्या ऐसा होता। ठेकेदार के द्वारा बरती जा रही लापरवाही व निर्माण सामग्री सबकी जांच होनी चाहिए।

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता अंडर 14 बालक कबड्डी टीम डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में परचम लहराया

## डीएवी जांता के बच्चे नेशनल स्पोर्ट्स में हिंदुस्तान में रचा इतिहास

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



डीएवी सीएमसी नेशनल स्पोर्ट्स दिल्ली व स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) भारत के ओर से दिल्ली के खेल गांव में आयोजित 3 दिवसीय (अंडर 14) नेशनल स्पोर्ट्स में, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता अंडर 14 बालक कब्बड्डी टीम ने परचम लहराया है।इस आयोजन में भारत भर के 28 राज्यों ने भाग लिया था।छत्तीसगढ़ डीएवी की ओर से बेमेतरा जाता प्रतिनिधित्व कर रही थी। टीम को लीड कर रहे संस्था के प्राचार्य पीएल जायसवाल ने बताया कि टीम ने गुजरात को क्वाटर फाइनल में, हरियाणा को सेमीफाइनल में हरा कर फाइनल पहुंची। फिर फाइनल मुकाबला झारखंड से हुआ। प्रिंसिपल ने कहा कि हमारे कोच व टीम के बेहतर समन्वय का परिणाम था कि इस महासमर में हमारी संस्था को प्रदेश का नाम रोशन करने का अवसर मिला। व नेशनल स्पोर्ट्स में हिंदुस्तान के कुल 22 राज्य के लगभग 20 बीस हजार छात्र छात्राओं ने भाग लिए थे, जिसमे डी ए वी जांता ने गोल्ड मेडल लाकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया अब कहने में यह दूर नहीं होगा कि डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल की जब स्थापना व परिकल्पना कि गयी तो बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर जो उम्मीद बनाए थे वे अब साकार हो रहे है साथ ही बेहतर शिक्षा और राष्ट्रीय स्तर के खेलो में डी ए वी स्कूल ने छात्रों के सपनों को साकार करते हुए व उनके उज्जवल भविष्य को गढ़ते हुए डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल ने छत्तीसगढ़ राज्य का मान बढ़ाया है, डी ए वी स्कूल जांता में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर के खेलों में अपना एक नया आयाम बच्चों के लिए बेहतर से बेहतर स्थान बना रहे हैं। विद्यालय के ओर से अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 36 विद्यार्थियों का चयन हो चुका है सभी कबड्डी के तीनो स्तर अंडर 14,अंडर 17,व अंडर 19 सभी स्तरों पर डीएवी जांता के बच्चे प्रत्येक वर्ष नेशनल स्तर खेल में भाग लेते आए हैं। छत्तीसगढ़ डीएवी संस्थान के प्रमुख व रीजनल ऑफिसर प्रशान्त कुमार व सहायक रीजनल ऑफिसर डॉ बीपी साहु ने सभी छात्र-छात्राओं उनके माता पिता व विद्यालय परिवार को इस बड़ी उपलब्धि हेतु बधाई व शुभकामनाएं दिए। संस्था के खेल शिक्षक अकलेश पटेल के नेतृत्व में यह उपलब्धि हाशिल हुआ हैं साथ ही विद्यालय के शिक्षक ललित देवांगन, अनिल चन्द्रवंशी, कैलाश सिंह ,गोविंद साहू, राजा तन्तुवेय, छोटू राम साहू, निशु गुप्ता, आयुषी जैन,मनीषा सोनी, रितिका साहू, रेणुका पटेल, सरिता साहू, दीपिका वर्मा, अभिषेक दुबे, नम्रता चतुर्वेदी, मधुस्मिता, उमेश साहू, विमल साहू, कुसुम साहू, देवीका जैन, सुखदेव, विजय, नरेश, रुकमणी, रामेश्वरी, युवराज़ आदि सभी ने बच्चों के इस उपलब्धि के लिए हर्ष व्यक्त किए हैं।

# जिले के समस्त आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मे शिक्षक हेतु 83 संविदा पदों पर आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अन्तर्गत प्रबंधन समिति दाढ़ी, शिवलाल राठी बेमेतरा, सिंधौरी, कुसमी, हसदा, कठियारांका, ठेलका, बेरला, थानखम्हरिया, परपोड़ी, राजामोहगांव, साजा, देवरबीजा, देवकर, मारो, नांदघाट एवं नवागढ़ जिला बेमेतरा के लिए 31 पद व्याख्याता (अंग्रेजी माध्यम), 14 पद शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम). 01 पद शिक्षक हिन्दी / संस्कृत, 33 पद सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम), 01 पद सहायक विज्ञान प्रयोगशाला (अंग्रेजी माध्यम), 01 पद व्यायाम शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) एवं 02 पद ग्रंथपाल (अंग्रेजी माध्यम) कुल 83 संविदा पद पर शिक्षकों की अस्थायी रूप से नियुक्ति हेतु योग्यताधारी आवेदकों से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से आवेदन पत्र जमा कर सकते है। विज्ञापन की प्रति जिला बेमेतरा के शासकीय वेब साईट https// bemetara. gov. in में अपलोड किया गया है। आवेदक आवेदन पत्र का प्रारूप जिले के वेबसाईट https// bemetara. gov. in से डाउनलोड कर सकते है। आवेदन स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा जिला बेमेतरा पिन कोड 491335 में 16 दिसम्बर 2024 सायं 5.00 बजे तक जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें।

# अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु : पंडित लोकेश शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



ग्राम मेड़की में पिपलेश्वर हनुमान मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार को पंडित लोकेश शर्मा ने व्यास पीठ से कृष्ण जन्मोत्सव, राम कथा, समुद्र मंथन और गजेंद्र मोक्ष की कथा विस्तार से बताया। पंडित ने कहा कि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है, अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। जैसे ही कथा के दौरान कृष्ण जन्म का प्रसंग आया और कथा पंडाल में भगवान कृष्ण, वासुदेव मथुरा से गोकुल पहुंचने का अभिनय करते हुए मंच की ओर बढ़ने लगे वैसे ही पूरा पंडाल जयकारा से गुंजने लगा। मुख्य जजमान और सह जजमानों ने भगवान कृष्ण व वासूदेव की अगवानी करते हुए कथा मंच पर ले गए। कृष्ण जन्मोत्सव का गीत कथा वाचक ने नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की भजन प्रस्तुत किया तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु झूम झूम कर नाचने लगे। पूरा कथा पंडाल भक्तिभाव से गोकुल नजर आने लगा।इस अवसर पर कृष्ण जन्म की बधाई दी गई। समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं को पंजरी, तीली की लड्डू और चॉकलेट प्रसाद स्वरूप दिया गया।

## देवकी का आठवां पुत्र कंस का होगा काल

पंडित लोकेश शर्मा ने कहा कि अमरत्व पाने के लिए कंस ने घोर तपस्या की, जिस पर प्रसन्न होकर शिव ने उन्हें दिव्य धनुष प्रदान किया। जिसे लेने के बाद उसने अपने पिता को बंधक बनाकर जेल में डाल दिया और खुद राजा बन गया। उसने अपनी बहन देवकी का विवाह वसुदेव के साथ किया। विदा करते समय आकाशवाणी हुई कि देवकी का आठवां पुत्र तेरा काल होगा। इस बात से कुंठित कंस ने देवकी का वध करना चाहा, इस पर वसुदेव ने कहा कि में आठवां पुत्र उसे पैदा होते ही दे देंगे। जिस पर कंस मान गया और कारावास में डाल दिया।

## श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर भाव विभोर हो उठे श्रद्धालु

श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। उन्होंने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा, सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई तो उसे अपनी इस संतान को मृत्यु का भय सता रहा था, भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते है, भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान कृष्ण गोकुल पहुंच गए। पंडित ने कहा कि जब जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब तब भगवान धरती पर अवतरित होते है।

## गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाई

पंडित लोकेश शर्मा के कहा कि जब श्री हरि नंगे पैर भागे चले आए, उसके भक्ति भाव से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से उस ग्राह का अंत करके गजेंद्र की रक्षा की, इस प्रकार से भगवान श्रीहरि ने गजेंद्र को श्राप से मुक्त करके अपना वारिश बनाया, उनके हाथों मृत्यु पाकर ग्राह भी मोक्ष का अधिकारी बना।

## भगवान राम सभी नैतिक गुणों से संपन्न

पंडित ने संक्षिप्त में प्रभु राम अवतार का श्रवण कराया। उन्होंने बताया की भगवान राम अपने आचरण के लिए मर्यादा पुरूषोत्तम कहे जाते है क्योंकि भगवान राम सभी नैतिक गुणों से संपन्न है। प्रभु राम के द्वारा सभी दैत्यों का संहार किया गया. और मां सीता के हरण के बाद हनुमान से प्रभु की भेंट हुई व लंका दहन के साथ के पश्चात रावण वध का श्रवण कराकर भगवान राम के जीवन का संक्षिप्त रूप मे श्रवण कराया। कथा के दौरान महिलाओं ने श्रीकृष्ण आरती भी की। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# शिकसा भूले बिसरे गीत मया पिरीत का हुआ आयोजन

## शिकसा भूले बिसरे गीतों का संर्वधन कर रहा है : शिवनारायण

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने कला व संस्कृति के संर्वधन व विलुप्त हो रहे छत्तीसगढ़ी गीतों को पुनः स्मरण करने छत्तीसगढ़ी भूले बिसरे गीत मया पिरीत का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान के उपस्थित व टीकाराम सारथी प्राचार्य चुरतेली सक्ती के अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना मंजूलता मेरसा कृष्णा मानसी व्याख्याता सलहा बिलासपुर व राजगीत नैना साहनी प्रधान पाठक सारंगढ़ बिलाईगढ़ ने प्रस्तुत कर किया। सर्वप्रथम संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने कार्यक्रम के विषय में जानकारी दिया और कहा शिकसा भूले बिसरे गीतों के संर्वधन करने निरंतर कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहे है। इसमें ज्यादा से ज्यादा शिक्षक शामिल होकर अपनी प्रतिभा को पहचान दे सकते है। तदपश्चात प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, महासचिव डॉ.बोधीराम साहू, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर व कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान ने अपना अपना उदबोधन प्रस्तुत करते हुए शिकसा व कार्यक्रम के विषय में जानकारी दिया गया। अंत में कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे टीकाराम सारथी ÷हसमुख÷ ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में सबका समीक्षा करते हुए अपनी बात रखे अंत में गीत सुनाकर मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में मदनलाल तोमर व्याख्याता खुरसुला सारंगढ़ बिलाईगढ़, चन्द्रकला शर्मा प्रधान पाठक वार्ड 12 बेमेतरा, शशिकला पाण्डेय उ.वर्ग शिक्षक कुरुद भिलाई दुर्ग, विंध्यवासिनी पांडे सहा. शिक्षक मगरदा, डॉ. प्रमोद आदित्य से.नि. प्राचार्य सिवनी चांपा जांजगीर, रामलाल कोसले प्रधान पाठक बछौद जांजगीर, हेमा चन्द्रवंशी प्रधान पाठक खुर्सीपार भिलाई, रेखा पात्रे सहा. शिक्षक डोंगियापारा सक्ति, सुमनलता साहू सहा. शिक्षक मोहतरा बेमेतरा, मोहित कुमार शर्मा शिक्षक परसदा पाटन दुर्ग, शिवकुमार अंगारे से.नि. शिक्षक बंगला मटिया बालोद, ओ.पी. कौशिक रतनपुरिहा प्रधान पाठक कुड़कई पेंडरा, रामकुमार पटेल व्याख्याता मचखंडा बिलासपुर, तारा बन्छोर प्रधान पाठक इन्दिरा नगर चरोदा, निशा गुप्ता चौधरी शिक्षक सोंठी सक्ती, श्यामलाल कोर्राम प्राचार्य सिंगनपुर केशकाल, सावित्री शराफ शिक्षक सुकली जांजगीर, किरण शर्मा व्याख्याता उतई दुर्ग, हरमन कुमार बघेल व्याख्याता आरंग रायपुर आदि ने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन हरमन कुमार बघेल व्याख्याता आरंग रायपुर व आभार प्रदर्शन डॉ. शिवनारायण देवांगन आस संयोजक शिकसा ने किया।

# छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों का चौथा दिन भी शांतिपूर्ण हड़ताल जारी रहा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान में जिला स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल का चौथा दिवस भी जारी रहा। जिसमें संघ की प्रमुख मांगों में प्लेसमेंट कर्मचारियों ठेका प्रथा समाप्त कर कर्मचारियों को निकाय कर्मचारी का दर्ज दिया जाए, निकाय में विगत 5 वर्ष से अधिक कार्यरत कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए, शासन की घोषणा अनुसार अन्य विभागों के तर्ज पर 4000 प्रतिमाह श्रम सम्मान राशि प्रदान किया जाए, नगर पालिका परिषद बेमेतरा मे मई 2022 से जुलाई 2023 तक का लंबित ईपीएफ एवं ईएसआईसी राशि भुगतान किया जाए, नियमित वेतन भुगतान दिया जाए। शासन द्वारा मांगों को गंभीरता से नहीं लेने के कारण महासंघ द्वारा निश्चित कारण हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है कि नगरीय निकाय के समस्त मूलभूत सुविधा जैसे सफाई कार्य, जल कार्य, विद्युत कार्य, कार्यालय कार्य लोक सेवा, कार्य सब बंद रहेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों के मनोबल तोड़ने हेतु कोशिश की जा रही है किंतु प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा दृढ़ निश्चय किया गया है कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी हम हड़ताल स्थान से नहीं हटेंगे और न ही कम पर जायेंगे। लंबे समय से निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को शासन स्तर पर रखा जा रहा है, किंतु जनता की मूलभूत सुविधा का ध्यान रखने वाले कर्मचारियों के हक एवं लाभ से इन्हें वंचित किया जाता है। समय से अधिक कार्य एवं अल्प वेतन के कारण कर्मचारी अपनी आजीविका चला पाने में असमर्थ है जिसकी दुहाई लेकर ये अधिकारियों से गुहार लगाई जाती है किंतु इसकी भी सुनवाई नहीं की जाती जिस कारण यह कर्मचारी हड़ताल करने पर मजबूर है। हड़ताल स्थल पर राजेश पवार निखिल थानेश्वर प्रखर सोनी राहुल शर्मा गुनीत साहू तुलेश्वर चौहान धनंजय साहू कमलेश वर्मा प्रताप वाल्मीकि लक्ष्मी नारायण पात्रे दिनेश मंडले असित मानना विजय साहू बलदाऊ वर्मा सोनू जुनेजा राजकुमार बिसेन, मारो नगर पंचायत से नरेंद्र साहू मुनेंद्र पाटिल अशोक साहू एवं नगर पंचायत बेरला से नरेंद्र रामेश्वर सुरेश घासीदास, थानखम्हरिया, नवागढ़ से कर्मचारी एवं समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी जिला बेमेतरा उपस्थित रहे।

# डाकघर बीजाभाठ में ग्रामीणों के साथ हुए 6,06,900 रूपये गबन के आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

डाकघर विजय भारत में ग्रामीणों के साथ हुए 6,06,900 रुपए गबन करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया इस संबंध में पुलिस के द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी हेमलाल साहू उम्र 40 साल साकिन कृष्णा सिटी भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार वर्तमान पता कार्यालय उप संभागीय निरीक्षक डाकघर बेमेतरा जिला बेमेतरा ने 24.10.2024 को थाना हाजिर आकर एक लिखित आवेदन पर दिया कि 27.09.2024 को शाखा डाकघर बीजाभाठ में मेरे द्वारा वार्षिक निरीक्षण के दौरान शाखा डाकघर लेखा रजिस्टर 27.08.2024 तक भरा गया था, जिसके पश्चात मुझे डाकघर खाता डाकपाल संजीव कुमार वाकुर के ऊपर संदेह उत्पन्न होने पर खाताधारकों को बुलाकर डाकघर खाता धारको को वितरण किया हुआ पास बुक चेक करने पर पासबुक में दर्ज रकम एवं उसी खाते के फिनेकल लेजर में दर्ज रकम में अंतर पाये जाने से शाखा डाकघर बीजाभाठ के अन्य खाता धारकों को बुलाकर पासबुक चेक करने पर सभी खाताधारको के पासबुक में जमा रकम एवं उसी खाता के फिनेकल लेजर में जमा रकम में अंतर पाये जाने से शाखा डाकपाल संजीव कुमार ठाकुर के द्वारा 18.04.2012 से 27.09.2024 तक के कार्यकाल दौरान 22.06.2021 के सुबह 09.00 बजे से 11.09.2024 के 17.00 बजे के मध्य कुल 18 खाता धारको से कुल 6,06,900/ रूपये जमा कराकर धोखाधड़ी कर शासकीय पद का दुरूपयोग कर खाताधारकों के पैसों को गबन करना प्रारम्भिक जांच में पाये जाने से आरोपी संजीव कुमार ठाकुर पिता पुरुषोत्तम लाल ठाकुर पता पांगरी पोस्ट गोरकापार थाना गुण्डरदेही जिला बालोद के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने लिखित आवेदन पेश किये, प्रारंभिक जाँच में पाया गया कि उपरोक्त खातों में गबन के संबंध में सम्पूर्ण रूप से डाकघर में कार्यरत संजीव कुमार ठाकुर ग्राम पांगरी थाना गुन्डरदेही जिला बालोद के विरूद्ध एफ.आई.आर. करने के पूर्व से ही संजीव कुमार ठाकुर फरार हो गया है, कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 318 (4), 316 (5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के



## प्रकरण में विवेचना जारी

संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने तत्काल आरोपी के विरूध्द्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू को अपराध विवेचना हेतु थाना स्टाफ के साथ लगाया गया। प्रकरण में आरोपी संजीव ठाकुर की पत्नि के द्वारा गुम इन्सान की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि परिजनों के द्वारा पेश करने पर गुम इन्सान से दस्तयाब कर प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी संजीव ठाकुर से पूछताछ करने पर पता चला कि डाकघर शाखा बीजाभाठ बेमेतरा में सन् 2021 से 2024 के मध्य सुकन्या समृद्धि योजना, फिक्स डिपाजिट, बचत खाता व आर.डी. खाता ग्रामीणों के द्वारा खुलवाया खाता में ग्रामीणो के द्वारा रूपये पैसा जमा किया गया था जिसकी पावती देकर मुल रजिस्टर में इन्द्राज ना कर अलग-अलग खाता से गबन करना स्वीकार किया। प्रकरण में विवेचना लगातार जारी है। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी संजीव कुमार ठाकुर पिता पुरूषोत्तम ठाकुर उम्र 37 साल ग्राम पांगरी पोस्ट गोरकापार थाना गुण्डरदेही जिला बालोद, हाल पता ग्राम बीजाभाठ थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, सहायक उप निरीक्षक दीनानाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, आरक्षक रामगोपाल निषाद, देवेन्द्र साहू, राहुल यादव, मनीष मिश्रा एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

# धान खरीदी केन्द्र में ग्रामीणो को नशा के खिलाफ, साइबर फ्राड, फर्जी काल, ठगी, यातायात पर किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए हमर पुलिस हमर बजार एवं हमर पुलिस हमर गांव अभियान की शुरुआत किया गया हैं जिसके माध्यम से आमजनो को जिले के हॉट/बाजारों एवं ग्रामों, स्कुल, कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में 05.12.2024 को हमर पुलिस हमर गांव के माध्यम से थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक डी.एल. सोना, थाना साजा से सहायक उप निरीक्षक बनवाली राम सोनकर, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह व अन्य स्टाफके द्वारा धान खरीदी केन्द्र परपोडी, साजा, बोरतरा में ग्रामीण अंचल से आये जनमानस को नशा मुक्ति के खिलाफ, सायबर, फर्जी काल, ठगी, यातायात नियमो व अन्य अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया। जिसमें नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। जनमानस को नशा नहीं करने संकलप व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बालिकाओं/महिलाओ पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतू महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई। साइबर अपराध, फर्जीकाल ठगी के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई।

# सर्वोदय पब्लिक स्कूल में हुआ तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com





नवगठित शक्ति जिले के मां चंद्रहासिनी देवी की पावन नगरी चंद्रपुर से लगे हीरापुर में स्थित सीबीएसई सर्वोदय पब्लिक स्कूल में दसवां तीन दिवसीय वार्षिक खेलकुद महोत्सव का आयोजन हुआ, यह वार्षिक खेलकूद 5 दिसंबर 2024 से 7 दिसंबर 2024 तक संपन्न होना है, इस खेलकुद महोत्सव के प्रथम दिवस पर उद्घाटन समारोह का शुभारंभ विद्यालय के खेल मैदान में हुआ जिसका प्रारंभ माता चंद्रहासिनी मंदिर चंद्रपुर में माता चन्द्रहासिनी के पूजन अर्चना कर मशाल प्रज्जवलित किया गया मशाल प्रज्वलित करने हेतु विद्यालय के संचालक मनोज अग्रवाल, किशोर अग्रवाल, वंशिता अग्रवाल प्राचार्य रामकृष्ण पंडा, खेल प्रमुख लोचन प्रकाश पटेल, अजय अब्राहम एवं शिक्षकगण व विद्यार्थीगण मंदिर पहुंचे हुए थे, मशाल मंदिर के प्रमुख पुजारी द्वारा प्रज्जवलित किया गया। माता के मंदिर से आशीर्वाद लेकर व मशाल प्रज्वलित कर चंद्रपुर नगर के मुख्य मार्ग में रैली भ्रमण कर हीरापुर में स्थित विद्यालय खेल मैदान पहुंचे। मां चंद्रहासिनी मंदिर चंद्रपुर से निकली इस मशाल यात्रा के विद्यालय परिसर में पहुंचने पर वार्षिक खेलकूद के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ हुआ, रैली में स्काउड बैण्ड व बुलेट बाईक व पटाखों की धूम रही। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि संयोगिता युद्धवीर सिंह जुदेव, आशीष पटेल नायब तहसीलदार डभरा मुख्य नगरपालिका अधिकारी चन्द्रपुर उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में विद्यालय के अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल रहे। बच्चों की रैली विद्यालय में पहुंचने की पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा का पूजन अर्चन व दीप प्रज्वलित कर एवं मैदान में स्थित मुख्य मशाल को प्रज्जवलित कर किया गया। मंचासिन समस्त अतिथियों का स्वागत तिलक अक्षत व पुष्प गुच्छ एवं टोपी पहनाकर व बैच लगाकर किया गया। अतिथियों द्वारा सर्वोदय पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव का ध्वजारोहण किया गया। ध्वजाररोहण उपरांत अतिथियों के समक्ष चयनित विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया एवं एक सुंदर नृत्य कार्यक्रम प्रदर्शित किया गया। नृत्य उपरांत अतिथियों द्वारा गुब्बारे के साथ दसवां वार्षिक खेलकुद उत्सव का प्रतीक खुले आसमान पर उन्मुक्त किया गया। मुख्य अतिथि संयोगिता सिंह जूदेव द्वारा तीन दिवसीय दसवां वार्षिक खेलकूद महोत्सव के उद्घाटन की घोषणा व सारगर्भित उदबोधन दिया गया व खेल के महत्व को समझाया गया उन्हाने अपने उद्बोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी अति आवश्यक है। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ अभिभावकों के लिए आयोजित खेल से हुआ जिसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अभिभावकों के सम्मान स्वरुप पुरस्कार की व्यवस्था की गई थी। फिर क्रमशः सभी खेलकुद आरंभ हुआ। प्रथम दिवस पर छोटे बच्चों के खेलकूद के कार्यक्रम रखा गया था एवं मुख्य रस्सी खींच प्रतियोगिता रहा, हीरापुर के सर्वोदय पब्लिक स्कूल के स्टेम दिवसीय खेल महोत्सव को सफल बनाने में जहां पूरा विद्यालय प्रबंधन जुटा हुआ है,तो वहीं विद्यालय के बच्चों में भी इस वार्षिक खेल महोत्सव को लेकर भारी उत्साह है, तथा विगत 9 वर्षो से निरंतर इस खेल महोत्सव का सफल आयोजन किया जा रहा है।

# मवेशी तस्कर करने वाले फरार आरोपी को पकड़ने में बम्हनीडीह–सायबर टीम को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




मवेशी तस्कर करने वाले फरार आरोपी को पकड़ने में बम्हनीडीह/ सायबर टीम को मिली सफलता। पूर्व में 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है न्यायिक रिमांड पर13.11.24 को सुबह थाना बम्हनीडीह/सायबर टीम को मुखबिर की सूचना मिली थी कि अशोक लाइलेंट वाहन क्रमांक CG 07-3929 में मवेशी परिवहन कर ले जा रहे है की सूचना पर पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में रेड कार्यवाही कर वाहन की चेकिंग की गई। मौके पर आरोपी 01. साहेब लाल कुर्रे निवासी पेंड्री थाना मस्तूरी 02. नफीस खान निवासी गंगरवा पोस्ट दबारा जिला सिवनी (मध्य प्रदेश) को पकड़ा गया था तथा मौके पर वाहन चेकिंग करने पर पाया गया कि कुल 22 नग भैंसें बरामद हुई, जिनमें से पांच भैंसों की वाहन में ही मृत्यु हो चुकी थी। आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से थाना बम्हनीडीह में अपराध क्रमांक 99/24 धारा छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10, पशु क्रुरता अधिनियम की धारा 11(घ), एवं BNS की धारा 325 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण के आरोपी नफीश खान एवं साहब लाल कुर्रे को गिरफ्तार कर 13.11.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। प्रकरण के आरोपी तौफिक कुरैशी उर्फ अदनान जो घटना दिनांक से फरार था जिसकी लगातार पुलिस द्वारा पातासाजी की जा रही थी। जिसकी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं SDOP चांपा यदुमणि सिदार के कुशल मार्गदर्शन में मुखबिर सूचना पर आरोपी को पकड़ा जिसको मवेशी तस्करी करने के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 05.12.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही निरी. राजीव श्रीवास्तव थाना प्रभारी बम्हनीडीह, उपनिरी पारस पटेल सायबर सेल प्रभारी एवं सायबर टीम, थाना बम्हनीडीह से.स्ड्ढ सुनील सिंह, आरक्षक पुनेश्वर आजाद, सचेंद्र साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# मुंगेली कोतवाली निरीक्षक संजय सिंह राजपूत को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिला का सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

थाना लोरमी के अपराध क्रमांक 314/24 धारा 318(4) बीएनस 66 आईटी एक्ट में जिसमे आरोपी फवाज़ मुहम्मद निवासी मालापुरम केरल द्वारा डिजिटल अरेस्ट कर प्रार्थी डॉक्टर दीपक लॉज से लगभग 800000 आठ लाख की धोखाधड़ी की गई एवम थाना सरगांव के अपराध क्रमांक 154/24 धारा धारा 318(4) बीएनस 66 आईटी एक्ट जिसमे आरोपियो द्वारा प्रार्थी बजरंग साहू से लगभग 700000 सात लाख रुपए की बैंक अधिकारी बनकर धोखाधड़ी की गई थी जिसमे दोनों प्रकरण के आरोपियो की क्रमश 'केरल और दिल्ली से आरोपी को गिरफ्तार' करने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की और धोखाधड़ी के लगभग 'शत प्रतिशत रकम' बरामद करने के फलस्वरूप निरीक्षक संजय सिंह राजपूत को 2024' के सम्मान से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं राज्य में पुलिस के मुखिया अशोक जुनेजा द्वारा सम्मानित किया गया।

# निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ पहचान एवं उपचार अभियान के संबंध में जिला स्तर पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. प्रभात चन्द्र प्रभाकर के अध्यक्षता एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे, एवं जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे के मार्गदर्शन में एक दिवसीय निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ पहचान एवं उपचार अभियान के संबंध में एवं जिले में टीबी, कुष्ठ एवं वयोवृद्ध देखभाल हेतु गतिविधियां कार्यक्रम के माध्यम से किये जाने हेतु जिला स्तर पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मुंगेली के सभाकक्ष में 04 दिसम्बर 2024 को आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. रितु कश्यप के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा यह बताया गया कि, यह अभियान 07 दिसम्बर 2024 से 24 मार्च 2024 तक 04 चरण में संपूर्ण जिले में आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के तहत जिले के समस्त विकासखण्डों (ग्रामीण एवं शहरी) में कार्यक्रम किया जायेगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा मितानीनो के माध्यम से घर-घर सर्वे कर उच्च जोखिम एवं टीबी, कुष्ठ, शंकास्पद, वयोवृद्ध देखभाल संबंधित जानकारी संकलित कर जांच पश्चात् पुष्टि कर उपचार प्रारंभ कर फॉलोआप करने के निर्देश दिये। जिला क्षय अधिकारी के द्वारा इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदाय कर सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उत्तरदायित्व की चर्चा की इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रविशंकर प्रसाद देवाँगन, समस्त नोडल अधिकारी, समस्त खण्ड़ चिकित्सा अधिकारी, समस्त एमओटीसी, समस्त विकाखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, जिला डाटा प्रबंधक, जिला मितानीन समन्वयक, ब्लाक मितानीन समन्वयक, एनटीईपी स्टाफ, एनएलईपी स्टाफ एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# अग्रवाल समाज के परिचय सम्मेलन को लेकर प्रदेश पदाधिकारी कर रहे दौरा

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा 11 एवं 12 जनवरी 2025 को राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्री रामस्वरूप दास निरंजन लाल धर्मशाला में आयोजित अग्रवाल समाज के 13 वें अखिल भारतीय एजुकेटेड विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है, विगत दिनों रायपुर में संपन्न प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के पश्चात मंच के पदाधिकारीयो को विभिन्न सभाओं में परिचय सम्मेलन से संबंधित बैठक आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई थी, इसी श्रृंखला में मंच के प्रदेश संरक्षक एवं कार्यक्रम संयोजक कन्हैया अग्रवाल के मार्गदर्शन में मंच के पदाधिकारीयो ने सारंगढ़, सरायपाली, सहित विभिन्न सभाओं का दौरा किया, इस दौरान सारंगढ़ के अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा एवं अग्रसेन सेवा संघ के द्वारा आयोजित बैठक में परिचय सम्मेलन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई तथा समाज बंधुओ को इस परिचय सम्मेलन में अधिक से अधिक बायोडाटा भरवाने का आग्रह भी किया गया। वहीं डोंगरगढ़ शहर में भी मंच के स्थानीय अध्यक्ष गणेश नरेड़ी के मार्गदर्शन में अग्रवाल समाज के बंधुओ की एक बैठक आयोजित कर उन्हें परिचय सम्मेलन की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि यह एजुकेटेड परिचय सम्मेलन अग्रवाल समाज का राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है,जिसमें अग्रवाल समाज के विवाह योग्य लड़केट्ट लड़कियां काफी संख्या में सम्मेलन में आते हैं, तथा इस सम्मेलन के अवसर पर परिचय पत्रिका का भी प्रकाशन किया जाएगा।

# नशे के खिलाफशक्ति पुलिस का अभियान पुलिस ने जब्त की अवैध महुआ शराब

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com




थाना सक्ती, जिला सक्ती अपराध क्र. 430/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा के निर्देश पर नशीले पदार्थ के कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है,अवैध रूप देशी प्लेन शराब बिक्री हेतु रखने वाला आरोपी सोपाल सतनामी साकिन जामपाली थाना सक्ती की गिरफ्तारी हुई है, आरोपी के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 600/- रूपये जब्त हुई है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भापुसे) द्वारा नशीले पदार्थो के कारोबारियों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के दिये गये दिशा निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल (रा.पु.से.) एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात कर सूचना संकलन किया जा रहा है कि 05.12.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम जामपाली निवासी सोपाल सतनामी अवैध रूप से अपने घर के आगन में बिक्री करने के लिए कच्ची महुआ शराब रखा है कि सूचना पर पुलिस स्टाफएवं गवाहन के मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही किया जो सोपाल सतनामी के कब्जे से 05 लीटर क्षमता वाली एक पीले रंग की जेरिकेन में 05 लीटर एवं 01 लीटर वाली प्लास्टिक बाटल में 01 लीटर कुल 06 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 600/- रूपये। रखे हुये रंगेहाथ पकड़ा गया। जिसे उक्त शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज/लायसेंस हो तो पेश करने हेतु नोटिस दिए जाने पर कोई वैध दस्तावेज या लायसेंस नहीं होना लिखित में दिया जिससे उपरोक्त शराब को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

# महतारी वंदन योजना से जीवन की राह हुई आसान महिलाओं के जीवन में आई तरक्की और खुशहाली, शासन-प्रशासन का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक उन्नति के लिए महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। इस योजना से न केवल महिलाओं के मान-सम्मान में वृद्धि हुई है, बल्कि उनके जीवन जीने की राह आसान हो गई है। महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही है। मुंगेली जिले के ग्राम हथनीकला की चंद्रकली साहू बताती है कि पहले पैसे के लिए बहुत परेशानी होता था। घर में किसी का स्वास्थ्य खराब हो जाने या जरूरी सामान के लिए दर-दर भटकना पड़ता था। सेठ-साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था। तब जाकर आवश्यकताएं पूरी हो पाती थी, लेकिन जब से प्रदेश में विष्णु देव की सरकार बनी है, खाते में प्रतिमाह 1000 रुपए आना शुरू हुआ है, तब से इन सब समस्याओं से निजात मिल गया है। साहू बताती है कि महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें अब तक 10 किस्त की राशि प्राप्त हो चुकी है। वह इस राशि का उपयोग अपनी खेती-किसानी सहित विभिन्न कार्यो में करती है, जिसका लाभ भी देखने को मिल रहा है। खेती किसानी अब उनके लिए अतिरिक्त आमदनी का जरिया बन गया है। इसी तरह जरहागांव की तोरण बताती है कि उनके पति का निधन हो गया है, ऐसे स्थिति में महतारी वंदन योजना की राशि उनके लिए बड़ा सहारा है। इस योजना की राशि का उपयोग करके वह अपने बच्चों का भरण-पोषण कर पा रही है। साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से संबल मिला हैं। बता दें कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत जिले के 2 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिल रहा है। इस योजना से न केवल श्रीमती चंद्रिका बाई, श्रीमती तोरण बल्कि उनके जैसे हजारों महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। जिले की महिलाएं इससे काफी खुश हैं और शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# कृषक उन्नति योजना से किसानों की आर्थिक तरक्की एवं उन्नति का खुला द्वार

■ सांय-सांय योजनाओं का लाभ देने के लिए किसानों ने शासन-प्रशासन का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश में खेती-किसानी को बढ़ावा देने, फसल उत्पादन को प्रोत्साहित करने और किसानों की आर्थिक तरक्की के लिए कृषक उन्नति योजना शुरू की गई है। इस योजना के जरिए न केवल किसानों के जीवन में खुशहाली आ रही है, बल्कि इससे मिलने वाली राशि का उपयोग करके किसान अपने जीवन को नई दिशा दे रहे हैं। उनके जीवन में आर्थिक उन्नति का द्वार खुल गया है। किसान ट्रैक्टर सहित विभिन्न कृषि उपकरण खरीदकर व नवीन तकनीकों का प्रयोग करके खेती-किसानी से आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं। मुंगेली जिले के ग्राम डाड़गांव के किसान चंद्रिका प्रसाद बताते हैं, कि पिछली सरकार में अंतर की राशि चार किश्तों में मिलने के कारण किसी बड़े कार्य के लिए सोच नहीं पाते थे। उनका सपना ट्रैक्टर खरीदकर बेहतर तरीके से खेती-किसानी करने का था। विष्णुदेव साय सरकार में उनका यह सपना साकार हो गया। कृषक उन्नति योजना के तहत उन्हें 90 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई है। वह इस राशि से अपने लिए ट्रैक्टर खरीदा है। जिसके माध्यम से अब वे खेती-किसानी सहित विभिन्न कार्यों को आसानी से कर पा रहे हैं। साथ ही ट्रैक्टर की किश्त जमा करने में भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं है। बता दें कि शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की जा रही है। इससे न केवल किसानों के जीवन में खुशहाली आ रही है, बल्कि किसानों के मान-सम्मान में भी वृद्धि हुई है। विष्णुदेव साय सरकार बनने के बाद योजना के तहत मार्च 2024 में जिले के 01 लाख 01 हजार 954 किसानों के खाते में 512.23 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है। इससे न सिर्फ चंद्रिका प्रसाद बल्कि कई ऐसे किसान है, जिनके जीवन में बदलाव आया है। साय सरकार में किसानों को कृषक उन्नति योजना सहित विभिन्न योजनाओं का सांय-सांय लाभ मिल रहा है। जिससे जिले के किसानों में हर्ष व्याप्त है। किसानों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार भी जताया है।

## सीएम कैम्प कार्यालय की पहल से गांव हो रहे रौशन,17 ग्रामों में विद्युत समस्याओं का किया गया निवारण

# विद्युत समस्याओं से ग्रामीणों को मिल रही निजात, अब कृषि भी होगी खुशहाल

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में जिले में लो वोल्टेज और बाधित विद्युत आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों के जीवन में उजाला फैल रहा है। मुख्यमंत्री की पहल पर क्षेत्रवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए बगिया में खोले गए कैम्प कार्यालय की सजगता से विद्युत आपूर्ति संबंधित समस्याओं पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। त्वरित गति से हो रहे कार्यों से लोगों में काफी प्रसन्नता है। कैंप कार्यालय की पहल पर विगत दिनों सूजीबहार में एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर एवं जंगलटोली में एक ट्रांसफार्मर लगाने की मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों स्थानों पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। वही ग्राम देवरी के कोरवा टोली, सुकबासूटोली, कुम्हारटोली में खंबे तो लगे थे पर ट्रांसफार्मर नदारद होने से विद्युत आपूर्ति बाधित थी वहां ट्रांसफॉर्मर को स्वीकृति एवं वहीं देवरी के ही झरियादीपा में लो वोल्टेज की समस्या पर कार्यवाही करते हुए उस कार्य की निविदा प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। ग्राम फरदबहार एवं ग्राम पंचायत खरीबहार के आश्रित ग्रामों जुनवाईन एवं बरडीह में विद्युत पोल होने के बावजूद विद्युत लाइनें ना होने पर उसमें विद्युत लाइने बिछाने का कार्य स्वीकृत कर निविदा कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। ग्राम सागजोर के ढ़ोगेलडीपा में विद्युत आपूर्ति व्यवस्थित करने हेतु अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की मांग पर कार्य आदेश जारी किया गया है एवं ग्राम कांसाबेल में हाई स्कूल कॉलोनी में विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत पोल स्थापित कर लाइन विस्तार की मांग पर आरडीएसएस स्कीम के तहत स्वीकृत किया गया है। ग्राम पंचायत चोंगरीबहार में लंबे समय से विद्युत पोल के टूट जाने पर उसे बदलवाने की मांग पर निविदा कर कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। ग्राम कोहपानी के यादवपारा एवं मंदिरपारा में लो वोल्टेज की समस्या पर थ्री फेस कनेक्शन लगवाने की व्यवस्था हेतु निविदा कार्य प्रारम्भ किया गया है। ग्राम पंचायत खरकट्टा के पंडरीपानी, सुकवासुपारा, दर्रीपारा मोहल्लों में लो-वोल्टेज की समस्या निराकरण हेतु लाइनों के विस्तार की मांग एवं ग्राम पंचायत शेखरपुर में सब स्टेशन निर्माण की मांग पर कार्य को स्वीकृति प्रदान कर निविदा की कार्यवाही की जा रही है।

# विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में टाइम मैनेजमेंट और सेल्फ डिसिप्लिन अहम: डॉ विनायक साय

## एनएसएस शिविर के पांचवें दिन शामिल हुए डॉ. साय

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन बौद्धिक परिचर्चा में जशपुर जिला के एन एस एस जिला संगठक डॉ विनायक साय उपस्थित हुए. डॉ साय के प्रथम बार शिविर आगमन पर स्वयं सेवकों में काफी उत्साह देखने को मिला.बगीचा ब्लॉक के ग्राम पंचायत भीतरघरा के अंतर्गत ग्राम गोवासी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर में अपनी उपस्थिति देकर डॉक्टर विनायक ने सभी को प्रसंचित कर दिया साथ ही एक कर्मठ एवं सशक्त एनएसएस अधिकारी होने का उदाहरण भी प्रस्तुत किया. शिविर के स्वयंसेवकों ने अपनी खुशी का इजहार एक खूबसूरत स्वागत गाने से किया. बौद्धिक परिचर्चा में शामिल होकर डॉ साय ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर बात की. उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का एक माध्यम है एनएसएस के प्लेटफार्म से निःसंदेह एक स्वयंसेवक आगे अपनी मंजिल तक पहुंच सकता है उन्होंने बताया कि जीवन को सफल बनाने के लिए सेल्फडिसिप्लिन अति आवश्यक है. डॉ साय ने सभी को पढ़ाई में अव्वल रहने की सलाह दी तथा सकारात्मक कंपटीशन पर जोर दिया उन्होंने जीवन में सफल होने के कई मंत्र बताएं तथा खास तौर से लड़कों को एकेडमिक में सीरियस रहने की बात कही. डॉ साय के प्रेरणादायक उदबोधन से सभी छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए. डॉ साय की विनम्रता एवं शालीन व्यक्तित्व से सभी स्वयंसेवक प्रभावित हुए आज का दिन स्वयंसेवकों के लिए एक यादगार पल है।

# बालको ने माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन अनुकूल स्कूल बनाने के लिए चलाया अभियान










पायनियर संवाददाता ◄ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने सामुदायिक विकास परियोजना 'नयी किरण' के अंतर्गत मितान भवन में दो दिवसीय जिला स्तरीय माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन (एमएचएम) प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। कोरबा जिले के 113 माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक प्रतिनिधियों को माहवारी स्वच्छता के अनेक आयामों से परिचित कराया गया। साथ ही कार्यक्रम में एमएचएम पर एक माड्यूल-1 भी लांच किया गया। 'नयी किरण' परियोजना का उद्देश्य महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता के जैव वैज्ञानिक पहलुओं, स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों और उनके समाधान, पोषण आहार आदि से परिचित कराना है।

बालको की नई किरण परियोजना के अंतर्गत एमएचएम फ्रेंडली स्कूलों के निर्माण के लिए विशेष रूप से मॉड्यूल डिजाइन की गई है। इसका उद्देश्य शुरूआत से ही विद्यार्थियों को किशोर स्वास्थ्य, माहवारी संबंधी मिथकों और भ्रांतियों के प्रति जागरूकता तथा प्रबंधन एवं स्वच्छ प्रथाओं का विकास करना है। स्कूल के बच्चों को जागरूक करने के लिए 'एमएचएम किट'- पैड, पैड सिलाई सामग्री, कैसे प्रयोग करें, साबुन और डिस्पोजल एवं डस्टबिन की व्यवस्था है। इसके साथ ही प्रशिक्षण सत्रों में सभी प्रतिनिधियों को शारीरिक समझ, किशोरवस्था में आने वाले बदलाव, माहवारी स्वास्थ्य एवं प्रबंधन तथा स्वच्छता के बारें में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

इस पहल के तहत वर्ष 2023 से सरकारी एवं प्राइवेट प्रशिक्षित स्कूलो की संख्या 71 से बढ़कर 113 हो गई है। प्रत्येक स्कूलों से एक टीचर को 'एमएचएम साथी' बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। कैंपेन का उद्देश्य एक न्यायसंगत और समावेशी स्कूल बनाना है जहां बच्चे माहवारी के बारे में सामान्य तरीके से बातचीत कर सके। बीते वर्ष इस कैंपने के अंतर्गत लक्षित क्षेत्रों में माहवारी संबंधी उत्पाद, अस्पतालों और क्लीनिक के सेवा प्रदाताओं से माहवारी पर बातचीत और पारदर्शी पैकेजिंग को खुले तौर पर अपनाने की शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको की नयी किरण परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र की किशोरियों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य स्तर में उत्तरोत्तर सुधार तथा माहवारी संबंधी भ्रांतियों और शंकाओं का समाधान करना है। इसके अंतर्गत लक्षित वर्ग को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के लिए उन्हें अनेक गतिविधियों से जोड़ा गया है। स्कूलों में माहवारी के प्रति जागरूकता अभियान से बेहतर भविष्य का निर्माण होगा। समाज में माहवारी के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के प्रति बालको प्रबंधन कटिबद्ध है।

बालको ने वर्ष 2019 से सार्थक जन विकास संस्थान के सहयोग से कोरबा जिले के 45 गांवों एवं नगर पालिक निगम क्षेत्रों में माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता परियोजना लागू की। परियोजना के अंतर्गत 600 से अधिक एमएचएम लीडर बनाएं गए जिसमें किशोर बालक, बालिकाएं, स्वं सहायता समूह, आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता और अध्यापकगण शामिल हैं। सभी लीडर समुदाय में जाकर माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक करनें में सक्षम हुई हैं। परियोजना के दायरे में समुदाय के लगभग 50000 से अधिक लोग शामिल हैं।

# विभिन्न विद्यालयों में परख परिक्षा का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, रायपुर द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत डी एम सी कमल नारायण चन्द्राकर,एपीसी सम्पा बोस महासमुन्द एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी , प्रकाशचंद्र मांझी के मार्गदर्शन में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 की परीक्षा कक्षा तीसरी, छठवीं एवं नवमीं के विद्यार्थियों हेतु को विकासखंड के शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त के जी कॉन्वेंट सरायपाली, नेशनल पब्लिक स्कूल बगाईजोर, केंद्रीय विद्यालय , जवाहर नवोदय विद्यालय छिंदपाली, आई ई एम स्कूल कुटेला, विसेंट पलोटी स्कूल कुटेला, सतपथी पब्लिक स्कूल तोषगांव,शास.प्राथ. शाला जटाकन्हार,सरस्वती शिशु मंदिर बलौदा,शास. उच्च प्राथमिक शाला किसड़ी, एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुण्डा, उच्च प्राथमिक शाला बोईरमाल,इवास इंग्लिश स्कूल झिलमिला, कृषक उच्च. माध्यमिक विद्यालय पाटसेन्द्री, कारमेल इंग्लिश स्कूल खरखरी, ग्रामीण हायर सेकेंडरी स्कूल तोषगांव,आइडेड प्राथमिक शाला कुटेला विद्यालयों में परख परीक्षा का आयोजन किया गया।

# आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 16 दिसम्बर तक

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान अंतर्गत दौनाझार एवं मानदीप में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये थे जिसमे परियोजना स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान आंगनबाड़ी सहायिका के 02 पदों के लिए अनंतिम वरीयता सूची जारी क़ी गई है। वरीयता सूची के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति करनी है तो समस्त दस्तावेज सहित कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान में 16 दिसम्बर 2024 तक व्यक्तिगत रूप से कार्यालयीन समय 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक आवेदन जमा कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

# महिला बाल विकास द्वारा दो दिवसीय टीकाकरण अभिमुखीकरण प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत के मनरेगा सभा कक्ष में टीकाकरण अभिमुखीकरण के दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी जी,आर, नारंग, सुपरवाइजर अनिता यदू, दीक्षा पटेल, मिथिला सिदार,बी,पी, एम,शीतल सिंह, सुपरवाइजर टी, लकड़ा,ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला एवं पुरुष संजीदा खान, श्रद्धा बेलकर, हीरालाल नायक, मुकेश पटेल, विरेन्द्र पटेल, , गायत्री यादव, मंदाकिनी साहू, मालती चौहान, माधुरी पंडा, पार्वती चौधरी, रुद्रा राणा एवं उपस्थित थे।

# ग्राम सोरिद में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 10 दिसम्बर

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 10 दिसम्बर 2024 को विकासखंड छुरा के ग्राम सोरिद गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित किया जायेगा। शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी शिविर में मौजूद होकर लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। शिविर में दवाई वितरण के लिए फर्मासिस्ट भी मौजूद रहेंगे। शिविर में औषधालय सेवक एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. निकिता ध्रुव ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच कराने एवं जरूरी स्वास्थ्य सलाह प्राप्त करने की अपील की है।

# सर्रा में हुआ रासेयो शिविर का समापन, सात दिन तक किए जनजागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम सर्रा में सप्त दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था जिसका समापन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच वीरेंद्र वर्मा अध्यक्षता सोनम यादव ने किया ।कार्यक्रम के समापन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी बीरेंद्र खरे ने कहा की सभी स्वयं सेवको ने सात दिवस तक गांव में प्रभात फेरी , परियोजना कार्य , संस्कृति कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता व नशा मुक्ति पर लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया। सभी स्वयं सेवको को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया। उक्त अवसर पर ईसज्ञा मेश्राम लक्ष्मीनारायण जलहरे आत्मा राम वर्मा दीप्ति वर्मा, त्रयंबिका साहू सुमन वर्मा वरिष्ठ स्वयं सेवक व महाविद्यालय के विधायक प्रतिनिधि पिंटू वर्मा वरिष्ठ स्वयं सेवक आरती वर्मा पूजा उर्वशी माधुरी देवीका टिकेश्वर दीप्ति शिविर नायक गैंदराम धीवर शिविर नायिका अन्नपूर्णा कनौजे युवराज,नीलम साहू, वाणी, नेहा, लक्की, अमन डिगेस हितेस्वरी, ज्योति, लक्ष्मी, गामनी शिवम ग्रुप योगेश कन्नोजे, थमेश, वीना, सागर, अनामिका, तोमनलता, रेखा, निलेश, नीलाम धीवर, सुनीता, अन्नु, सुंदरम ग्रुप, अन्नपूर्णा कन्नौजे, माधुरी, किरण घृतलहारे, संजना त्रिपाणी,आमनी रोहित नवीन घृतलहरे वर्षा रिहान लोकेश मधुरम ग्रुप ममता, सैलेंद्र, संजना धीवर , गायत्री,मधु , किरण वर्मा , हेनुका , विजय , विकास , सुरेंद्र, हेमकुमार संगम ग्रुप पुनेश्वर , साहिल ,आलोक, रंजीता , मनीषा ,सोनिया, स्वाति , यामिनी ,देवाशीष , मायाराम , दीपिका सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई 17 जनवरी 2025 को

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा मेसर्स प्रमोद टोण्डरे एवं तुलस रात्रे ग्राम बासीन तहसील राजिम जिला गरियाबंद के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए संयुक्त लोक सुनवाई का आयोजन के संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ है। भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रावधान अनुसार उक्त परियोजना के लिए लोक सुनवाई 17 जनवरी 2025 को दोपहर 12 बजे राजिम तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन बरभांठा में अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में की जायेगी।

## बालोद जिले के 385 स्कूलों में दिया जाएगा कराटे, का प्रशिक्षण

**दल्लीराजहरा ।** जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि बालोद जिले के 385 उच्च प्राथमिक शालाओं में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण अंतर्गत जुडो, कराटे, ताईक्वांडो, किक बॉक्सिग, मार्शल आर्ट आदि का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों के माध्यम से दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रशिक्षक 13 दिसबर 2024 तक आवेदन पत्र का प्रारूप जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कलेक्ट्रेट भवन बालोद के कक्ष मांक 68 में कार्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं।

# राजेश चतुर्वेदी सहायक शिक्षक के द्वारा अपनें जन्म दिवस के अवसर पर किया न्योता भोज कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला परवी में राजेश चतुर्वेदी सहायक शिक्षक के द्वारा अपनें जन्म दिवस के अवसर पर न्योता भोज कार्य म का आयोजन किया गया जिसमें शाला परिवार के समस्त बच्चों को खीर पूड़ी भजिया के साथ साथ चॉकलेट खिलाकर मुंह मीठा कराया गया, बच्चों के साथ उनके माता पिता शाला प्रबंधन समिति के सदस्य न्यौता भोज कार्य म में शामिल हुए हाई स्कूल परवी के समस्त शिक्षकों के द्वारा न्योता भोज कार्य म में शामिल होकर राजेश चतुर्वेदी को जन्मदिवस के अवसर शुभ आशीर्वाद प्रदान किया गया,आज न्योता भोज कार्य म में सुबह से बच्चों में काफी उत्साह था बच्चे नए नए कपड़े पहनकर स्कूल आए थे,प्राथमिक शाला परवी के प्रधान पाठक अनिल भगाड़े ने कहा कि न्योता भोज कार्य म शासन प्रशासन की महत्वपूर्ण योजना है इसके आयोजन से बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है,शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष राजेंद्र ध्रुवा ने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा प्रतिमाह स्कूलों में न्यौता भोज कार्य म कराने हेतु योजना चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति अपनें खुशियों में शाला परिवार में न्योता भोज कार्य म आयोजित करवा सकता है,आज के कार्य म में एस एस गायकवाड़,अर्जुन तेता,अनिल भगाड़े, गोविंद साहू तारेंद्र कश्यप,प्रीतम सिंह भलेंद्र,योगिता यादव,माधुरी वर्मा अम्बेश्वरी तिरसुनिया ईश्वरी समरथ योगमाया साहू दसरू राम आकाश कोमरा,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मती भारती नेताम, कलेश्वरी मंडावी, सुनीता मंडावी,सुमित्रा मंडावी, टोमिन साहू,महिमा पाण्डेय, बालेश्वरी, शैलेन्द्र कोड़ोपी शामिल हुए।

# पुराना सरकारी अस्पताल भवन में विशाल नेत्र जांच व परामर्श शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल, रायपुर, नेत्र जाँच केन्द्र-बसना के सहयोग से नगर में आगामी 8 दिसंबर को विशाल नेत्र जांच व परामर्श शिविर का आयोजन पुराने सरकारी अस्पताल भवन में प्रातः 10 बजे आयोजित किया जा रहा है । इस नेत्र शिविर के आयोजन कर्ता बनवारीलाल अग्रवाल गौशाला परिवार सरायपाली ने जानकारी देते हुवे बताया कि इस विशाल निशुल्क नेत्र शिविर में सहयोगी श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल के डॉ चारुदत्त कलमकार , डॉ .परीक्षित इंगले , डॉ रामकेश द्विवेदी व डॉ आदित्य शिवहरे विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे । यह विशाल निशुल्क नेत्र शिविर में सामान्य नेत्र की जाँच ,चश्में नंबर की जाँच व मोतियाबिंद जाँच की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी । क्षेत्र के नेत्र रोगियों से अपील करते हुए वे अपना अग्रिम पंजीयन हेतु आदित्य शिवहरे ङ्क 9 5 8 9 2 6 1 2 3 5 , 9589261235 विजय अग्रवाल 7000484410 जयंतीलाल अग्रवाल 94252 11648 व कमल अग्रवाल 9406082924 से संपर्क कर सकते है ।

# कलेक्टर अग्रवाल वनांचल क्षेत्र के ग्राम जुगाड़ एवं धुरवागुड़ी पहुंचे

## प्राथमिक, मीडिल स्कूल, आंगनबाड़ी एवं सेजेस का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने मैनपुर ब्लॉक के अंतर्गत वनांचल गांव जुगाड़ एवं धुरवागुड़ी में पहुंचकर विभिन्न जगहों का निरीक्षण किया। उन्होंने जुगाड़ में प्राथमिक एवं मीडिल स्कूल का निरीक्षण किया। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र में भी जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने धुरवागुड़ी में पहुंचकर स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सबसे पहले ग्राम जुगाड़ के प्राइमरी एवं मीडिल स्कूल में शिक्षा व्यवस्था का अवलोकन करते हुए स्कूल में स्टॉफ एवं संसाधनों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। साथ ही विभिन्न कक्षों में जाकर बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछा। कलेक्टर ने बच्चों से सामान्य ज्ञान सहित देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम पूछकर उनके सामान्य सीख को परखा। कक्षा पांचवी के छात्र रूपेश से तेरह का पहाड़ा पूछने पर उन्होंने फर्राटेदार तरीके से तेरह का पहाड़ा कलेक्टर को सुनाया। साथ ही प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का भी नाम उत्सुकता के साथ बताया। बच्चों की पढ़ाई का स्तर एवं बेहतर सीख को देखकर कलेक्टर ने बच्चों की खूब प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी प्रकार छात्रा प्रियंका कश्यप से भी पढ़ाई के बारे में चर्चा की। उन्होंने भी चहकते हुए कलेक्टर को सही जानकारी दी। इस पर भी कलेक्टर ने उन्हें शबासी दी। इस दौरान कलेक्टर ने स्कूल परिसर में रसोई कक्ष एवं सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ही परिसर में मौजूद आंगनबाड़ी भवन का भी निरीक्षण किया। परिसर में पेयजल आपूर्ति के लिए सौर ऊर्जा चलित पानी टंकी को नया लगाने के निर्देश दिये। जुगाड़ स्कूल की शिक्षिका एवं एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित पाये जाने पर नाराजगी जताते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक के.एस. नायक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने धुरवागुड़ी में स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षों में जाकर बच्चों से बात की। साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जरूरी शब्द एवं अक्षर ज्ञान की जानकारी ली। बच्चों ने भी तत्परता के साथ कलेक्टर को पढ़ाई के बोर में बताया। इस दौरान कलेक्टर ने पुस्तकालय भवन एवं प्रयोगशाला कक्ष का भी निरीक्षण किया। वहां पर प्रयोगशाला उपकरण एवं किताब अव्ययस्थित पाये जाने पर लाईब्रेरी एवं लैब शिक्षक पर गहरी नाराजगी जताई। साथ ही परिसर में फैले गंदगी के लिए भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश देते हुए प्राचार्य सहित लैब एवं लाइब्रेरी शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शिक्षकों को स्वयं अनुशासित रहकर बच्चों को भी अनुशासन एवं किताबों से संबंधित जरूरी ज्ञान सिखाने को कहा। उन्होंने बच्चों को दिये जाने वाले मध्यान्ह भोजन के लिए रसोई कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता एवं आवश्यक खाद्यान्न सामग्री की जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों को गुणवत्तायुक्त भोजन प्रदान करने के सख्त निर्देश खाना बनाने वाले संबंधित समूह को दिये। कलेक्टर ने परिसर में निर्माणाधीन भवन को भी गुणवत्तायुक्त तरीके से तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये।


# आज निकलेगी बस्तर ओलम्पिक मशाल रैली



पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

खेल व युवा कल्याण विभाग द्वारा बस्तर ओलम्पिक मशाल रैली का आयोजन 7 दिसंबर को किया जाएगा। यह रैली सुबह 10 बजे विकासखंड मुख्यालय केशकाल से प्रारंभ होगी, जहां रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जाएगा। रैली के पहले पड़ाव में 11:30 बजे फरसगांव में मशाल का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद, दोपहर 1 बजे जिला मुख्यालय कोंडागांव में मशाल रैली का प्रवेश होगा, जहां कलेक्टर परिसर में रैली का स्वागत किया जाएगा। रैली के शहर में भ्रमण के बाद जगदलपुर के लिए रवाना किया जाएगा। केशकाल से जगदलपुर के बीच आने वाली सभी ग्राम पंचायतों में भी इस रैली का स्वागत किया जाएगा। मशाल रैली में मशाल को कोण्डागांव जिले के राष्ट्रीय और राज्य स्तर के खिलाड़ी पकड़ेंगे और इसे केशकाल से लेकर जगदलपुर तक ले जाया जाएगा। रैली के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर खेल संघों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों द्वारा इसका स्वागत किया जाएगा। बस्तर संभाग के सात जिलों से होते हुए यह मशाल रैली 3:30 बजे तक जगदलपुर पहुंचेगी, जहां शाम 4:15 बजे दलपत सागर में दीप प्रज्ज्वलित कर रैली का समापन किया जाएगा।

# 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान आज से




पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश सहित जिला में भी 7 दिसंबर से 100 दिवसीय निक्षय निरामय पहचान और उपचार अभियान शुरू होने जा रहा है। इसके माध्यम से मितानिन तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर टीबी, कुष्ठ तथा वयोवृद्ध कार्यक्रम अंतर्गत मरीज का चिन्हांकन करेंगे। पश्चात उनकी जांच तथा उपचार की व्यवस्था की जायेगी। बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा की निगरानी में इस अभियान का क्रियान्वयन होगा। अभियान के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड ने बताया कि अभियान अंतर्गत घरों में उच्च जोखिम समूहों जैसे शराब तथा तम्बाकू का सेवन करने वाले, शुगर या अन्य कोई बीमारी वाले, पुराने टीबी मरीज तथा उनसे संपर्क वाले कुपोषित व्यक्ति तथा साठ वर्ष से अधिक के लोगों की पहचान कर आगे की जांच और उपचार की व्यवस्था की जायेगी। इसमें स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएंगे जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। इस हेतु माइंस, क्रशर, इटभट्टी,उद्योगों में कार्य कर रहे लोगों पर विशेष ध्यान भी दिया जायेगा। चार चरणों का यह अभियान सात दिसम्बर से शुरू होकर 23 मार्च 2025 तक चलेगा।

# गौरी शंकर जुट मिल्स के द्वारा आपूर्ति किये गये बारदानों के गुणवत्ता की जाँच कराई जानी चाहिए : डॉ महंत

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा धान खरीदी से हो रही किसानो को समस्या एवं नुकसान का जायजा लेने नवीन धान खरीदी केंद्र मर्राकोना, तरेंगा सोसायटी जिला बलौदाबाजार भाटापारा में निरीक्षण किया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, किसानो को केवल समर्थन मूल्य की दर से ही भुगतान किया जा रहा है मोदी के गारंटी के अनुरूप 3100 रू. प्रति क्विंटल की दर से एकमुश्त भुगतान नहीं किया जा रहा है अंतर की राशि की भुगतान कब तक किया जायेगा यह भी किसानो को नहीं बताया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, धान खरीदी केन्द्रो पर मात्रा एक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन होने के कारण किसानो को बहुत दिनो बाद की टोकन दिया जा रहा था जिसे लेकर किसानो में बहुत असंतोस है, यदि धान का उठाव कस्टम मिलर्स या और विपणन संघ द्वारा शीघ्र नहीं किया गया तो खरीदी केंद्र में स्थानाभाव के कारण खरीदी बंद होने की स्थिति आ सकती है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, सर्वाधिक गंभीर अनियमितता यह पायी गयी की केंद्र में जो नए बारदाने उपलब्ध थे, उनमे से अनेक बारदाने का वजन करवाने पर पाया गया की कोई भी नया बारदाना 480 ग्राम से अधिक वजन का नहीं पाया गया। भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुसार नए बारदाने का औसत वजन 580 ग्राम प्रति बारदाना होना चाहिए इसमें 8 प्रतिशत अधिक तथा 6 प्रतिशत कम वजन तक का विचलन मान्य है परन्तु 480 ग्राम वजन का आशय है की वजन में कमी 17 प्रतिषत है वजन 6 प्रतिशत से अधिक कम होने पर बारदाना अमानक के श्रेणी में आता है और अमानक बारदाना का उपयोग धान भरने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। बारदानों पर निर्माता कंपनी बतौर गौरी शंकर जूट मिल का नाम पाया गया यह कंपनी पश्चिम बंगाल की है इस कंपनी के बारदाने अमानक होने के बावजूद छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा धान खरीदी केन्द्रो को आपूर्ति करना भारत सरकार के निर्देशों का स्पष्ट उलंघ्घन है बारदानों का वजन कम होने के कारण किसानो से प्रत्येक बारदाना में 100 ग्राम धान अधिक लिया जाना पाया गया खरीदी केंद्र पर उपस्थित प्रभारी प्रबंधक के द्वारा अमानक बारदाना के उपयोग के सम्बन्ध में कोई भी स्पस्टीकरण नहीं दिया जा सका। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, समूचे प्रदेश में श्री गौरी शंकर जुट मिल्स के द्वारा आपूर्ति किये गये बारदानों के गुणवत्ता की जाँच कराई जानी चाहिए, और इस जूट मिल के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए सक्षम अधिकारियां को अभ्यावेदन शिकायत तत्काल भेजा जाना चाहिए, साथ ही अमानक बारदानों का धान या चावल के लिए उपयोग करना सख्ती पूर्वक बंद किया जाना चाहिए। इस दौरान भाटापारा विधायक इंद्र कुमार साव, सुनील महेश्वरी, हितेंद्र ठाकुर, सुशील शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# रेडियो लोकवाणी एवं युवोदय कार्यक्रम के तत्वावधान में हिंसा को नो विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◂ उतई
www.dailypioneer.com




रेडियो लोकवाणी 89.6 एफएम के विशेष पहल के तहत शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई में हिंसा को नो विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य समाज में बढ़ती लिंग आधारित हिंसा के प्रति लोगो को जागरूक करना हिंसा की प्रवृत्ति को रोकने, जनमानस को जागरूक करने और शांति तथा सद्भावना का संदेश फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी प्राचार्य एके खान और कैप्टन अनुसुइया जोगी द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। अपने उद्घाटन संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, और इस प्रकार की कार्यशालाएं युवाओं में सकारात्मक सोच और शांति के महत्व को बढ़ाने में सहायक होती हैं। कार्यशाला में मुख्य वक्ता चित्रा सिन्हा द्वारा हिंसा मुक्त समाज की आवश्यकता और अहिंसा के सिद्धांत जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। चित्रा सिन्हा ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में कहा कि लिंग आधारित हिंसा को खत्म करने के लिए हमे लड़के और लड़कियों में तुलना नहीं संतुलन की जरूरत है । घरेलू हिंसा को पहचान कर उस पर आवाज उठाना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर हिंसा को रोकने के लिए संवाद, सहिष्णुता और शिक्षा का विशेष महत्व है। कार्यशाला में महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में युवोदय कार्यक्रम जिला समन्वयक शशांक शर्मा के द्वारा युवोदय कार्यक्रम एवं बाल सुरक्षा विषय पर विशेष जानकारी दिया गया। ब्लॉक समन्वयक मुकेश कुमार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य खेल गतिविधि कराया गया। इस कार्यक्रम मे कृष्ण साहू एवं युवोदय स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने भाषण प्रतियोगिता, और पोस्टर प्रेजेंटेशन जैसे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने विचार साझा किए और घरेलू हिंसा को बताया। कार्यशाला का समापन, रेडियो लोकवाणी द्वारा सभी प्रतिभागी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कैप्टन अनुसुइया जोगी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। उन्होंने रेडियो लोकवाणी 89.6 के इस सार्थक पहल की सराहना की और सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। रेडियो लोकवाणी 89.6 के इस प्रयास को प्रतिभागियों ने खूब सराहा।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर एक और बड़ा कदम

- **700 बिस्तरीय एकीकृत नवीन अस्पताल भवन निर्माण के लिए 231 करोड़ रूपए का ई टेंडर सीजीएमएससी ने किया जारी**

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के रूप में तरक्की और सुशासन का ये सफर लगातार आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में रायपुर के मेकाहारा में बढ़ते मरीजों का दबाव कम करने के लिए परिसर में 700 बिस्तरीय एकीकृत नवीन अस्पताल भवन निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के बजट में मेकाहारा परिसर में 700 नवीन एकीकृत अस्पताल का प्रावधान किया था जिसके निर्माण की प्रक्रिया अब शुरू कर दी गयी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में इलाज के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सके इसके लिए लगातार पूंजीगत व्यय के निर्णय लिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और नई सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दे रहे है। मेकाहारा परिसर में 700 बिस्तरीय नवीन एकीकृत अस्पताल भवन के लिए 231 करोड़ रूपए के ई- टेंडर जारी होने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का इजाफा करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होने कहा है कि इस एकीकृत अस्पताल के निर्माण से मेकाहारा अस्पताल के अतिरिक्त भी लोगों के पास सर्वसुविधा वाला अस्पताल रहेगा। इसमें रायपुर सहित सम्पूर्ण प्रदेश के लोगों को इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी और लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। ई टेंडर के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी सीजीएमएससी की वेबसाइट www.cgmsc.gov.in पर 10 दिसंबर से उपलब्ध रहेगी । इसके लिए प्री-बिड मीटिंग 19 दिसंबर को सीजीएमएससी मुख्यालय में सुबह 11 बजे होगी। आनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तारीख 2 जनवरी 2025 तक होगी और 6 जनवरी 2025 को यह टेंडर खुलेगा।

# सफलता की कहानीः लखपति दीदी के सामान्य गृहणी से सफल व्यवसायी तक का सफर

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिला बेमेतरा के विकासखंड साजा से लगभग 25 किलोमीटर दूर पर ग्राम कोपेडबरी के जय माँ लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह में सभी महिला सदस्य है, सभी सदस्य गरीब परिवार से संबंधित है इस समूह की सभी महिला अपनी कृषि कार्य करके अपनी जीवन यापन करते है तथा उसी बीच में बिहान से सी आर पी राउंड में आई हुई थी और सभी दीदीयों को (बिहान) योजना के बारे में पूर्ण जानकारी बताएं सभी दीदी को योजना के बारे में जानकारी बहुत ही अच्छा लगा जिसमें अपनी उज्जवल भविष्य के लिए एक स्व सहायता समूह बनाने का निर्णय लिया गया और समूह गठन करके संचालित किया गया जिसका नाम सर्व सहमति से जय माँ लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह रखा गया जिसका गठन 12 सितंबर 2020 में गठन किया गया। कृषि से आय 30000 वार्षिक, मजदूरी से आय 40000 वार्षिक, पुरे परिवार की कुल आय 70000 वार्षिक। कृषि से आय 50000 वार्षिक, कपड़ा दुकान से आय 550000 वार्षिक, पुरे परिवार की आय 600000 है। जया राजपूत बताती है की जब मैं समूह में नहीं जुड़ी थी तो अपनी गांव में रोजी मजदूरी करके एवं मेरे पति पास की गांव थानखम्हरिया में दुसरे की कपड़ा दुकान मे काम करता था, उसी में अपनी जीवन यापन करते थे अपनी जरूरत सही से पूरा नहीं कर पाते थें। हमारी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी। वर्ष 2020 में हमारे ग्राम पंचायत कोपेडबरी में बिहान से सीआरपी दीदी समूह बनाने के लिए आये उसी बीच में मैं भी बैठी थी उस दीदी का बात मुझे अच्छा लगा मैं अपने से 10 दीदी समूह में जुड़ने के लिए तैयार कि हूं और एक समूह का गठन की हूं। सभी की सहमति से समूह को एक नाम दिया नाम है जय माँ लक्ष्मी महिला स्वं सहायता समूह रखा गया तथा सभी के सहमति से मुझे अध्यक्ष के पद पर चयन किया इस समूह को संचालित करने के लिए बैंक ब्रांच बैंक ऑफ बड़ौदा, थानखम्हरिया में बचत खाता खुलवायें है।

# राइस मिलर्स एसोसिएशन ने विधायक को सौपा ज्ञापन, ट्रांसपोर्टिंग, बारदाना एवं राशि की मांग




पायनियर संवाददाता ◂ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

कांकेर जिले के राइस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा विगत वर्षो से विभिन्न मदों में लंबित भुगतान के लिए ज्ञापन सौंपा है।

उन्होने ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि विगत 3 वर्षो से हमारे मिलरो को ट्रांसपोर्टिंग, FRK. बारदाना एवं CMR राशि अप्राप्त होने से हमारे मिलरो की जमा पूंजी सहित बैंक व अन्य व्यवस्थाएं चरमरा गई है आर्थिक हालत गंभीर बनी हुई है आगामी सीएमआर वर्ष 2024-25 में अनुबंध नियमों को लेकर कॉर्डिकाओं में बहुत सारी विसंगतियां है जिससे CMR कार्य करना अति दुर्लभ हो गया है।

जब तक हमारे सभी पूर्व बकाया राशि का भुगतान नहीं हो जाता एवं आगामी अनुबंध कंडिकाओं में सुधार नहीं किया जाता तब तक हम सीएमआर कार्य करने में असमर्थ हैं।

# स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यापारी संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन पर कार्यवाही शुरू



पायनियर संवाददाता ◂ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

नगर के चारों दिशाओं के मुख्य मार्ग में बाहर से आए व्यापारियों द्वारा धड़ल्ले से व्यापार करने की शिकायत किया गया। जिसके बाद स्थानीय प्रशासन की ओर से नगर पंचायत द्वारा कार्यवाही शुरू कर दिया गया है। फुटपाथ में लगाए कई दुकानों को हटाया गया। बर्तन, कपड़े, खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक सामान व अन्य जिनके पास ना तो GST का नंबर है जो व्यापार कर रहे हैं। स्थनीय व्यापारी संघ ने मांग किया था की बाहर से आए हुए व्यापारी धड़ल्ले से व्यापार कर रहे हैं बर्तन, कपड़े, खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक सामान व अन्य जिस पर प्रशासन का किसी प्रकार का रोक नहीं है। शासन को टैक्स के रूप में इनसे कोई राजस्व भी प्राप्त नहीं हो रहा है। मुख्य मार्ग में अस्थाई दुकान में लगाने के कारण यातायात में भी तकलीफें आती है अस्पताल के सामने सरकारी ऑफिसों के सामने व बजार स्थल के पास रोड जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। जिससे पैदल चलने वालों को हमेशा डर बना रहता है। फुटपाथ नहीं होने के कारण पैदल चल रहे लोगो को चार पहिया वाहन चालकों ने बहुत बार ठोकरे मार कर घायल भी किया है। जबकि बाइक व पैदल चल रहे लोगो के बीच तो पूरे दिन तू तू मैं मैं होती रहती है।

# श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर में पुननिर्माण के लिए बैठक कर किया रुपरेखा तैयार

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com



श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर झिलमिला चेक पोस्ट में एक नियमित बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आज विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्र कुमार पटेल अध्यक्ष नगर पालिका एवं दिनेश यादव (मुख्य नगरपालिका अधिकारी) उपस्थित थे। सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष लखनलाल पटेल की अगुवाई में सभी सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। समिति के सदस्य नरसिंह अग्रवाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि मिलु भैया ने मंदिर में हुए परिवर्तन को देखकर श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर समिति की प्रशंसा एवं सराहना कि और कहा की यह प्राचीनतम शिव मंदिर वास्तव में हमारे शहर सरायपाली की विशिष्ट धरोहर है और झिलमिला को अलग पहचान दिलाता है। तत्पश्चात नपाध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल द्वारा मंदिर में महादेव का पूजन अर्चन कर समिति के बैठक में सम्मिलित हुए जिनके सानिध्य में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई एवं मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु आवश्यक कार्यो की रूपरेखा तैयार की गई एवं होने वाले खर्चो के लिए बजट तैयार किया गया।नपाध्यक्ष द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया जिसमें मुख्य रूप से सिद्धेश्वर शिव मंदिर से लगा हुआ धर्मशाला जो की पूर्व में शर्मा परिवार के संरक्षण में था उसे शर्मा परिवार द्वारा सहर्ष मंदिर समिति को दिया गया जिसका नवनिर्माण, मंदिर परिसर में बाउंड्री वाल का निर्माण, मंदिर परिसर में सेड का निर्माण, एवं मंदिर के किनारे व्यावसायिक परिसर का निर्माण करने का प्रस्ताव पारित किया गया। मिलु भैया द्वारा नगर पालिका अधिकारी के साथ मंदिर के जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण हेतु निरीक्षण किया गया तथा आगामी कार्यो को तत्काल प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित गणमान्य नागरिकों सहित समिति के उपाध्यक्ष राघव प्रधान, सचिव भूरू सामंतराय, सहसचिव अमित श्रीवास, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं समिति के सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने मिलु भैया से प्राप्त सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

# दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी द्वारा आज से रुद्र यज्ञ एवं श्री मद्भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




श्री मज्ज्योतिर्मयानंद जी सरस्वती ने यज्ञ स्थल में आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं और उपस्थित धर्म प्रेमी भक्त जन को उद्बोधन में कहा कि यह सनातन धर्म का गौरव शाली परंपरा है कि भगवत भक्ति के लिए यज्ञ हवन पूजन भजन का आयोजन सदियों से होता आ रहा है उसी कड़ी में बेमेतरा नगर जिला परिक्षेत्र के लिए सुख शांति समृद्धि के लिए श्री रुद्र यज्ञ का आयोजन श्री मद भागवत के साथ किया जा रहा है । जिसका कोई अलग से आयोजक ना होकर नगर के समस्त धर्म प्रेमी जन ही है जिसके सहयोग से ही किया जा रहा है। इस यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन सभी नागरिकों का सामूहिकआयोजन है। जिसमें सभी का सहयोग दान स्वरूप होगा लिया जाएगा नकद खाद्य सामग्री घी पूजन सामग्री, चावल दाल आटा शक्कर तेल मिर्च नमक स्वयं लाकर दे सकते है । स्वामी जी ने कहा 7 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक प्रति दिन भंडारे की व्यवस्था है जिसमें अधिक से अधिक यज्ञ एवं भागवत प्रेमी सज्जन आयेंगे हम यह सब अकेले घर में एकान्त नहीं कर सकते यह बहुत भाग्यशाली अवसर है हम विशाल जन समुदाय के बीच इस आयोजन में उपस्थित होंगे। हम भागवत भक्त धर्मप्रेमी यहां दान, योगदान, श्रम दान कर पुण्य का लाभ उठाएंगे। आज के भव्य कलश यात्रा प्रभारी शत्रुहन साहू रहेंगे साथ में विजय सिन्हा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सहयोग प्रदान करेंगे। यज्ञ स्थल में आज के कार्यक्रम में लेखमणि पाण्डेय जितेंद्र शुक्ला, ताराचंद माहेश्वरी, मनोज शर्मा सतीश कसार महेंद्र गुप्ता रोशन दत्ता ललित विश्वकर्मा,सुमन गोस्वामी राजकुमार तिवारी पार्षद रानी डेनिम सेन नंदकुमार पाण्डेय मनोज मिश्रा, सुयश तिवारी प्रहलाद मिश्रा महेश शर्मा दीपक पाण्डेय दौलत सिंह राजपूत राजू शर्मा हितेंद्र साहू , भोला महराज सहित काफी संख्या में धर्म प्रेमी सज्जन उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों की भावभीनी विदाई, भावुक हुए शिक्षक, निष्ठापूर्वक किया सेवाकाल पूर्ण, शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत

# सेवानिवृत्त शिक्षकों की भावभीनी विदाई,भावुक हुए शिक्षक

पायनियर संवाददाता ◂ सूरजपुर/ प्रेमनगर
www.dailypioneer.com

विकास खंड प्रेमनगर के संकुल केंद्र कोटेया में विदाई समारोह आयोजन कर सेवानिवृत्त शिक्षकों को विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त द्वय प्रधान पाठक सैनाथ पावले व जयपाल सिरदार रहे। इसके अध्यक्षता प्राचार्य लिनु मिंज, विशिष्ट अतिथि बीईओ प्रताप सिंह पैंकरा, एसएमडीसी अध्यक्ष पनेश्वर सिरदार, ननका सिरदार, फुलेश्वर सिरदार, पटेल रामप्रसाद सिरदार, महोदर सिरदार, रतन सिरदार, विशेषर सिरदार रहे। ज्ञात हो कि इन दोनों शिक्षकों ने अपने कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया व शैक्षिक कार्यो को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। दोनों प्रधान पाठकों को संकुल के शिक्षकों ने श्रीफल, साल व स्मृति चिन्ह भेंट कर नम आंखों से विदाई देते हुए भावुक हो गए।



**सेवानिवृत्त शिक्षक सैनाथ पावले का सेवाकाल-** सेवानिवृत्त शिक्षक सैनाथ पावले ने सबसे पहले 24.02.1984 में प्राथमिक शाला बकिरमा से अपनी सेवा की शुरुवात किये व लंबे समय पश्चात 2009 में प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति पाकर 2024 को सेवानिवृत्त हुए। सैनाथ सहज, सरल, मृदुभाषी, स्वभाव के धनी है। इन्होंने खुद शिक्षक रहते हुए वही रहे लेकिन छात्रों को उनके मंजिल तक पहुंचाएं है।

**सेवानिवृत्त जयपाल सिरदार का सेवाकाल-**कोटेया प्राथमिक शाला प्रधान पाठक जयपाल सिरदार ने सबसे पहले अपने नौकरी की शुरुआत 1987 में चोरकीडीह लमगॉव से किये 1988 से 1990 में पीटीआई के पद पर अंबिकापुर में रहे। 1990 से 2006 तक घटबर्रा में अपनी सेवाएं दी तत्पश्चात 2006 से 2016 तक प्रा. शाला बकिरमा में सेवा देने के पश्चात प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत होकर बकालो फिर 2016 से 2024 तक प्राथमिक शाला कोटेया निष्ठा पूर्वक सेवा देते हुए सेवानिवृत्त हुए। सिरदार कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक के रूप में छात्रहित को अपने जीवन का हिस्सा बनाया। पदस्थापना उपरांत इन्होंने पहले पालकों से सतत संपर्क कर छात्रों को शिक्षा के मुख्य धारा में लाने सफल कोशिश की। जिस समय बच्चों का कम उम्र में विवाह कर दिया जाता था उस समय बालक बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने विद्यालय में पालक बालिका सेमिनार आयोजन कर उन्हें दैनिक जीवन में शिक्षा की महत्ता को लगातार समझाया। समारोह में उपस्थित नवपदस्थ प्रेमनगर विकास खण्ड शिक्षा आधिकारी प्रताप सिंह पैंकरा का बीईओ में प्रभार लेने के पश्चात प्रथम कोटेया पहुंचने पर कोटेया शिक्षकों ने गुलदस्ता व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। बीईओ ने अपने उद्बोधन में कहा मुझे दोनों शिक्षकों के बीच कार्य करने में बहुत अनुभव मिला है, कोई शिक्षक कहीं भी रहे अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करते रहें। आगे प्राचार्य लिनु मिंज ने कहा कि शिक्षक छात्रों को सभ्य समाज में रहने लायक बनाते हैं, समाज बिना शिक्षक और शिक्षा के बिना अधूरा है। व्याख्याता अमरजीत सोलंकी ने कहा कर्तव्य परायणता के लिए सेवानिवृत्त दोनों शिक्षक का स्थान सर्वोपरि है। व्याख्याता कृष्ण कुमार ध्रुव ने कहा शिक्षक राष्ट्र निर्माता है। शिक्षा मजबूत राष्ट्र की नींव है, शिक्षा के बिना सभ्य समाज की कल्पना करना सम्भव नहीं है। संकुल प्रभारी शांतनु पाण्डेय ने कहा दोनों शिक्षक का सेवानिवृत्ति होना संकुल क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दौरान शामिल संकुल केन्द्रान्तर्गत व्याख्याता मालिकराम भारद्वाज, प्रदीप कुमार दास, महेशपुर प्राचार्य भजन सिंह, छात्रावास अधीक्षक रामचरण साहू, तूल सिंह कंवर, कुंती सिंह, अशीशी जैल्स लकड़ा, गोपाल प्रसाद मैत्री, रीता बर्मन, मृत्युंजय पाण्डेय, प्रवीण एक्का, बीईओ कार्यालय से अशोक उसेंडी, प्रेमनगर सीएसी रामलल्लू साहू, कोटेया 01 सीएसी विजय साहू, लक्ष्मणपुर सीएसी संतोष साहू, समेति सिरदार, प्रधान पाठक मसत राम सिंह, टहल राम सिंह, रविकांत कश्यप, रविन्द्र गुप्ता, जसिंता खलखो, रेशमा गोरेती खलखो, अधीर सिंह मरावी, सलका दिनेश कुमार अर्गल, रघुवीर सिंह, प्रकाश सिरदार, सत्यवती साहू, विनोद कैवर्त, पुष्पा सिदार, चक्रपाणि प्रसाद, उषा सिंह, विजय बघेल, शिवप्रसाद सिदार, ललित मरावी, तुलेश्वरी साहू, आशीष ठाकुर, सावित्री कुर्रे, खिलावन राठिया, अयोध्या राठिया, नमिता केरकेट्टा, कैलाश प्रसाद, मनीराम सिंह, हरिशरण सिंह, शिवशोभन, बिरझु राम सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता कृष्ण कुमार ध्रुव ने किया।

# दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में विभिन्न कार्यो के लिए 57.48 लाख की मंजूरी

पायनियर संवाददाता ◂ उतई
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के 10 कार्यो के लिए 57 लाख 48 हजार 5 रूपए स्वीकृत किया गया है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत दुर्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत अंजोरा (ख) में उड़िया बस्ती सार्वजनिक भवन के पास कलामंच में छत ढलाई निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम पंचायत अंजोरा (ख) में सार्वजनिक मंच में डोमशेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत अछोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 11 लाख 99 हजार 981 रूपए, ग्राम पंचायत उमरपोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य दिनेश कुमार सिन्हा घर से भावेन्द्र कुमार सिन्हा घर तक चन्द्रनगर के लिए 2 लाख 99 हजार 771 रूपए, ग्राम पंचायत चिरपोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य प्रहलाद निषाद घर से सेतु साहू घर तक के लिए 7 लाख 99 हजार 510 रूपए, ग्राम पंचायत भानपुरी में वार्ड-04 सार्वजनिक मंच निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम पंचायत भानपुरी में सीसी रोड निर्माण कार्य कमलनारायण साहू घर से बुधे दिल्लीवार के घर तक के लिए 3 लाख 99 हजार 755 रूपए, ग्राम पंचायत हनोदा वार्ड 11 एवं 14 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 39 हजार 546 रूपए, ग्राम पंचायत हनोदा वार्ड 20 में सीसी रोड निर्माण कार्य डोमन चंद्राकर घर से मनीषा घर तक के लिए 6 लाख 09 हजार 626 रूपए, ग्राम पंचायत हनोदा में सीसी रोड निर्माण कार्य मेन रोड से अस्पताल रोड तक के लिए 2 लाख 99 हजार 816 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# क्लिकसेफ कार्यक्रम का समापन...एसपी सिंह ने कहा, प्राप्त ज्ञान को समुदाय परिवारों के बीच अवश्य साझा करें

- इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग और साइबर खतरों से बचाव के प्रति जागरूक करने चलाया गया
- मास्टर ट्रेनर्स सहित लगभग 150 वालेंटियर ने सायबर जागरूकता पर साझा किए अपने अनुभव

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास के दिशा-निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग और यूनिसेफ के संयुक्त प्रयास से क्लिकसेफ कार्यक्रम की शुरुआत विगत 03 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई। तीन दिनों तक कार्यक्रम आयोजित होने के पश्चात् 05 दिसंबर को कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स सहित लगभग 150 वालेंटियर ने सायबर जागरूकता पर अपने अनुभव और जानकारी साझा किये तथा जिले के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को भी जानकारियों से अवगत कराया गया।

**वॉलंटियर को योद्धा की संज्ञा –** पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने उपस्थित वालेंटियर को योद्धा की संज्ञा देकर समाज हित में लगातार कार्य करने हेतु अपील किया गया। यह प्रशिक्षण समाज के भविष्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे समाज के भविष्य हमारे बच्चों को डिजीटल युग में सुरक्षित रखने के लिये आवश्यक जागरूकता और कौशल प्रदान करना था। पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम में यूनिसेफ को सम्मिलित होने पर आभार व्यक्त किया गया, साथ ही सभी प्रशिक्षकों एवं वालेंटियर ने अपने ज्ञान एवं अनुभव साझा किये, इससे यह अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक हो गया। सामूहिक प्रयासों से हम सब मिलकर समाज को बेहतर और सुरक्षित बना सकते हैं।

**जानकारी को समाज में बांटे –** पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष अपील किया गया कि उक्त कार्यक्रम से प्राप्त ज्ञान को अपने समुदाय और परिवारों के बीच अवश्य साझा करें। आपकी जागरूकता से न केवल आपका बल्कि आपके आस-पास के बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। यह कार्यक्रम केवल एक शुरूआत है, हमें इस दिशा में निरंतर कार्य करना होगा ताकि हमारे आने वाली पीढ़ी सायबर खतरों से पूरी तरह सुरक्षित रहे।

**दी गई बारीकी जानकारी –** प्रशिक्षण में विशेषज्ञों द्वारा साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से जानकारी दी गई, जैसे कि पासवर्ड प्रबंधन, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन खतरों से बचाव और साइबर बुलिंग से बचाव के उपाय इत्यादि। समापन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ, आरआई अमरजीत खुंटे, मास्टर ट्रेनर्स हिमानी चौहान, सीनियर ऑफिसर प्रोग्राम्स, वाईएलएसी, निधि किन्हल, प्रोग्राम्स ऑफिसर वाईएलएसी अभिषेक कुमार उपस्थित थे।

# रहेजा ग्रुप द्वारा कचना में रहेजा निर्वाणा के तीसरे फेज का शुभारंभ किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



रहेजा ग्रुप द्वारा कचना में रहेजा निर्वाणा के तीसरे फेज का शुभारंभ किया गया। रहेजा निर्वाणा के फेज़1 और 2 के बाद यह तीसरा फेज है जिसका शुभारंभ किया गया। इस प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉटिंग प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा आकर्षण यहाँ का मिनी वाटर पार्क है। जिसे बच्चों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। राजधानी रायपुर में पहली बार किसी रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट में वाटर पार्क जैसी फैसिलिटी लाई दी जा रही है। इसके साथ ही निर्वाणा के तीसरे सीजन में जिम, स्विमिंग पूल, योगा गार्डन, लैंडस्कैप्ड गार्डन्स जैसी अनेक सुविधाएं मौजूद हैं जो इस प्रोजेक्ट को सबसे खास बनाती हैं। लॉन्चिंग की शुरुआत रहेजा ग्रुप के संस्थापक प्रकाश रहेजा, डायरेक्टर दीपक रहेजा और संजय रहेजा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। इस अवसर पर रियल एस्टेट सेक्टर के अनेक लोग और रहेजा ग्रुप के अनेक ग्राहक मौजूद रहे। निर्वाणा के तीसरे फेज के लॉचिंग में लोगों का शानदार प्रतिसाद मिला। प्रोजेक्ट की शुभारंभ में अनेक लोगों ने साइट विजिट कर प्रोजेक्ट की खूबियों की सराहना की। लोगों ने कहा कि इस प्रोजेक्ट की सबसे खास बात यहाँ की सुविधाओं के साथ ही प्राकृतिक वातावरण की शांति का अहसास है। लाँचिंग के अवसर पर रहेजा निर्वाणा में राम मंदिर की प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया। जिससे रहेजा निर्वाणा 3 का शुभारंभ भक्तिमय हो गया।

ग्राहकों ने मंदिर परिसर की सुंदरता और भव्यता की प्रशंसा की। रहेजा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय रहेजा ने बताया कि ÷यह लांचिंग कार्यक्रम तीन दिनों तक चलने वाला है जिसमें बुकिंग करने पर ग्राहकों को निश्चित उपहार प्रदान किया जा रहा है। रहेजा ग्रुप सदैव अपने सभी प्रोजेक्ट्स को शानदार क्वालिटी के साथ निर्धारित समयसीमा के पहले ही डिलिवर करता आया है। हमें रहेजा निर्वाणा के पहले और दूसरे फेज में भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला इसी के चलते हम तीसरा फेज लेकर आए हैं और जो सुविधाएं यहाँ हम दे रहे हैं, वह निश्चित ही रायपुर में पहली बार मिल रही है। इसलिए हमें यहाँ भी शानदार रिस्पॉन्स मिलने का पूरा विश्वास है।

# कलेक्टर ने पत्थलगांव के सिविल अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

## मरीजों से चर्चा कर उन्हें मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की ली जानकारी

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने गत दिवस पत्थलगांव के सिविल अस्पताल, सह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के हरेक कमरे एवं वार्डो में जाकर व्यवस्थाओं का जाएजा लिया और मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली इलाज और अन्य सेवाओं के संबंध में चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों से भी चर्चा कर अस्पताल में मरीजों के इलाज और उन्हें मिलने वाली सुविधओं से अवगत हुए। कलेक्टर व्यास ने इस दौरान अस्पताल परिसर में पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने, साफ -सफाई, विषेशकर मेडिकल वेस्ट का समय पर निराकरण करने और सीपेज को मरम्मत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेम्स मिंज, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता मौजूद रहे। कलेक्टर ने ओपीडी में आए मरीजों एवं वार्डों में भर्ती मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली सेवाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने मरीजों को दी जाने वाली डाइट चार्ट का कड़ाई से पालन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए और अस्पताल के मुख्य दरवाजों के पास वाहन खड़ी ना करने एवं पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए भी कहा। कलेक्टर ने अस्पताल के अंदर और परिसर में स्थित शौचालयों में लगातार साफ -सफाई रखने एवं पीडब्लूडी विभाग से समन्वय कर सभी टूटे पाइप, नल आदि, सीपेज को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित भी किया। कलेक्टर ने अस्पताल में संचालित लैब, एनआरसी, ब्लड स्टोरेज यूनिट, एनबीएसयू, आईसीयू, स्टोर, डायलिसिस कक्ष, आई ओटी, जनरल ओटी, कोल्ड चेन प्वाइंट, सोनोग्राफी कक्ष, टीकाकरण कक्ष, चिरायु कक्ष, मलेरिया विभाग, पैथोलॉजी कक्ष आदि का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही उन्होंने ओपीडी पंजीयन के वेटिंग एरिया में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, सभी उपलब्ध डॉक्टरों की सूची लगाने एवं एमरजेंसी डयूटी में लगाए गए डॉक्टरों के नाम और मोबाइल नंबर लगाने और स्ट्रेचर की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर व्यास ने रसीद काउंटर में बड़े अक्षरों में रेट लिस्ट लगाने, बेकार पड़े समानों के निलामी करने के लिए भी कहा। इस दौरान बी.ई.टी.ओ, बीडीएम, नगर पंचायत सीएमओ सहित अस्पताल के कर्मचारी मौजूद रहे।

# समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए संबंधित विभागों को कई दिशा निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी मामले आमजनों के हितों से सीधे जुड़े होते हैं,इसलिए राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में उचित निराकरण करें। उन्होंने राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ताकि निर्धारित समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। आगामी नगर पंचायत एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 के दौरान निर्वाचन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के संचालन कि लिए जिला स्तर पर कलेक्टर कटारा द्वारा नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी तथा सहयोगी अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा कर कार्य की जानकारी लेते हुए जिले में प्रगतिरत कार्यों और जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माण कार्यों के संबंध पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## दो ग्राम पंचायत से हटाए गए अतिक्रमण

कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन उपरांत एसडीएम एवं तहसीलदार के द्वारा ग्राम पंचायत तातापानी में स्थित धान उपार्जन केंद्र से लगे हुए शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करते हुए समिति को कब्ज दिया गया है। व्ही ग्राम पंचायत तातापानी स्थित धान उपार्जन केन्द्र के साथ में लगी शासकीय भूमि पर से अवैध अतिक्रमण को राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम के द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया तथा समिति को कब्जा दिया गया। वही दामोदरपुर ग्राम पंचायत में पंचायत के जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाते हुए ग्राम पंचायत को कब्ज दिया गया है।

## रामानुजगंज नगर पंचायत को नगर पालिका गठित करने आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के अधिसूचना तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 5 (1) (क) में पदस्थ शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा अनुसूची में वर्णित क्षेत्र को नगरपालिका रामानुजगंज,जिला बलरामपुर-रामानुजगंज गठित करने का अभिप्राय प्रगट किया गया है। अनुसूची-1 में प्रस्तावित नगरपालिका रामानुजगंज की सीमा में सम्मलित किये जाने वाले क्षेत्र का विवरण नगर पंचायत रामानुजगंज, जनसंख्या 25000 तथा अनुसूची-2 में नगर पंचायत रामानुजगंज की सीमाएं ही नगरपालिका रामानुजगंज की सीमा होगी। उक्त संबंध में कोई आपत्ति/सुझाव हो,तो स्थानीय प्राधिकारी अथवा व्यक्ति अपना आपत्ति/सुझाव कलेक्टर को कार्यालयीन दिवस एवं समय पर 19 दिसंबर 2024 तक कर सकते हैं।

# जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का विधायक रायमुनि ने किया शुभारम्भ, हरी झंडी दिखाकर 100 मीटर खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



दो दिवसीय जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित रणजीता स्टेडियम में शुभारंभ विधायक रायमुनी भगत द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सभी विकासखंडों से 9 से 18 वर्ष की बालिकाएं शामिल हुईं। जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय जिला महिला खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम दिन 9 से 18 वर्ष की बालिकाओं एवं द्वितीय दिवस में 18 से 35 आयु वर्ग की महिलाएं शामिल होंगी। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि देश की आजादी के लिए जिस प्रकार जनजातीय समुदाय की रानी लक्ष्मीबाई, झलकारी बाई, रानी दुर्गावती ने अंग्रेजों से लोहा लेकर आजादी में अपना योगदान दिया है, वैसे ही हमारी बालिकाओं को भी देश को सशक्त बनाने के लिए आगे आने की आवश्यकता है। चाहे खेल हो शिक्षा या संगीत या विज्ञान का क्षेत्र हो जिस भी क्षेत्र में आप कार्य करें उसको उत्कृष्टता से करें। इसके लिए हमें निरन्तर अभ्यास पर बल देना चाहिए। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज खेल के साथ शिक्षा को भी महत्व देना चाहिए। खेल में हार जीत तो लगी रहती है उससे हतोत्साहित नहीं होना चाहिए क्योंकि हार से होकर ही जीत का मार्ग मिल पाता है। हमें हार जीत की चिंता छोड़कर केवल अपनी मेहनत पर बल देना चाहिए। अच्छा खेलने वाले खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं लायीं जा रहीं हैं। विधायक ने प्रतियोगिता में आये खिलाड़ियों से मुलाकात करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया और 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि संतोष सिंह, जिला खेल अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह, परियोजना अधिकारी जशपुर टीआर सिदार, नोडल अधिकारी अजीत शुक्ला, जयेश सौरभ टोप्पो, वरिष्ठ व्यायाम अनुदेशक राजेश्वरी लकड़ा, शांति एक्का, प्रदीप चौरसिया सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला खेल अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह ने बताया कि इस खेल प्रतियोगिता में रस्साकशी, 100 एवं 400 मीटर दौड, खो-खो, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन सिंगल एवं डबल्स, तवा फेंक, कुश्ती, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में 9 से 18 आयु वर्ग के 680 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त द्वितीय दिवस में 18 से 35 आयु वर्ग के भी सैंकड़ों खिलाड़ी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त 11 दिसम्बर को युवा उत्सव का आयोजन भी जिला संग्रहालय में किया जाएगा। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विज्ञान मेले का भी आयोजन किया जाएगा।

# सैमसंग ईण्डीण्जीण्ईण् सीजन 9 के विजेताओं ने जेन जेड की सोच और जियो टारगेटिंग में नवाचार से तकनीकी समाधानों की पेश की नई दिशा



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

सैमसंग ईडीजीई के 9वें सीजन में देशभर के 40 प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों से 15,000 से अधिक विद्यार्थियों ने जोश के साथ भाग लिया। विजेताओं को प्री.प्लेसमेंट ऑफर्स के साथ-साथ 9 लाख रुपये के नगद पुरस्कार और सैमसंग के फ्लैगशिप गैलेक्सी स्मार्टफोन दिए गए। फाइनलिस्ट्स को सैमसंग के वरिष्ठ नेताओं से व्यक्तिगत मार्गदर्शन और सलाह मिली, जिससे उनके प्रस्तुत किए गए नवाचारों और समाधानों को और बेहतर बनाने में मदद मिली। गुरुग्राम, भारत, 5 दिसंबर, 2024: भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने प्रतिष्ठित वार्षिक कैम्पस प्रोग्राम सैमसंग ईडीजीई के नौवें संस्करण के विजेताओं की घोषणा कर दी है। यह प्रोग्राम युवाओं को उनके व्यावसायिक कौशलए रणनीतिक सोच और नेतृत्व क्षमता को दिखाने का शानदार मंच प्रदान करता है। इस साल के संस्करण में भारत के 40 प्रतिष्ठित संस्थानों से 15,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इनमें बी.स्कूल, इंजीनियरिंग कॉलेज और डिजाइन स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र शामिल थे। ये सभी युवा प्रतिभागी नवाचार और सहयोग की भावना के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन करते नजर आए। गुरुग्राम में आयोजित फिनाले में सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क सहित सैमसंग इंडिया के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# ईस्टमैन ने भारत में सबसे बड़ी इन्वर्टर बैटरी रेंज लॉन्च की

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




पॉवर सॉल्यूशंस के मुख्य प्रदाता, ईस्टमैन ऑटो एंड पॉवर ने आज अपने इन्वर्टर बैटरी पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए 170+स्टॉक कीपिंग यूनिट्स (एसकेयू) के साथ ईस्टमैन ब्रांड के अंतर्गत 100 से ज्यादा और ADDO ब्रांड के अंतर्गत 70 से ज्यादा नए मॉडल पेश किए। इस विस्तार के साथ ईस्टमैन इन्वर्टर बैटरी बाजार में सबसे बड़ा पोर्टफोलियो पेश करने वाली कंपनी बन गई है, जो पॉवर की हर जरूरत को पूरा करने के लिए समाधान प्रदान कर रही है। इसके विस्तृत पोर्टफोलियो में अब 100 Ah से लेकर भारत में पहली बार पेश किए गए 400 Ah तक के उत्पाद शामिल हैं। ये उत्पाद आवासीय, वाणिज्यिक और उद्योग जगत के हर प्रयोग के लिए ऊर्जा समाधान प्रदान करेंगे। ईस्टमैन अपनी पूरी रेंज के लिए उद्योग में अग्रणी वॉरंटी के साथ भारतीय इन्वर्टर बैटरी बाजार में विश्वसनीयता का नया मानक स्थापित कर रहा है। ग्राहकों को 3 महीने से लेकर 240 महीने (20 साल) तक की लंबी वॉरंटी प्रदान करके ईस्टमैन अपने उत्पादों की गुणवत्ता में अटूट विश्वास प्रमाणित कर रहा है। ईस्टमैन की उच्च क्षमता की प्रीमियम सीरीज़ में इनोवेटिव 400 Ahकी बैटरी और 250 Ah से लेकर 400 Ah तक के मॉडल शामिल हैं। यह सीरीज़ विशेषकर उन उपयोगों के लिए बनाई गई है, जिनमें एक मजबूत और विश्वसनीय पॉवर बैकअप की जरूरत होती है। बाजार में भिन्न-भिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए ईस्टमैन ने अपने पोर्टफोलियो को बजट-प्रेमी ग्राहकों के लिए स्मार्ट सीरीज़, किफायत पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए रैगुलर सीरीज़, और सर्वोत्तम परफॉर्मेंस एवं फीचर्स पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए प्रीमियम सीरीज़ में बाँटा है।

## विद्यालय का परीक्षा परिणाम करें बेहतर, लापरवाही बरतने पर होगी कार्यवाही

# बच्चों का भविष्य संवारना शिक्षकों की नैतिक जिम्मेदारी : कलेक्टर रोहित व्यास

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले के सभी प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली और अपार आईडी, बच्चों की नियमित उपस्थिति, तिमाही परीक्षा परिणाम का प्रतिशत, सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी ली गई।

कलेक्टर ने बगीचा बीईओ को बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के दौरान अपने स्कूलों में कमजोर परीक्षा परिणाम लाने वाले प्राचार्य और बच्चों की कम उपस्थिति वाले प्राचार्यों के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त किए और बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए विशेष प्रयास करने के सख्त निर्देश दिए हैं, अन्यथा कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों का भविष्य शिक्षकों के हाथों में रहता है। और उनकी नैतिक जिम्मेदारी है कि वे अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने कमजोर बच्चों के लिए स्कूलों में अतिरिक्त कक्षा लगाने और रविवार को भी क्लास लगाने के निर्देश सभी प्राचार्यों को दिए हैं। उन्होंने कहा की हर वर्ष जशपुर जिले का 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम बेहतर रहता है और जिले के विद्यार्थियों का नाम मेरिट सूची के साथ टाप 10 में रहता है। आगे भी ऐसे ही परिणाम लाने के लिए सभी प्राचार्यों को कड़ी मेहनत करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम लाने वाले प्राचार्यो को सम्मानित किया। इनमें टांगरगांव, शैला, गेड़ई, कुनकुरी, कोरना के प्राचार्य शामिल हैं। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम बेहतर करना प्राचार्यों की जिम्मेदारी है। बोर्ड परीक्षा नजदीक आ रहा है। ऐसे में कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अपार आईडी में मनोरा विकास खंड के बीईओ को प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए हैं। फरसाबहार में अपार आईडी कार्ड में प्रगति पर संतोष जाहिर किया। कलेक्टर ने जो बच्चे स्कूल नहीं आ रहा हैं उनके घर जाकर पालकों से सम्पर्क करके बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित की बात कही। अपार आईडी के लिए जिन बच्चों का आधार कार्ड नहीं बना है उनका आधार कार्ड बनवाने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बगीचा विकासखण्ड के स्कूलों में कमजोर परीक्षा परिणाम लाने वाले प्राचार्य के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त किए तथा व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने महादेवडांड, बगीचा, बिमड़ा, बरजोर, चौंगरीबहार, हथगडा, नकबार, दोकड़ा, हर्रापाठ, सोनक्यारी, सोगड़ा, आस्ता, अलोरी, कोतबा, खरसोता, गाला, लुड़ेग, शेखरपुर, बागबहार, सिंगीबहार आदि प्राचार्य को हिदायत देते हुए कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षा लगाकर बच्चों को परीक्षा की तैयारी करवाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद भटनागर, शासकीय उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्राचार्य विनोद गुप्ता सहित जिले के सभी प्राचार्य उपस्थित थे।

# डीएसपी शर्मा ने ली रक्षित केन्द्र बेमेतरा में पुलिस जवानों का जनरल परेड



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक कमल नारायण शर्मा के द्वारा रक्षित केन्द्र बेमेतरा परिसर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित पुलिस अधि./कर्म. के जनरल परेड़ का निरीक्षण किया गया। उप पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। जनरल परेड़ के दौरान उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) कमल नारायण शर्मा के साथ ही साथ रक्षित निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह, निरीक्षक प्रमोद शर्मा, उप निरीक्षक प्रवासी यादव, सहायक उप निरीक्षक छन्नूलाल ध्रुव, जहीर खान, जागेश्वर देशमुख, जितेन्द्र कुमार कश्यप एवं रक्षित केन्द्र, पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्टाफ एवं थाना/चौकी के अधिकारी/कर्मचारी परेड़ में सरिक हुये।

# मानवीय संवेदनाओं को साथ लेकर चलें चिकित्सक : राज्यपाल डेका




पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com


राज्यपाल रमेन डेका पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित व्हाइट कोट समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। चिकित्सक अपने ज्ञान को अद्यतन रखने के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं को साथ लेकर चलें। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में व्हाइट कोट समारोह को चरक शपथ ग्रहण समारोह के रूप में किया गया। चरक शपथ, प्राचीन भारतीय चिकित्सा के दो मूलभूत संस्कृत ग्रंथों में से एक, चरक संहिता में वर्णित एक प्रतिज्ञा है। नई शपथ महर्षि चरक के सम्मान में है, जिन्हें आयुर्वेद के प्राचीन विज्ञान और चिकित्सा ग्रंथ चरक संहिता के लेखक के प्रमुख योगदानकर्ताओं में से एक माना जाता है। समारोह में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को चिकित्सा नैतिकता की शपथ दिलाई गई। राज्यपाल डेका ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफेद कोट जो आप धारण करते है वह केवल परिधान नहीं है बल्कि सेवा, समर्पण और जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस सफेदी में कोई दाग नहीं आना चाहिए। कोशिश हो कि जानबुझकर कोई गलती ना हो। आज ली हुई शपथ जीवन भर आपका मार्ग प्रशस्त करती रहेगी। डेका ने प्राचीन भारत की चिकित्सा पद्धति का जिक्र करते हुए इस विषय से जुड़े अपने संस्मरण विद्यार्थियों से साझा किये। कोविड-काल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय की विभीषिका उन्होंने देखी है। उस दौर में चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी, नर्स एवं इस क्षेत्र से जुड़े लोगों ने जो सेवा का कार्य किया उसका कोई मुकाबला नहीं है। डेका ने कहा कि चिकित्सा का पेशा एक नोबल पेशा है लेकिन यह चुनौतियों से भरा है। साथ ही इसमें अपार संभावनाएं हैं और समाज के उत्थान का अवसर भी है। प्रत्येक क्षेत्र में शोध आधारित विकास की आवश्यकता है। चिकित्सा विज्ञान नये आविष्कारों और तकनीकी प्रगति के साथ आगे बढ़ रहा है। निर्णय लेने की क्षमता बढ़ानी होगी। आपकी मेहनत, अनुशासन और आपका सकारात्मक दृष्टिकोण आपकी पहचान बनायेगा और समाज में विश्वास का आधार तैयार करेगा। कार्यक्रम में डेका ने उत्कृष्ट विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने दिया। डॉ. अरविंद नेरल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर मेकाहारा के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, विद्यार्थी एवं उनके पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 32.29 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। राज्य में 14 नवम्बर से अब तक 32.29 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 6.80 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 6807 करोड़ 82 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने यहां बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 6 दिसम्बर को 66181 किसानों से 2.95 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 76378 टोकन जारी किए गए थे। राज्य सरकार धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर जारी किए है, जिसका नं. 0771-2425463 है। धान बेचने वाले कोई भी किसान इस हेल्पलाईन नम्बर पर फोन कर अपनी समस्यओं का समाधान कर सकते है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय हेतु किसानों द्वारा टोकन आवेदन समिति माड्यूल एवं टोकन तुहर हाथ एप्प के माध्यम से किये जाने की सुविधा प्रदाय की गई है। कुल टोकन आवेदन का 40 प्रतिशत समिति माड्यूल एवं 60 प्रतिशत एप्प के माध्यम से आरक्षित किया गया है। जिन कृषकों को एप्प के माध्यम से टोकन आवेदन करने में कठिनाई हो रही हो, वे समिति में आपरेटर के माध्यम से टोकन आवेदन करा सकते हैं।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403